# राज्य कर विभाग के तीन दर्जन कर्मचारी प्रोन्नत

जनसंदेश न्यूज

**आदेश जारी**

**प्रोन्नत कर्मचारियों को 28 जनवरी तक कार्यभार ग्रहण कराने का आदेश**

**वाराणसी जोन के 14 कर्मचारी शामिल है**

**वाराणसी।** राज्य कर विभाग में कार्यरत तीन दर्जन से अधिक कर्मचारियों को प्रोन्नत किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग लिपिकीय संवर्ग सेवा नियमावली-2014 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार, विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुति के आधार पर राज्य कर विभाग में कार्यरत करीब 43 प्रधान सहायकों को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर प्रोन्नत किय गया है। इसमें वाराणसी जोन के 14 कर्मचारी शामिल है। सभी प्रोन्नत कर्मचारियों की तैनाती विभिन्न जोन या कार्यालयों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष बाद में सुनिश्चित की जाएगी।

फिलहाल संबंधित नियंत्रक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पदोन्नत कर्मचारियों को उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर ही प्रशासनिक अधिकारी पद पर 28 जनवरी तक कार्यभार ग्रहण करा दिया जाए। यदि कोई कर्मचारी किन्ही कारणों से पदोन्नति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने का इच्छुक न हो तो उनसे उक्त आशय का पदोन्नति फोरगो प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मुख्यालय को उपलब्ध करा दिया जाए।

अपर आयुक्त प्रशासन मुख्यालय सुनील कुमार वर्मा के हस्ताक्षर से जारी आदेश के मुताबिक, यदि पदोन्नत कर्मचारियों में से किसी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत आरोप पत्र/नोटिस जारी हो, सतर्कता जांच/ईओडब्ल्यू जांच चल रही हो तो ऐसे कार्मिक पर यह पदोन्नति आदेश प्रभावी न मानते हुए उन्हें कार्यभार ग्रहण न कराया जाए और उसकी सूचना उनको तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा है कि यदि कोई प्रोन्नत कर्मचारी निर्धारित तिथि तक कार्यभार ग्रहण नहीं करता है तो उनकी पदोन्नति स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

## केवाईसी न कराने वाले सैकड़ों कार्डधारक राशन से वंचित

**वाराणसी।** दिसम्बर तक केवाईसी न कराने वाले सैकड़ों कार्डधारक चालू माह में अपने हिस्से के राशन से वंचित हो रहे हैं। ऐसे कार्डधारकों को इस बात की जानकारी तब हो रही है, जब वे अपने कोटेदार के यहां राशन के लिए पहुंचे। उनको बताया गया कि केवाईसी न कराने के चलते सूची में नाम नहीं है। दरअसल, जिले के समस्त राशन कार्डधारकों 31 दिसम्बर तक कार्ड पर उल्लेखित सभी सदस्यों का कोटेदार के यहां से केवाइसी कराना था। केवाईसी न कराने वाले सदस्यों का नाम राशन कार्ड से स्वतः निरस्त हो जाना था। आपूर्ति विभाग ने इस बाबत कई बार कार्डधारकों को सचेत किया था कि निर्धारित तिथि तक कार्ड के एक-एक सदस्यों का केवाईसी अवश्य करा ले। बावजूद इसके तमाम कार्डधारकों ने इस मामले में लापरवाही बरती और अब वे चालू माह में जब अपने कोटेदार के यहां पहुंच रहे है तो उनको पता चल रहा है कि उनका कार्ड सूची से ही गायब है और वे गेहूं, चावल पाने से वंचित हो गये हैं।

# ओटीएस की सफलता के लिए कर्मचारियों को किया जागरूक

**भेलूपुर में प्रदर्शन**

**बिजली कर्मचारियों का निजीकरण के खिलाफ तीसरे दिन भी आंदोलन जारी**

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर लगातार तीसरे दिन गुरुवार को बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं ने पूरे दिन काली पट्टी बांधकर निजीकरण का विरोध किया। इस दौरान भेलूपुर स्थित पुराने पावर हाउस परिसर में भोजनावकाश के दौरान प्रदर्शन कर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही ओटीएस की सफलता के लिए साथी कर्मचारियों को जागरूक भी किया।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने निजीकरण के लिए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने को टेंडर जारी कर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जबकि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने 20 सितंबर 2020 को विद्युत वितरण के निजीकरण के लिए एक स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का ड्राफ्ट जारी किया था। इस ड्राफ्ट पर सभी स्टेकहोल्डर्स की आपत्तियां मांगी थी। उल्लेखनीय है कि विद्युत मंत्रालय ने अभी तक स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के ड्राफ्ट को अंतिम रूप नहीं दिया है।

केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ड्राफ्ट पर आयी आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार कर रहा है। ऐसे में पावर कॉरपोरेशन की तरफ से निजीकरण के लिए आरएफपी डॉक्यूमेंट जारी करना पूर्णतया अवैधानिक है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी लगातार आन्दोलित हैं और वे किसी भी स्थिति में निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे।

सभा को मायाशंकर तिवारी, नरेंद्र वर्मा, विजय सिंह, राजेन्द्र सिंह, प्रकाशदेव पांडेय, अविनास कुमार, एसके सिंह, रामावतार आदि ने संबोधित किया।

# नगर निगम की नोटिस का विरोध

जनसंदेश न्यूज

**बार-बार नोटिस**

**कज्जाकपुरा सफाई बस्ती खाली कराने को निगम ने भेजा नोटिस**

**भीम आर्मी ने किया विरोध आवास आवंटन कराने की जिलाधिकारी से की मांग**

**वाराणसी।** कज्जाकपुरा स्थित सफाई बस्ती खाली कराने के लिए नगर निगम के भेजे गए नोटिस का भीम आर्मी ने विरोध किया है। जिलाधिकारी को दिए मांग पत्र में भीम आर्मी ने वहां रह रहे 45 घरों को जहां उजाड़े जाने की साजिश किए जाने का आरोप लगाया है,वहीं नगर निगम द्वारा बार- बार नोटिस भेजे जाने पर रोक लगाए जाने और पास में हीं आवास आवंटन कराने की मांग की है।

भीम आर्मी के शहर अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह वेदिह ने कहा कि सफाई बस्ती पहले कज्जकपुरा के सड़क पर थी, लेकिन सड़क चौड़ीकरण के नाम पर 2004 में निर्वतमान नगर आयुक्त ने बस्ती खाली करा दी और उसी जगह अन्दर में खाली पड़े स्थान पर यह अश्वासन के देकर रहने का निर्देश दिया था कि जल्द हीं नया जगह और नया घर दिया जाएगा, लेकिन नई जगह और नया घर मिलना तो दूर बल्कि उजाड़े जाने की साजिश हो रही है। शहर अध्यक्ष ने



बताया कि इसको लेकर न्यायालय में मामला विचाराधीन है, इसके बाद भी नगर निगम बस्ती खाली कराने के लिए बार- बार नोटिस दे रहीं है और बुलडोजर चलाने की चेतावनी मिल रही है। जो अनुचित और न्यायसंगत नही है। इस अवसर पर राजू भारती, संतोष कुमार, सदानन्द प्रसाद,सीमा वौध आदि लोग शामिल रहे।

## शिक्षक समस्याओं को लेकर डीआईओएस को सौंपा मांग पत्र

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता सुधांशु शेखर त्रिपाठी ने जनपद के शिक्षकों की समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र गुरुवार को डीआईओएस को उनके कार्यालय में सौंपा गया। इस मांग पत्र में मुख्य बिंदु एनपीएस खाते में विभिन्न प्रकार के सरकारी अंशदानों में नियमित अंशदान, ब्याज आगणन अंशदान, अवशेष पिछला अंशदान आदि को अतिशीघ्र जमा करने तथा एनपीएस खाते को अपडेट करने, जनपद के समस्त वित्तविहीन शिक्षकों की नियुक्ति शासनादेश 10/08/ 2001 के अनुसार कराने, सैकड़ों शिक्षकों का एरियर किसी का पांच वर्षों से तो किसी का दस वर्षों लंबित है, उनका एरियर का बिल विद्यालयों से लेकर एरियर भुगतान करना, जनपद के शिक्षकों का कार्य लंबित रहने से भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ती है अतः कार्यालय के बाहर सिटीजन चार्टर को फ्लैक्स लगाने की मांग की गई।

# भदैनी हत्याकांड में अकेली बची बुजुर्ग मां की सुनवाई 20 को

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भदैनी क्षेत्र में हुए सामूहिक हत्याकांड में पीड़ित परिवार की अकेली बची बुजुर्ग मां शारदा देवी के आवेदन पर सुनवाई अब 20जनवरी को होगी। पीड़िता के अजी पर पुलिस ने आख्या कोर्ट भेजी है। पिछले तिथि पर अपने दादी के आवेदन के संबंध में पोता ने शपथ पत्र दाखिल किया था। प्रकरण के अनुसार 5 नवंबर को हुए इस हत्याकांड में राजेंद्र गुप्ता, उनकी पत्नी नीतू, बेटे नमनेंद्र और सुवेंद्र के साथ-साथ बेटी गौरांगी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने विवेचना के दौरान मृतक राजेंद्र के भतीजे विशाल गुप्ता उर्फ विक्की को आरोपी बनाया । और उसके गिरफ्तार करने के लिए पहले गैर जमानतीय वारंट जारी किया पुलिस ने विशाल गुप्ता के फरार होने के कारण उसके खिलाफ कोर्ट से कुर्की की कार्रवाई के लिए आदेश लिया और मारे गए राजेंद्र गुप्ता के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा कर दी। इसके अलावा, मुहल्ले में डुगडुगी भी पिटवाई गई, जिससे पुलिस की कार्रवाई पर पिछले दिनों सवाल खड़ा करते हुए शारदा देवी ने कोर्ट में अपने अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी के माध्यम से एक आवेदन दायर किया था। जिसमें उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा कुर्की की नोटिस जिस मकान पर चिपकाई गई है, वह उनके मरे हुए बेटे राजेंद्र गुप्ता के नाम पर दर्ज है।

शारदा देवी ने कोर्ट से निवेदन किया है कि पुलिस उनके मकान की कुर्की की कार्रवाई को रोकने के निर्देश दे। उन्होंने बताया कि यह मकान उनका निवास स्थान है और वे इसके किराए से अपना जीवन यापन करती हैं। बुजुर्ग ने यह भी कहा कि पुलिस जिस विशाल कुमार गुप्ता को हत्या का दोषी मान रही है, उसका इस मकान से कोई संबंध नहीं है। शारदा देवी ने पुलिस की इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए कोर्ट से इस मामले में उचित निर्देश देने की अपील की है। इसके बाद आवेदन के समर्थन में शारदा देवी के पोता प्रशांत कुमार गुप्ता ने शपथ पत्र दिया था।

जिसपर बुधवार को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने आदेश हेतु सुरक्षित रख ली थी। मगर पुलिस आख्या आने के बाद अब सुनवाई के लिए अगली तिथि नियत कर दी।

## रेलवे ई टिकट बनाने में आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर

**वाराणसी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उतर रेलवे अभिनय जैन की अदालत ने अवैध रूप से अपने ईडी पर रेलवे ई टिकट बनाने के मामले में गोपालगंज बिहार निवासी आरोपी अर्जुन गुप्ता की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। कोर्ट में आरोपी की ओर से अधिवक्ता मनोज तिवारी ने पैरवी की।अभियोजन पक्ष के अनुसार 14 जनवरी को बाढ़ू बाजार कुशीनगर स्थित गुप्ता इंटरप्राइजेज दुकान पर आर पी एफ कप्तानगंज के एस ई अजय कुमार राय की टीम ने छापा मार कर अर्जुन गुप्ता को अवैध रूप से सात ई टिकट बनाने आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## संक्षेप

### सपा कार्यकर्ताओं ने जलाया चाइनीज मंझा



**रामनगर।** चाइनीज मांझे से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को लेकर समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन लगातार जारी है। गुरुवार को भी सपा कार्यकर्ताओं ने चाइनीज मांझे के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। विभिन्न जगहों से इकट्ठा किये गए मांझे को रामनगर दुर्ग के समीप आग के हवाले कर दिया। नेतृत्व कर रहे सपा नेता अश्विनी तिवारी और विनोद यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि चाइनीज मांझे के खिलाफ उनकी जंग तब तक जारी रहेगी, जब तक इसकी बिक्री पूर्णतया बंद नही हो जाती। प्रशासन को इसके खिलाफ और सख्त रवैया अपनाने की जरुरत है। चाइनीज मांझे के चलते न जाने कितने लोगों की जाने चली गई। कितने परिवार अनाथ हो गए। लेकिन चंद रुपयों की खातिर इसका व्यापार रुक नही रहा है। उन्होंने मांग की कि चाइनीज मांझे पर तत्काल रोक लगाई जाय और इसका व्यापार करने वालों को इतनी सख्त सजा दी जाय कि लोग मौत के इन धागों का व्यापार करने से पहले सौ बार सोचने के लिए बाध्य हों।

### अंग्रेजी के शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार लाने पर जोर

**वाराणसी।** सारनाथ स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए अंग्रेजी विषय के शिक्षकों की संगोष्ठी गुरुवार को संपन्न हुई। इसमें अंग्रेजी विषय पढ़ाने को लेकर शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार लाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर डा अमित कुमार दुबे ने कहा कि माध्यमिक शिक्षकों को अंग्रेजी विषय को लेकर सजग होना जरूरी है। इस विषय को विद्यार्थियों को सरल व सहज तरीके से पठन-पाठन कराएं और अंग्रेजी के प्रति उनकी रुचि बढ़ाएं। छात्रों के साथ बोलचाल में अंग्रेजी भाषा को इस्तेमाल में लाने की जरूरत है। संगोष्ठी का उद्घाटन प्राचार्य उमेश कुमार शुक्ला ने दीप जलाकर किया। इस दौरान विकास त्रिपाठी, राहुल पाठक सहित विभिन्न विद्यालयों के एक दर्जन शिक्षक शामिल हुए।

### लॉर्ड आदिविश्वेश्वर पुराने वाद में पक्षकार की अर्जी पर आदेश देर शाम तक नहीं आ पाया

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन (फास्ट ट्रैक) युगल शंभू की कोर्ट में गुरुवार को 1991 से लम्बित अतिप्राचीन स्वयम्भू लॉर्ड आदिविश्वेश्वर पुरानेवाद में योगेन्द्र नाथ व्यास की के पक्षकार बनाए जाने की अर्जी पर आदेश देर शाम तक नहीं आ पाया। संभवतः शुक्रवार को आने की संभावना है। बता दें कि पिछले तिथियों परवादमित्र विजय शंकर रस्तोगी व वादी रहे मृतक सोमनाथ व्यास के भतीजे योगेंद्र नाथ व्यास की ओर से अधिवक्ता पी एन मिश्रा की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने आदेश हेतु को तिथि नियत की गई थी।

### श्री हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 18 जनवरी को

**लोहता।** बजरंग नगर कस्बे में शनिवार 18 एवं रविवार को प्राचीन श्री हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का कार्य सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के आचार्य रितेश पाण्डेय करेंगे। सोमवार को सायं छ बजे से 9बजे तक भव्य श्रृंगार आरती एवं प्रसाद वितरण कार्य होगा। यह जानकारी अधिवक्ता त्रिलोकी नाथ दूबे ने देते हुए बताया कि वाराणसी-- भदोही मार्ग चौड़ीकरण में मंदिर को तोड़ दिया गया था लेकिन लोगों के सहयोग फिर से बनाया गया है।

### बस ने तोड़ा एलटी तार

**रोहनिया।** स्थानीय क्षेत्र के गंगापुर मार्ग पर गंगापुर की तरफ से आ रही बस की ओवर हाइट के कारण एल टी तार टूट कर गिर गया। तार गिरने से उक्त सड़क किनारे मौजूद दुकानदार बाल बाल बच गया। लेकिन बिजली कर्मचारियां का काम बढ़ गया। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मी तार को ठीक करने में जुट गए लेकिन बस चालक मौका देख कर भागने में सफल रहा। आए दिन संकरे मार्गो से भारी व ओवर हाइट की वाहन के कारण रोहनिया गांधी तिराहे पर जाम लग जाता है तथा उक्त मार्ग पर चलने से भय भी बना रहता है। उच्चाधिकारियों के दौरे के मद्देनजर ढांका गांव में दर्जनों सफाई कर्मियों की टीम लगा दी गयी जो मुख्य रोड से लेकर पूर्व ग्राम प्रधान के घर तक दिन भर साफ-सफाई में जुटे रहे।

# विवाहिता से दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ना में मिली राहत

जनसंदेश न्यूज

**कोर्ट का फैसला**

**अमन सोनकर को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए किया दोषमुक्त**

**वाराणसी।** विवाहिता से दहेज की मांग को लेकर मारने-पीटने, प्रताड़ित करने और पति द्वारा उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पति समेत चार आरोपितों को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) कुलदीप सिंह की अदालत ने मुकदमे के विचारण के बाद आरोप सिद्ध न होने पर जद्दूमंडी, लक्सा निवासी आरोपित पति अंकित सोनकर उर्फ रवि कुमार, ससुर मदनलाल सोनकर, सास मंजू सोनकर व देवर अमन सोनकर को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

वहीं इस मामले में एक अन्य आरोपित अगुआ राधे सोनकर की मृत्यु होने के बाद उसके खिलाफ सुनवाई समाप्त कर दी गई थी। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव व चंद्रबली पटेल ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता ने भेलूपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसकी शादी 28 फरवरी 2019 को जद्दूमंडी, लक्सा निवासी अंकित सोनकर उर्फ रवि के साथ हुई थी। शादी के बाद जब वह विदा होकर ससुराल गई तो उसके पति अंकित सोनकर के साथ ही उसके ससुर मदनलाल सोनकर, सास मंजू सोनकर व देवर अमन सोनकर दहेज में दस लाख रुपए की मांग को लेकर आए दिन मारने-पीटने व प्रताड़ित करने लगे। इतना ही नहीं, इस दौरान उसके पति उसके साथ बिना उसकी मर्जी के जबरन दुष्कर्म करते थे। विरोध करने पर उसके ससुराल वाले उसकी पिटाई करते थे। इस पर उसके मायके वाले उसकी विदाई करवाकर अपने घर ले आए। इसके कुछ दिन बाद ससुराल वालों के साथ अगुआ उसके मायके आकर दहेज की मांग करने लगे। जब उसके परिवार वालों ने असमर्थता जताई तो वे लोग विदाई कराने से इनकार कर दिए। इसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल वाले अपने दहेज की मांग पर अड़े रहे। थकहार उसने ससुराल वालों के खिलाफ भेलूपुर थाने में दुष्कर्म व दहेज प्रताड़ना समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। अदालत में विचारण के दौरान कुल तीन गवाह परीक्षित कराए गए। अदालत ने विचारण के दौरान पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के अवलोकन एवं गवाहों के बयान के आधार पर आरोप सिद्ध न होने पर सभी आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया।



## जंसा में अवैध चाइनीज मंझे के साथ युवक गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के लक्षिपुर (रामेश्वर) जंसा पुलिस ने अवैध चाइनीज मांझे के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जंसा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध चाइनीज मांझे के साथ एक युवक खड़ा है।

जिस पर विश्वास करके पुलिस ने उक्त गांव के प्राइमरी स्कूल के पास से झोला लिए पैदल जा रहे एक युवक को रोककर पूछताछ के बाद झूले को चेक किया तो उसके अंदर रखें छोटे बड़े कुल 31 पुड़िया एवं खुले चार बंडल अवैध चाइनीज मांझा पाया गया। वहीं पुलिस के पूछताछ में युवक ने अपना नाम आनंद बिंद उम्र 26 वर्ष पुत्र केवल बिंद निवासी लक्षिपुर (रामेश्वर) बताया पुलिस ने पुलिस ने धारा 125 223 293 5 एवं 15 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## अंधरापुल फुटवियर व्यवसायिक उत्थान समिति का प्रथम स्थापना दिवस सम्पन्न




जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अंधरापुल फुटवियर व्यवसायिक उत्थान समिति का प्रथम स्थापना दिवस और सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण तेलियाबाग स्थित एक कटरा में गुरुवार को सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि महापौर अशोक तिवारी ने व्यापारियों को एकजुट रहने व राष्ट्र के अर्थव्यवस्था में मजबूत योगदान देने वाला बताया। विशिष्ट अतिथि महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा ने कहा कि व्यापारिक हितों के लिए सदैव एकजुट रहना आवश्यक है। रजनीश कनौजिया ने कहा कि संगठन में वह ताकत है कि जिसकी बदौलत आप व्यापारिक हितों के लिए बड़े से बड़ा कार्य करा सकते हैं। अध्यक्षता दीपक कुमार ने की। संचालन महामंत्री मो. नवीज ने किया।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुखप्रीत सिंह, कोषाध्यक्ष रवि आनंद, संरक्षक अशोक कुमार जाटव, प्रभारी निरीक्षक चेतगंज दिलीप मिश्रा, तेलियाबाग चौकी प्रभारी मीनू सिंह सहित व्यवसायी सम्मिलित हुए।

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से नहीं मिले बीएचयू के कार्यवाहक कुलपति

प्रतिनिधिमंडल आक्रोशित, लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए हर संघर्ष जारी रखने का निर्णय

जनसंदेश न्यूज

**किया इनकार**

**मनुस्मृति प्रकरण में फर्जी मुकदमे की वापसी को लेकर 20 जनवरी को बैठक कर लेंगे बड़े आंदोलन का फैसला**

**वाराणसी।** बीएचयू में मनुस्मृति प्रकरण में छात्र-छात्राओं की रिहाई के बाद, फर्जी मुकदमों की वापसी और बीएचयू प्रशासन व यूपी पुलिस के दमनात्मक रवैये के सवाल पर जारी आंदोलन-अभियान के तहत गुरुवार को एक राजनीतिक-नागरिक-छात्र प्रतिनिधि मंडल कार्यवाहक कुलपति से मिलने सेंट्रल अफिस पहुंचा, कार्यवाहक कुलपति प्रतिनिधिमंडल से नहीं मिले।

छात्र छात्राओं पर लादे गए फर्जी मुकदमे और बीएचयू प्रशासन की किसी भी छात्र-प्रदर्शन पर दमनात्मक कार्रवाई को लेकर ही ये लोग वार्ता करने पहुंचे थे। पूर्व सूचना देने के बावजूद जब प्रतिनिधि मंडल सेंट्रल ऑफिस पहुंचा तो गेट पर ही सुरक्षाकर्मियों द्वारा रोक लिया गया और रेक्टर से मिलने से मना कर दिया गया। प्रतिनिधि मंडल ने अपना रोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की तानाशाही की



हद हो चुकी है। पिछले दिनों जब पुलिस आयुक्त से मिलने प्रतिनिधिमंडल पहुंचा तो वहां तीन घंटे इंतजार के बाद भी पुलिस आयुक्त नहीं मिले। वहां अपने मांग-पत्र को ऑफिस की दीवार पर चस्पा कर दिया गया था। वैसा ही रुख रवैया बीएचयू प्रशासन का भी है। रेक्टर से मिलने की पूर्व में सूचना देने के बावजूद मिलने नहीं दिया गया। आखिर प्रशासन को मिलने में क्या दिक्कत आ रही। उसका तो काम ही है कि जनता की बात सुने।

हर जगह पद पर बैठे लोग लोकतंत्र का गला घोंट रहे हैं। अपने पद को सत्ता की खुशामद में लगा दिया गया है। ऊपर से आ रहे आदेश का सिर्फ पालन किया जा रहा है। छात्र अधिष्ठाता को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधि मंडल ने यह कहा कि हम हतोत्साहित नहीं होने वाले हैं। जल्द ही हम सड़कों पर उतरने के लिए कमर कस चुके हैं और 20 जनवरी को बैठक में आंदोलन की दिशा तय की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, संजीव सिंह, फसाहत हुसैन बाबू, मनीष शर्मा (कम्युनिस्ट फ्रंट), राजेंद्र चौधरी (समाजवादी जनपरिषद), एसपी राय (भगतसिंह आंबेडकर विचार मंच), डा. निराला (पीएस4), रामजनम (स्वराज आभियान), प्रवाल सिंह (पीयूसीएल), सिद्धार्थ केसरी (यूथ कांग्रेस, प्रदेश सचिव), अंजनी (सपा), विनय (नागरिक समाज), मुकुल व ज्ञान प्रकाश (दिशा छात्र संगठन), संदीप और आदर्श (भगत सिंह स्टूडेंट्स मोर्चा), अनुपम, राम दुलार सिंह (भाकपा (माले), रोशन (आइसा), राहुल लकी एवं आयुष ( समाजवादी छात्र सभा) आदि शामिल रहें।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा आचार्य द्वितीय वर्ष परीक्षा सन् 2013 अनुक्रमांक 512692 का निष्क्रमण प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। सोमनाथ भण्डारी पुत्र श्री डिल्लीराम भण्डारी नि0-बलवंत आदर्श दुवां, देवगढ़, फैजाबाद।

पूर्व में मेरा नाम RAVILPATI SANYASI RAJU था। जिसे मैंने बदलकर R SANYASI RAJU कर लिया है। अब मुझे R SANYASI RAJU S/o Late RAVILAPATI JANYAQI RAO R/o S-19/131-A-25-1/5 ABHILASHA COLONY, VARUNAPUL, VARANASI-221002 के नाम से जाना व पहचाना जाय।

# वीडीए में लगा दो दिनी हेल्थ कैंप

पहले दिन 276 कर्मचाारियों ने कराई जांच, लिया परामर्श

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वीडीए में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। भारत विकास परिषद एवं वाराणसी ऑइ बैंक सोसाइटी के सहयोग से आयोजित कैंप में जहां पहले दिन 276 कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई,वहीं रोगों की पहचान के साथ हीं परामर्श भी लिया। कैंप में प्रमुख रूप से रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत अग्रवाल (गोल्ड मेडलिस्ट) एवं सर्जन डॉ. अजय अग्रवाल ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य की वखूबी जांच की।

इस दौरान डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और आँखों की परीक्षण किया गया। जिसमें कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति सदैव जागरूक रहने और समय समय पर जांच कराए जाने की सलाह दी गई। शिविर में कर्मचारियों के अलावा प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, उपसचिव देवचंद राम ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच कराया।



कंचन दुबे पत्नी वेद प्रकाश दुबे नि. बजरंग नगर लोहता वाराणसी; सम्पत्ति 1631 वर्गफीट आराजी- 276 चंदापुर, पर. दे०अ०, तह०-सदर वारा० की मालकिन है, इस मूल बैनामा का पिछला मूल बैनामा डीड कहीं खो गया है, जिसका विवरण है, 1 विक्रेता उमानाथ मिश्र क्रेती-नीलम राय पत्नी डा० ओंकार नाथ राय बहीनं0-1 जिल्द-1466 पृष्ठ 1/26 दस्तावेज 4962 दिनांक 26/09/2006 एस.आर.ओ. ॥ वारा० से क्रय किया है। एल.आई. सी एच एफ एल वाराणसी उपरोक्त सम्पत्ति पर गृह ऋण जारी कर रही है जिस किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्था को आपत्ती है तो सुचना प्रकाशन के 10 दिवस के भितर मेरे अधिवक्ता आशुतोष श्रीवास्तव 8858755319 से सम्पर्क करे अन्यथा समय सीमा बीतने के पश्चात किसी भी दावे के लिये एल.आई. सी एच एफ एल वाराणसी जिम्मेदारी न होगी।

वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0) 82060/inc.GST


चांदी (99.50) 93350/- प्रति किलो


चांदी सिक्का 110000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी भास्कर

# तैयारियां रहें फुलप्रूफ, 24 घंटे अलर्ट रहे प्रशासन

## सीएम योगी ने महाकुंभ को लेकर अफसरों को चेताया, प्रोजेक्ट्स की धीमी गति पर दिया कार्यदायी संस्थाओं को अल्टीमेटम

**किया आगाह**

### पुलिस को पेट्रोलिंग व वेरीफिकेशन में कोताही न बरतने की दी हिदायत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** काशी के दो दिनी दौरे पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के पलट प्रवाह को देखते हुए तैयारियों को फुलप्रूफ करने और राउंड द क्लॉक अलर्ट रहने की अफसरों को हिदायत दी। उन्होंने जिले में चल रहे कई प्रोजेक्ट्स का काम धीमा होने पर कार्यदायी संस्थाओं के अफसरों को अल्टीमेटम दिया। सीएम ने बहानेबाजी न करने और तेजी लाकर काम पूरा कराने का कड़ा निर्देश दिया। सीएम ने आटो रिक्शा, ई-रिक्शा चालकों, होटल, रेस्तरां समेत अन्य जगहों पर काम करने वाले लोगों का गहरायी से वेरीफिकेशन कर आश्वस्त होने के लिए आगाह दिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में जरा भी कमी न रहने देने और भीड़ नियंत्रण के लिए सतर्क रहने का अफसरों को निर्देश दिया। सीएम योगी ने गुरुवार को सर्किट हाउस में महाकुंभ की तैयारियों के साथ ही जिले में चल रहे विकास कार्य व कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में काशी आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा लेकर पुलिस अधिकारियों को सचेत किया। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा अलर्ट मोड पर रहे जिससे कोई भी घटना न हो। काशी आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के समुचित इंतजाम करने के लिए कहा। सीएम ने कहा कि व्यवस्था के नाम पर श्रद्धालुओं से किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए महिला पुलिसकर्मी, होमगार्ड, पीआरडी के जवानों को प्रशिक्षण देकर ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस को 24 घंटे पेट्रोलिंग करने के साथ ही ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, टैक्सी चालकों, स्ट्रीट वेंडरों, होटलों, हॉस्टलों, होम स्टे में ठहरने वालों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवांछनीय तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं होना चाहिए। सीएम योगी ने श्रद्धालुओं को अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी हिदायत दी। सीएम ने शीतलहर को देखते हुए श्रद्धालुओं के ठहरने के स्थानों पर अलाव के साथ ही शौचालय, साफ-सफाई, पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था और सुरक्षा के समुचित प्रबंध कराने के निर्देश दिया। सीएम ने स्पष्ट किया किया व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मुकम्मल इंतजाम के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंडों पर भी चुस्त- दुरूस्त व्यवस्था रहे जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी तरह कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस राजलिंगम, पूर्वांचल विद्युत वितरण के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार, वीसी वीडीए पुलकित गर्ग, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, सीडीओ हिमांशु नागपाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।






## बाबा विश्वनाथ का लिया आशीर्वाद, देखी व्यवस्था

**झुकाया शीश**

### काशी कोतवाल के दरबार में भी पहुंचे सीएम योगी

**वाराणसी।** काशी दौरे पर आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने बाबा कालभैरव व श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। सीएम ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के लिए किए गए इंतजामों का भी जायजा लिया। सीएम ने महाकुंभ के दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन- पूजन में कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने की अफसरों को हिदायत दी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अच्छा व्यवहार करने और धाम में सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मंदिर परिसर में प्रवेश से पहले कड़ाई से जांच- पड़ताल करने और चप्पे- चप्पे की निगरानी का भी सीएम ने निर्देश दिया।



### प्रोजेक्ट्स में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

जिले में चल रही कई परियोजनाओं की प्रगति संतोषजनक न होने पर सीएम ने अफसरों को इसमें सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण कराने और इन परियोजनाओ की नियमित मॉनीटरिंग का निर्देश दिया। शहर को प्लास्टिक फ्री व स्वच्छ रखने में आमजनों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी हिस्सा बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छता के मिशन को आगे बढ़ाने के लिये पूर्ण प्रयास किया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण के दौरान प्रभावितों को उचित मुआवजा दिये जाने के निर्देश दिया। गंजारी में बन रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए सीएम योगी ने वहां पार्किंग समेत अन्य आवश्यक कार्यों को निर्धारित समय अवधि में तेज गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### सीवर ओवरफ्लो मिला तो खैर नहीं

मुख्यमंत्री ने सीवर लीकेज के मामलों पर जल निगम (शहरी) व नगर निगम के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने सीवर संबंधी जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को अनसूना किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अफसरों को इसका स्थाई समाधान कराने का निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि शहर के किसी भी मोहल्ले, सड़क या गली में सीवरेज ओवरफ्लो की शिकायत नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने जल निगम (शहरी) से जुड़े अफसरों को को पेयजल व सीवरेज व्यवस्था में आमूल- चूल सुधार लाने का निर्देश दिया। जल निगम की पाइप लाइन बिछाने के लिए की गयी सड़कों की कटिंग को दुरूस्त कराने का निर्देश दिया।

### अराजकता फैलाने वालों पर करें कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने किसान यूनियन व ट्रेड यूनियन के नाम पर अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यूनियन के नाम पर लोगों को बरगलाने और भड़काने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। ऐसा करने वालों को चिह्नित किया जाए। ऐसे लोग समाज में माहौल खराब करते हैं जिसे कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम ने जेल में सजा पूरी कर चुके विचाराधीन कैदियों पर त्वरित निर्णय लेते हुए उनकी रिहाई की कार्रवाई को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया।

### मौनी अमवस्या से शिवरात्रि तक करें विशेष व्यवस्था

महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या से लेकर महाशिवरात्रि तक काशी आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए विशेष तैयारी करने का सीएम ने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे इसलिए व्यवस्था को हर तरीके से फुलप्रूफ कर लिया जाए। उन्होंने स्ट्रीट डॉग व छुट्टा पशुओं पर नियंत्रण रखने को नगर निगम को निर्देश दिया। सीएम ने काशी तमिल संगमम की तैयारियों के संबंध में कहा कि सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।

## शेल्टर होम में देखा इंतजाम लोगों से लिया फीडबैक

**जायजा**

### सीएम ने कैंट स्टेशन व टाउनहॉल में बने शेल्टर होम्स का किया निरीक्षण

### अफसरों से कहा- व्यवस्था में किसी तरह की कमी न हो

**वाराणसी।** मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैट व टाउनहॉल पर बनाए गए शेल्टर होम का निरीक्षण कर व्यवस्था को परखा साथ ही वहां ठहरे लोगों से फीडबैक भी लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था का अधिकारियों निर्देश दिया। शेल्टर होम में अलाव जलवाने के साथ ही वहां पर रहने वालों के लिए शौचालय, साफ-सफाई के साथ ही बिस्तर व कम्बल आदि की समुचित व्यवस्था कराने का सीएम ने निर्देश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठंड के दौरान खुले आसमान कोई भी सड़क किनारे न सोए। ऐसे निराश्रित लोगों को शेल्टर हाउस में रहने की व्यवस्था की जाय। सीएम ने शेल्टर हाउस में ठहरे लोगों से उनका हाल जाना। कैंट स्टेशन पर श्रद्धालुओं से भी बातचीत की और यहां की व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया।



### सीपी, डीएम ने दिया प्रेजेंटेशन

सीएम योगी ने जनपद में स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना व मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने का मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों की नियमित मानीटरिंग कर उसकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने महाकुंभ से संबंधित शेल्टर होम, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन विभाग की तैयारियों व निमार्णाधीन परियोजनाओं के प्रगति का प्रेजेंटेशन दिया। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने जनपद में कानून व्यवस्था, महाकुंभ के दृष्टिगत पुलिस विभाग की तैयारियों को बताया।

### वाराणसी-विंध्य क्षेत्र के कार्यों में लाए तेजी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजस्व के लंबित वादों का मेरिट के आधार पर निस्तारण कराने का निर्देश जिलाधिकारी को दिया। पूर्व में वरुणा रिवर फ्रंट को लेकर दिए गए निर्देशों को अमल में लाकर कार्रवाई तेज करने के लिए कहा। सीएम ने वाराणसी-विंध्य क्षेत्र के तहत प्रस्तावित कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से यह कार्य महत्वपूर्ण हैं इसलिए इसमें तेजी लायी जाए।

### हुक्का बार पर करें कड़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने नशा के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने के निर्देश देते हुए हुक्का बार आदि अवैध क्रियाकलापों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सीएम ने साइबर अपराधों से बचने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के लिए शिक्षण संस्थानों में इसके प्रति प्रशिक्षण व प्रचार- प्रसार कराने का निर्देश दिया।

## ठंड में सौरभ ने बांटे कंबल

**की मदद**

### कंबल पाकर निराश्रितों के खिले चेहरे

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कड़ाके की ठंड में कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने गुरुवार को बजरडीहा स्थित चौरा माता मंदिर, जक्खा में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों गरीब, असहाय और बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किया। इस अवसर पर वृद्ध, महिलाएं और दिव्यांगजन सहित कई जरूरतमंद लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलकी। लाभार्थियों ने विधायक को धन्यवाद देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और आशीर्वाद दिया। कंबल वितरण में पार्षद श्याम आसरे मौर्य, मल्लू गोंड, रामलखन बिंद, आशीष पाण्डेय, कमल चौरसिया, सोहन बिंद, देव कुमार बिंद आदि उपस्थित रहे।



## उद्यमी विकास में अहम भूमिका निभाने वाले सिपाही

**संबोधन**

### कैंट विधायक ने किया विक्रेता विकास कार्यक्रम व औद्योगिक प्रदर्शनी का शुभारंभ

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान और योगी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के प्रयासों से राज्य तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने उद्यमियों को देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले साहसी सिपाही बताया। कैंट विधायक ने बतौर मुख्य अतिथि गुरुवार को औद्योगिक आस्थान, चांदपुर में एमएसएमई-विकास कार्यालय में आयोजित दो दिवसीय विक्रेता विकास कार्यक्रम और औद्योगिक प्रदर्शनी का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। संयुक्त निदेशक लाल बहादुर सिंह यादव ने कार्यक्रम में वेंडर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, सार्वजनिक खरीद नीति और एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 129 केंद्रीय उपक्रमों ने अब तक 1.34 लाख करोड़ रुपये की खरीद की है, जो निर्धारित लक्ष्य से 15 प्रतिशत अधिक है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को सार्वजनिक खरीद नीति (पीपीपी) 2012 के तहत अधिक भागीदारी का मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी में बीएचईएल, एचएएल, एनटीपीसी, एनसीएल सहित कई सरकारी उपक्रमों और वित्तीय संस्थानों ने हिस्सा लिया। स्टालों पर विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान औद्योगिक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सचिव नीरज पारीख, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष राजेश सिंह, यूपिया के अध्यक्ष नवीन कपूर, सिमा के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, सहायक निदेशक आरके बरनवाल, अजय गुप्त, कुरील, निशित गौर, हिमांशु शेखर, उपेन्द्र कुमार मौर्य, अभिषेक कुमार, रोहित, रवि, दिव्या तिवारी आदि उपस्थित रहे।



## निरीक्षण में स्टाफ नर्स अनुपस्थित मिली

**गैरजिम्मेदारी**

### अपर निदेशक ने पीएचसी के निरीक्षण में पकड़ा

**चिरईगांव।** अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा.नीता कुलश्रेष्ठ ने गुरुवार को दोपहर बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरईगांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय प्रसव कक्ष में पहुंची तो वहां तैनात स्टाफ नर्स अलका पाण्डेय अनुपस्थित मिली। इसके बाद प्रसव हेतु आने वाली गर्भवती महिलाओं के विवरण अंकित करने वाले बीएसटी फार्म के बारे में पूछी।मौके पर उपस्थित पीएचसी प्रभारी डा०मनोज कुमार वर्मा ने भी अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि यह स्टाफ नर्स ही बता पायेगी। सुबह सात बजे हुए प्रसव वाली महिला को पूर्वान्ह ग्यारह बजे ही डिस्चार्ज कर दिये जाने को गंभीरता से लिया और बोली यह घोर लापरवाही है।और कहा तुम यहां क्या देख रहे हो।स्टाफ नर्स से इस बारे में स्पष्टीकरण मांगकर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दी।स्टाफ नर्स की तैनाती के बारे में भी पूछी।अपर निदेशक ने दवा वितरण,दवा स्टाक रजिस्टर, वाररूम, वैक्सीन के कोल्डचेन मेंटेन करने के लिए जनरेटर आदि की व्यवस्था के बारे में भी पूछी।पीएचसी पर साफसफाई ठीक नहीं होने पर नाराजगी जाहिर किया। एआरओ कर्णिका सिंह से सीएचओ की मानिटरिंग आदि के बारे में भी पूछी।एआरओ ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती है।कुछ सीएचओ कैमरा बंद कर देते हैं।उन लोगों का जनवरी माह का मानदेय रोकने हेतु लिखा गया है।पीएचसी प्रभारी ने स्टाफ नर्स को स्पष्टीकरण देने के लिए पत्र जारी किया है।

### चौड़ीकरण में अधिकारियों की मनमानी का विरोध

**रामनगर।** पड़ाव से रामनगर टेंगरा मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण करण में अधिकारियों के मनमानी का नागरिकों ने गुरुवार को विरोध किया। चंद्र प्रकाश मौर्य के नेतृत्व में उतरे नागरिकों ने कुछ देर तक रास्ते को भी अवरुद्ध कर दिया। नागरिकों का कहना था कि पड़ाव से टेंगरा मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग मुआवजे को लेकर पूरी तरह मनमानी कर रहा है। मनमाने ढंग से क्षतिपूर्ति दे रहा है। नौ मीटर के जगह तेरह मीटर ले रहा है। कहीं कहीं रसूल वाले लोगों की दुकानों को के पास नाली की सीधाई छोड़कर घुमाया भी जा रहा है। यही नही इसमें अधिकारियों मनमानी कर रहें है। कहीं ज्यादा तो कहीं कम चौड़ीकरण निर्माण किया जा रहा है। मुआवजे के नाम पर कोई भी अधिकारी कर्मचारी सीधे मुंह बात करने को भी तैयार नही है। जन संघर्ष समिति कई दिनों से गांधीवादी तरीके से आंदोलन चला रहा है। गुरुवार को विरोध प्रदर्शन के चलते लोनिवि द्वारा साहित्य नाका के पास सड़क की कार्यवाही को रोकते हुए प्रदर्शन भी किया।

## एचएमपीवी का मरीज मिलने पर हेल्थ विभाग गांव पहुंचा!



**चौबेपुर।** क्षेत्र के ढांका गांव में एचएमपीवी का मरीज मिलने की आशंका में बृहस्पतिवार को आनन फानन में प्रशासनिक अमला ढांका गांव में पहुंच गया।जानकारी के अनुसार ढांका गांव के पूर्व ग्राम प्रधान दीनानाथ पाण्डेय का स्वास्थ्य काफी दिनों से खराब चल रहा है। उन्हें बीएचयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच बृहस्पतिवार को बीएचयू से ही जानकारी मिली कि श्री पाण्डेय को एचएमपीवी के जैसे लक्षण दिखायी दे रहे हैं। सूचना पाकर सम्बंधित महकमे के हाथ पांव फूलने लगे। आनन फानन में जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपने मातहतों के साथ ढांका गांव पहुंच गये। साथ में सीएचसी चोलापुर के अधीक्षक व स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची।साथ ही पंचायत विभाग से डीपीआरओ आदर्श भी अपने मातहतों संग मौके पर पहुंचे।दोपहर लगभग एक बजे तक सम्बंधित प्रशासनिक अमला पूर्व ग्राम प्रधान के घर डटा रहा। हालांकि पूर्व ग्राम प्रधान व उनके परिजन बीएचयू में ही हैं। जैसे ही अधिकारीगण ढांका गांव से बाहर निकले वैसे ही जिलाधिकारी के आने की सूचना मिली । सूचना पाकर प्रशासनिक अमला पुनः ढांका पहुंच गया। सीएमओ ने बताया कि जानकारी मिली है कि मरीज में एचएमपीवी के लक्षण मिले हैं लेकिन अभी एचएमपीवी की पुष्टि नहीं हो सकी है।

## कैंट विधायक ने सुनी फरियाद



**जनसुनवाई**

### अफसरों को समस्याओं के निस्तारण का दिया निर्देश

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने महमूरगंज स्थित शिवाजी नगर जनसंपर्क कार्यालय पर गुरुवार को जनसुनवाई की। विधायक ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान निराला नगर, शिवपुरवा निवासी रंजीत बिंद ने अपनी पत्नी अंजू बिंद के गुमशुदा होने की शिकायत दर्ज कराई। विधायक ने सिगरा थाने के एसएचओ को प्रभावी ढंग से खोजबीन करने का निर्देश दिया। जक्खा, बजरडीहा निवासी पुष्पा देवी ने निराश्रित महिला पेंशन न मिलने की शिकायत की इस पर विधायक ने समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया। तुलसीपुर निवासी राधा देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलने की शिकायत की। विधायक ने पीओ डूडा को आवेदन की जांच कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। सुसवाहीं निवासी दिनेश यादव ने जमीन पर बाउंड्री निर्माण में बाधा की शिकायत की इस पर विधायक ने पुलिस आयुक्त को एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिया। इस दौरान कुशाग्र, अभिषेक व वैभव भी उपस्थित रहे।

# काशी में मोहन भागवत के खिलाफ नारेबाजी



**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के देश विरोधी बयान के विरोध में काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय छात्र संगठन इकाई (एनएसयूआई)के कार्यकर्ता गुरुवार को नारेबाजी करते हुए संघ प्रमुख की तस्वीर जलाने जा रहे थे, तभी पुलिस ने छात्रों को गिरफ्तार कर लिया।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय के गेट नंबर दो पर एनएसयूआई के कार्यकर्ता भागवत के बयान का विरोध करने जा रहे थे। तस्वीर जलाकर विरोध करने से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**विरोध के स्वर**

### पुतला फूंकने से पहले एनएसयूआई कार्यकर्ता किए गए गिरफ्तार

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पांडेय ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत देश की आजादी को लेकर जिस तरह का बयान दिए हैं वह विवादास्पद है। उनके बयान से संघी विचारधारा के लोगों की संकुचित और संकीर्ण मानसिकता का साफ-साफ पता चलता है। इनके इस बयान से देश की 140 करोड़ जनता का अपमान हुआ हैं, जिसका हम सभी नौजवान साथी विरोध करते हैं और आग्रह करते हैं कि हर वर्ग के लोग मोहन भागवत के बयान का विरोध करें। इस दौरान स्थानीय थाने की पुलिस ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के हाथ से मोहन भागवत की तस्वीर छीन ली और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। विरोध करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप पाल, जिलाध्यक्ष शशांक शेखर सिंह, इकाई अध्यक्ष गौतम शर्मा, गौरव पटेल, रोहित सानू, रविकांत शर्मा, प्रकाश पाल आदि उपस्थित रहे।

# अभाविप का परीक्षा नियंता कार्यालय पर धरना

**नाराजगी**

### बीएचयू में शोध प्रवेश नियमावली में अनियमितता व सीयूइटी पीजी प्रवेश में समस्या को लेकर किया विरोध



**वाराणसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीएचयू इकाई ने शोध प्रवेश नियमावली में अनियमितता और सीयूइटी पीजी प्रवेश में आ रही समस्याओं से संबंधित मांगों को लेकर गुरुवार को परिसर स्थित परीक्षा नियंता कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।

आरइटी श्रेणी में सभी पात्र अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करने, जून 2024 के परसेंटाइल स्कोर का 50 प्रतिशत और साक्षात्कार के 50 अंकों को जोड़कर अंतिम चयन सूची जारी करने, सीयूइटी पीजी में आवेदन करने वाले छात्रों को कोर्स चयन करते समय बीएचयू का विकल्प न दिखाई देने और छात्रों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय न होने तक आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे परिषद के विद्यार्थियों ने परीक्षा नियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। परीक्षा नियंता ने छात्रों की मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शोध संबंधी मांगों के लिए एक सप्ताह का समय मांगा और सीयूइटी पीजी की समस्या का समाधान रात तक होने की बात कही।

अभाविप काशी प्रांत के प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने शोध नियमावली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों की समस्याओं पर प्रशासन सिर्फ कमेटी कमेटी खेल रहा है। छात्रों के साथ अन्याय न हो, उन्हें उचित अवसर प्राप्त हो, इस निमित्त नियमावली में संशोधन अति आवश्यक है। इस पर शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए। बीएचयू इकाई के अध्यक्ष प्रशांत राय ने कहा कि शोध प्रवेश संबंधी नियमावली छात्र विरोधी और भेदभावपूर्ण है। जब तक छात्रों की मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक शोध प्रवेश में आवेदन की तिथि बढ़ाई जाए। सीयूइटी संबंधी छात्रों को आ रही समस्याओं के समाधान पर भी विश्वविद्यालय प्रशासन को सही रुख अख्तियार करना चाहिए। यदि हमारी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है तो हम उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। धरने के दौरान मंत्री भाष्करादित्य त्रिपाठी, प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह, अदिति मौर्या, सर्वेश सिंह, ओंकार, आशीर्वादम, उमेद, अभिषेक, यशवर्धन, रुक्मिणी, अदृश्य, पीयूष, व्योम, प्रभाकर, केशरी, गौरव, गजेंद्र, धीरेंद्र, वारिस, अश्विनी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### डॉ. नीरज को डॉ. आंबेडकर फेलोशिप राष्ट्रीय पुरस्कार



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अंग्रेजी विभाग के डा. नीरज सोनकर को डा. आंबेडकर फेलोशिप राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 पुस्कार मिला। बता दें कि यह पुरस्कार भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा देश के दलित-उत्पीड़ित और वंचित लोगों के उत्थान के लिए उनके द्वारा की गई सराहनीय साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सेवाओं के सम्मान में प्रदान किया जाता है। डा. नीरज सोनकर को यह सम्मान मिलने पर काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक आदि ने भी डा. नीरज की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### किसान अधिकार सम्मेलन 19 को

**पिंडरा।** पिंडरा तहसील के मानापुर (चनौली) में आगामी 19 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से वृहद किसान अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसकी सफलता के लिए किसानों का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मानापुर, रमईपुर, समोगरा, पिंडराई, बेलवा, रघुनाथपुर व कथौली गांव में जनसंपर्क कर किसानों से सम्मेलन में उपस्थित होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने का आह्वान किया। किसान नेता संतोष पटेल व आशीष पटेल ने बताया कि किसान अधिकार सम्मेलन में कई राज्यस्तरीय किसान नेता भाग लेंगे।

### काशी विद्यापीठ के कुलपति ने संकायों में देखी व्यवस्था



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने गुरुवार को विभिन्न संकायों का औचक निरीक्षण किया। प्रो. त्यागी ने समाज विज्ञान संकाय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय, समाज कार्य संकाय, विधि संकाय, वाणिज्य एवं प्रबंधशास्त्र संकाय तथा मनोविज्ञान विभाग का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारी-शिक्षक उपस्थिति पंजिका आदि जरूरी दस्तावेजों का परीक्षण किया। साथ ही छात्र सुविधाओं एवं कक्षाओं का भी जायजा लिया। कुलपति ने समय से कक्षाओं के संचालन का निर्देश दिया।

# विद्यार्थियों को स्टार्टअप शुरू करने को किया प्रोत्साहित



**प्रोत्साहन**

### काशी विद्यापीठ में हर प्रसाद गुप्त इन्क्यूबेशन फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में हर प्रसाद गुप्त इन्क्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस पर गुरुवार को सेंटर के कॉन्फ्रेंस हाल में स्टार्ट-अप जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के निदेशक प्रो. मोहम्मद आरिफ ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को खुद का स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस मौके पर फाउंडेशन से जुड़ी स्टार्ट-अप कंपनी हैप्पी लाईफ टेक्नोसॉफ्ट के निदेशक संदीप कुमार व इन्क्यूबेशन सेंटर के सर्वेंद्र कुमार खरवार ने विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप से संबंधित समस्याओं का समाधान करते हुए नवाचार की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अर्जुन, सुहानी रितिका, राजनंदिनी, धर्मेन्द्र, उत्कर्ष, गौरव, हर्षित, संजीव, सरस्वती अनामिका, मो. अनस, आयुषी, रानी, प्रियांशु, हर्षित, निहाल, साक्षी, नेहा, काजल, आनास, आयुषी, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### बीएससी टेक्सटाइल एंड हैंडलूम की सेमेस्टर परीक्षा 22 से

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के वस्त्र निर्माण एवं प्रौद्योगिकी विभाग में संचालित बीएससी टेक्सटाइल एंड हैंडलूम सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर की परीक्षा 22 जनवरी से शुरू होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकायाध्यक्ष डा. आशुतोष कुमार ने बताया कि परीक्षा एक फरवरी तक चलेगी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा कल

**पिंडरा।** गजोखर स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए 18 जनवरी को जनपद के 19 केंद्रों पर परीक्षा होगी। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डा. नागेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस बार कक्षा छह में प्रवेश के लिए 18 जनवरी शनिवार को सुबह साढ़े 11 बजे से डेढ़ बजे तक परीक्षा जनपद के 19 केंद्रों पर आयोजित होगी। इसमें कुल 7787 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर परीक्षा केंद्र पर नोडल अधिकारी की तैनाती भी की गई है। प्रत्येक परीक्षार्थी विद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाऊनलोड कर सकते हैं।

# निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ**

### वीडीए सभागार में आयोजित समारोह में सचिव ने दिलाया हलफ



**वाराणसी।** वीडीए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों को गुरुवार को शपथ दिलाई गई। जिसमें अध्यक्ष के लिए अनरूद्ध पाण्डेय,और महामंत्री पद पर शुशील कुमार उपाध्याय जहां निर्वाचित किए गए,वहीं विजय कुमार मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष,राजेन्द्र प्रसाद यादव उपाध्यक्ष और अनिल कुमार कोषाध्यक्ष बनाए गए जबकि गायत्री देवी संयुक्त मंत्री, शिवपूजन मिश्रा संगठन मंत्री, एवं राजेश कुमार शर्मा प्रचार मंत्री चुने गए। इस अवसर पर सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संघ के उद्देश्यों और कार्यों को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई। इस दौरान वीडीए के सचिव उा. वेद प्रकाश मिश्र ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके निर्वाचित होने पर जहां शुभकामना देते हुए कहा कि कर्मचाारी संघ का उद्देश्य कर्मचाारियों की रक्षा करना हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव परमानंद यादव, उप सचिव देवचंद राम, अधिक्षण अभियंता अजय पवार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिन्हा, महामंत्री अभिषेक सिंह,उप सचिव देवचंद राम,अधिक्षण अभियंता अजय पवार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिन्हा, महामंत्री अभिषेक सिंह तथा मनोनित सदस्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# वीडीए में लगा कैंप, मिलेगी कर्मचारियों को सुविधा

**व्यवस्था**

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

### तीस जनवरी तक किया जाएगा रजिस्ट्रेशन

**सब्सिडी का विवरण**

1.0 किलोवाट के लिए 45,000
2.0 किलोवाट के लिए 90,000
3.0 किलोवाट से लेकर 10.0 किलोवाट तक के लिए 108,000 की सब्सिडी केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जाएगी।

**वाराणसी।** पीएम सूर्य घर मुप्त बिजली योजना के तहत गुरुवार को वीडीए में कैंप लगाया गया। वीडीए में कार्यरत कर्मचारियों के लिए सोलर प्लांट लगाने हेतु जहां 30 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन किया जाएगा ,वहीं इस योजना से कर्मचारियों को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होगा और बिजली बिल में छूट के साथ सब्सिडी भी दी जाएगी। इसके लिए सभी नियमित,संविदा और पेंशनधारी कर्मचारियों को अपने घरों पर सोलर प्लांट लगाए जाने के लिए निर्देश दिए गया। रजिस्ट्रेशन के लिए बिजली का बिल जमा करना पड़ेगा और आधार कार्ड अनिवार्य होगा,वहीं मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। इस योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कुल 108000 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है।

# हैंडबॉल में महादेव को हराकर विद्यापीठ ने जीता खिताब



**स्पोर्ट्स**

### जीवनदीप महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय (पुरुष-महिला) हैंडबॉल प्रतियोगिता में पुरुष टीमों का मुकाबला आज

**वाराणसी।** बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप महाविद्यालय के खेलकूद मैदान में चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय (पुरुष-महिला) हैंडबॉल प्रतियोगिता 2024-25 के दूसरे दिन गुरुवार को महिला हैंडबॉल के निर्णायक मुकाबले में काशी विद्यापीठ ने 06-13 से महादेव पीजी कॉलेज को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

जीवनदीप शिक्षण समूह की वाइस चेयरमैन डा. अंशु सिंह व प्राचार्य इन्द्रेश चंद्र सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बता दें की बुधवार से शुरू महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमे फाइनल समेत कुल सात मैच हुए। शुक्रवार की सुबह 10 बजे से पुरुष टीमों का मुकाबला होगा। इस प्रतियोगिता में संरक्षक शैलेश त्रिवेदी, आयोजक सचिव उप प्राचार्य अमित सिंह, नंदा द्विवेदी, कोआर्डिनटर अल्का सिंह के अलावा खेल प्रशिक्षक डा. राजेश कुमार यादव, खेल प्रशिक्षक सुप्रिया सिंह व सभी विभागों के विभागाध्यक्ष शिक्षक व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# रोशन ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक



वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के रोशन मौर्य ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप में 60 किलोग्राम भार के व्यक्तिगत कुमिते वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक, हरियाणा में हो रही है। टीम कोच सेंसेइ अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि रोशन मौर्य ने पहले मैच में श्रीबालाजी यूनिवर्सिटी, पुणे के खिलाड़ी ओंकार मापारी को हराया। दूसरे मैच में तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ के खिलाड़ी आदित्य काले को हरा कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। सेमीफाइनल में रोशन चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी रिषभ से हार गए, जिससे रोशन मौर्य ने कांस्य पदक पक्का किया। टीम मैनेजर डा. राजेश प्रसाद एवं प्रभारी डा. अमरेंद्र सिंह हैं।

# स्टूडेंट्स का डाटा भेजने में देर न करें स्कूल

**निर्देश**

### सीडीओ ने छात्रवृत्ति के आवेदन फारवर्ड करने को दी हिदायत

### डाटा समय से न भेजने वाले शिक्षण संस्थानों पर होगी कार्रवाई



**वाराणसी।** छात्रवृत्ति योजना के तहत भरे गए आनलाइन आवेदन पत्रों को समय- सारिणी के अनुसार अग्रसारित करने की हिदायत सभी शिक्षण संस्थानों को सीडीओ ने दी है। सीडीओ ने शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों को छात्रवृत्ति संबंधित कार्यों में निर्धारित समय सारिणी का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। सीडीओ ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में जनपद के शिक्षण संस्थानों की बैठक की।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने पूर्वदशम् छात्रवृत्ति व दशमोत्तर छात्रवृत्ति को लेकर सवाल- जवाब किया। जिला समाज समाज कल्याण अधिकारी व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि पूर्वदशम् छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) के लिए विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को शिक्षण संस्थानों से 20 जनवरी तक फारवर्ड किया जाना है। इसी प्रकार दशमोत्तर कक्षाओं के आवेदन पत्र को संस्था स्तर से आनलाइन अग्रसारित करने के लिए पिछड़ा वर्ग के छात्रों का डाटा 18 जनवरी तक सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों का डाटा 25 जनवरी तक अग्रसारित करना है। सीडीओ ने सभी शिक्षण संस्थानों के छात्रों का डाटा निर्धारित समय में अग्रसारित न करने वाले शिक्षण संस्थानों की समीक्षा 23 जनवरी को करने का निर्देश दिया। अनुसूचित जाति व सामान्य वर्ग के छात्रों का डाटा छात्र के बायोमेट्रिक के बिना शिक्षण संस्थानों नहीं कर सकेंगे। बैठक में रजिस्ट्रार, बीएचयू, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, आईआईटी बीएचयू, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्य जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान सारनाथ व शिक्षण संस्थानों के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

### नेट पास अभ्यर्थियों को पीएचडी में मिले साक्षात्कार का मौका

**वाराणसी।** बीएचयू में नई पीएचडी नियमावली और निलंबन वापसी को लेकर कार्यवाहक कुलपति और छात्रों के बीच वार्ता हुई। छात्रों ने मांग रखी है कि एक सीट पर 10 की जगह नेट परीक्षा में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए। दिसंबर 2023 में भी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मौका दिया जाए। बीएचयू के केंद्रीय कार्यालय में कार्यवाहक कुलपति प्रो. संजय कुमार से छात्रों ने मुलाकात की। मांगों पर विचार कर उसे अमल में लाने के लिए सात दिन का समय लिया है। वार्ता में शामिल कुलसचिव, परीक्षा नियंता, छात्र अधिष्ठाता और चीफ प्रॉक्टर ने कहा कि छात्रों की समस्या का सकारात्मक हल निकाला जाएगा। छात्रों के निलंबन पर भी गंभीरता से चर्चा हुई। बैठक के बाद छात्रों ने छात्र अधिष्ठाता प्रो. एके नेमा को ज्ञापन देकर धरना समाप्त करने की घोषणा की। कहा कि यदि सात दिन में मांगें नहीं मानी गईं तो फिर से आंदोलन को बाध्य होंगे।

# द कल्चरल हेरिटेज की थीम पर होगी काशी यात्रा



**तैयारी**

### आईआईटी, बीएचयू में तीन दिन में आयोजित होंगे 60 से ज्यादा इवेंट्स, थीम और संदेश जारी

**वाराणसी।** आईआईटी-बीएचयू के सोशियो-कल्चरल इवेंट काशी यात्रा-55 की थीम जारी कर दी गई है। संस्कृति प्रवाहः द कल्चरल हेरिटेज की थीम पर काशी यात्रा के 60 से ज्यादा कार्यक्रम होंगे। काशी यात्रा की टीम ने अपने इंस्टाग्राम के ऑफिशियल एकाउंट से थीम और संदेश दोनों जारी किए हैं।

आईआईटी-बीएचयू के छात्र और छात्राओं ने कहा कि संस्कृति प्रवाह सिर्फ अपने इतिहास की ही गवाही नहीं देगा, बल्कि भविष्य को तय करने का एक दृष्टिकोण भी देगा। ये एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा है, जो कि संस्कृति, मानवता और दिव्यता के बीच एक लौकिक संबंधों को जोड़ेगा।

काशीयात्रा का आयोजन सात से नौ मार्च के बीच पूरे आईआईटी-बीएचयू कैंपस में होगा। यह आयोजन उत्तर भारत के सबसे बड़े कल्चरल इवेंट के तौर पर जाना जाता है। पिछले साल अक्टूबर में एडीवी ग्राउंड पर 2025 काशीयात्रा के लिए बॉलीवुड नाइट की थीम लांचिंग हुई थी। इसमें साहित्य, म्यूजिक और कलाकारों का तीन दिनों तक समागम होता है। कुल 360 से ज्यादा कॉलेज प्रतिभागी और 70 हजार से ज्यादा दर्शक और छात्र-छात्राएं जुटते हैं।

### गृह विज्ञान विभाग की शोध समिति की बैठक 21 को

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गृह विज्ञान विभाग में पीएचडी पंजीकरण के लिए शोध समिति की बैठक 21 जनवरी को होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अध्यक्ष डा. आशुतोष कुमार ने बताया कि बैठक में छात्र-छात्राओं का मौखिक एवं पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन होगा। बैठक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकायाध्यक्ष कक्ष में सुबह 11 बजे से होगी।

### सचिव को पदावनत कर किया बहाल

**वाराणसी।** बड़ागांव ब्लाक के ग्राम पंचायत कुरू के ग्राम पंचायत अधिकारी वीरेंद्र कुमार को मानक के अनुरूप अंत्येष्टि स्थल का निर्माण न कराने पर सीडीओ ने निलंबित किया था। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि वर्तमान में सचिव व प्रधान ने मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण करा दिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने यह कार्य पूर्ण होने पर ग्राम पंचायत अधिकारी कुरू को तत्समय कार्य पूर्ण न कराने पर मूल वेतन पर पदावनत करते हुए परनिंदा प्रविष्टि प्रदान कर सवेतन बहाल कर दिया गया है।

# कैंसर पीड़ित बच्चों को कंबल व अन्य सामग्री बांटी

**सहायता**

### आर्य महिला पीजी कॉलेज के तेजस्विनी महिला अध्ययन प्रकोष्ठ ने हर संभव सहयोग का किया वादा




**वाराणसी।** आर्य महिला पीजी कालेज के तेजस्विनी महिला अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा गुरुवार को सेंट जूड इंडिया चाइल्ड केयर सेंटर शेल्टर होम की ओर से महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर हॉस्पिटल में कैंसर पीड़ित बच्चों को कंबल एवं दैनिक उपयोग सामग्री का वितरण किया गया। सेंट जूड फाउंडेशन कैंसर पीड़ित बच्चों को सुरक्षित एवं स्वच्छ आवास,उपचार के लिए परिवहन, खाना पकाने की सुविधा और पौष्टिक राशन, मूल्य आधारित शिक्षा, मनोरंजन, बच्चों और अभिभावकों के लिए परामर्श जैसी सुविधा निशुल्क प्रदान करता है।

तेजस्विनी प्रकोष्ठ द्वारा बच्चों एवं अभिभावकों से संवाद स्थापित कर भविष्य में आर्य महिला पीजी कॉलेज की तरफ से वहां रहने वाले बच्चों एवं उनकी माता के कौशल विकास, शिक्षा एवं मनोरंजन के लिए महाविद्यालय की तरफ से छात्राओं को स्वयंसेवक के रूप में सप्ताह में दो दिन मेहंदी, नृत्य, गायन, वादन, पेंटिंग, न्यूट्रिशन आदि से संबंधित प्रशिक्षण देने के संदर्भ में विचार भी किया गया। इसके लिए कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रचना दुबे, प्रो.सुचिता त्रिपाठी, डा. नमिता सिंह, प्रो. जया मिश्रा, डा. सुनीता यादव, डा. अपर्णा पांडेय, डा. मीनाक्षी वाजपेयी, डा. सुमन तिवारी, वेद प्रकाश पांडेय, ध्रुव मित्रा, अनिल यादव, राकेश राय, आशीष सिंह, सुधाकर शुक्ला, कृष्णदास गुजराती का विशेष सहयोग रहा।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:-
निविदा सूचना संख्या: EL-MWS-GKP-2024-25-18, कार्य का विवरण: इन्सटालेशन आफ 500 के०डब्लू०पी० ऑन-ग्रिड (विदाउट बैट्री बैक-अप) सोलर रूफ-टॉप प्लान्ट ऐट न्यू एल०एच०बी० शाप एण्ड आयकल शाप शेड इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर प्रोपोज्ड इन अम्ब्रेला वर्क/2024-25, अनुमानित लागत: ₹2,63,81,690/-, बयाने की राशि: ₹ 2,81,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से: 12 महीना।
• आन लाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 07-02-2025 समय 11:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/(कार.)
मुजाधि/विद्युत-213 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

# केंद्रों पर तैनात होंगे 50 फीसदी बाहरी कक्ष निरीक्षक

**यूपी बोर्ड**

### परीक्षा के दौरान अपने पास मोबाइल नहीं रख सकेंगे शिक्षक

**बलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर 50 फीसदी आंतरिक और 50 फीसदी बाहरी कक्ष निरीक्षक रहेंगे। इसे लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से निर्देश जारी कर दिये गये है। यूपी बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगी। इसको लेकर तैयारियां चल रही है। परीक्षा को नकल विहीन कराना शासन की प्राथमिकता है। ऐसे में माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से प्रतिदिन निर्देश जारी किये जा रहे है, ताकि परीक्षा में कोई खामी न रह जाय।

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा कई नियमों में बदलाव किया गया है। इसके तहत ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षकों को क्यूआर कोर्ड वाला परिचय पत्र दिया जायेगा। इसमें नाम, ड्यूटी का स्थान, फोटो, विद्यालय का नाम, स्नातक का विषय, अध्यापन का विषय, पद, मोबाइल नंबर आदि जानकारी साझा की जायेगी। परीक्षा के दौरान कोई भी शिक्षक मोबाइल नहीं रख सकेगा। अगर किसी शिक्षक ने परीक्षा के दौरान अपने पास मोबाइल रखा तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद से लगातार दिशा-निर्देश दिये जा रहे है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में परीक्षा को संपन्न कराया जायेगा।

## कक्ष निरीक्षकों को जारी होगा क्यूआर कोड वाला परिचय पत्र

**बलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 163 केन्द्र बनाये गये है। इन केन्द्रों पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 1.26 लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा में फर्जी शिक्षकों की ड्यूटी रोकने के लिए सभी कक्ष निरीक्षकों को क्यूआर कोर्ड वाले कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र जारी होंगे। यह परिचय पत्र कक्ष निरीक्षक की पहचान, तैनाती के स्थान का नाम, फोटो, ड्यूटी स्थान, मोबाइल नंबर, विद्यालय का नाम, स्नातक एवं अध्यापन विषय आदि दिखायेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान स्टाफ को मोबाइल के इस्तेमाल की सख्त मनाही होगी। इसे जांचने के लिए सचल दल की जिम्मेदारी होगी। परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एचडी नाइट विजन कैमरे लगाये जायेंगे। ये कैमरे स्ट्रांग रूम के प्रवेश द्वार एवं अंदर की गतिविधियों की निगरानी करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि सभी केन्द्राध्यक्षों को जल्द कैमरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये है। प्रकाश, पेयजल, फर्निचर समेत अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं के लिए अवगत कराया गया है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके और परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।

## पांच से 10 किमी की परिधि में बनेंगे परीक्षा केन्द्र

**मदरसा बोर्ड**

### स्वकेन्द्र पर होने वाली परीक्षा में शामिल होंगी कम से कम 150 छात्राएं

**बलिया।** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को मदरसा परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र निर्धारित करने को पत्र लिखा है। मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार/निरीक्षक आरपी सिंह ने जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एसपी, सीडीओ, डीआईओएस, बीएसए समेत मदरसा के दो प्रधानाचार्यों को सदस्य और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को समिति का सचिव बनाया है।

रजिस्ट्रार ने कहा है कि परीक्षा केन्द्र पांच से 10 किमी की परिधि में हो। बैठने के लिए फर्निचर एवं दो परीक्षार्थियों के बीच चार फीट की दूरी होनी चाहिए। छात्र-छात्राओं के लिए अलग शौचालय, पानी की आपूर्ति के अलावा परीक्षा केन्द्र मुख्य मार्ग से जुड़ा हो। छात्राओं की परीक्षा स्वकेन्द्र पर हो, लेकिन छात्राओं की संख्या 150 से कम न हो। इससे कम होने पर पास के मदरसों को शामिल कर परीक्षा केन्द्र बनाये। स्वकेन्द्र की दशा में संबंधित मदरसे के प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं स्टाफ की ड्यूटी परीक्षा कक्षों में न लगाये। स्वकेन्द्र की सुविधा वाली छात्राओं के केन्द्र में वाह्य अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक के साथ कम से कम 50 प्रतिशत बाहरी स्टाफ लगाये जाय। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पांडेय ने बताया कि उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से इस वर्ष होने वाली परीक्षा को लेकर गाइडलाइन जारी की गई है। इसके अनुरूप परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## सोशल मीडिया पर नजर रखेगी शिक्षकों की टीम

### 163 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के होंगे सभी इंतजाम

**बलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने में बोर्ड इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। हर जिले में इंटरनेट के जानकार शिक्षकों की एक टीम बनाई जाएगी, जो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों की निगरानी करेगी। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अफवाह न फैल सके और विद्यार्थियों से किसी तरह का अनुचित लाभ न लिया जा सके, इस पर नजर रहेगी। टीम को कहीं भी अनुचित प्रतीत होता है तो वह डीआईओएस को सूचित कर परिषद तक सूचना भेजेगी। यूपी बोर्ड की परीक्षा में इस बार 1.26 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिसमें सर्वाधिक संख्या हाईस्कूल की है। इसके लिए 163 परीक्षा केंद्र निर्धारित किये गये हैं। सोशल मीडिया की निगरानी के लिए आईटी के जानकार शिक्षकों की मदद ली जा रही है, जिनके सहयोग से सोशल मीडिया पर माध्यमिक शिक्षा परिषद नजर रखेगा। इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब, व्हाट्सएप, एक्स और फेसबुक समेत अन्य सोशल साइटों पर वायरल होने वाली परीक्षा सामग्री की निगरानी करेगी। निगरानी सेल के अतिरिक्त ऐसे शिक्षक तैनात किए जाएंगे, जो आईटी में दक्ष होंगे और सोशल मीडिया की सभी साइट्स की 24 घंटे निगरानी करेंगे। प्रकरण की पूरी जानकारी से डीआईओएस और यूपी बोर्ड को भी अवगत कराना होगा। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया देवेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि बोर्ड की तरफ से साइबर निगरानी के लिए एक टीम गठित करने का निर्देश मिला है। यह टीम अफवाह और गलत सूचना सोशल साइट्स पर फैलने से रोकेगी। टीम में 100 शिक्षक होंगे, जो सीधे डीआईओएस को रिपोर्ट करेंगे। इस माह टीम गठित कर रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

# द्वाबा में फसलों को नष्ट कर रहीं नीलगायें

**कार्रवाई**

### नीलगाय को मारने पर खानी पड़ सकती है जेल की हवा



फसलों को नष्ट करती नीलगाय

**बैरिया।** महंगे खाद-बीज एवं हाड़तोड़ मेहनत के बावजूद किसानों के लिए खेती घाटे का सौदा बनकर रह गई है। इसके कई कारण हैं। इनमें से मुख्य है नीलगायों द्वारा फसलों को नष्ट किया जाना। किसान चाहकर भी इस पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। क्योंकि नीलगायों को मारने पर वन्य जीव अधिनियम अंतर्गत किसान को जेल की हवा खानी पड़ती है। द्वाबा के खेतों में दिनदहाड़े फसलों को नष्ट करते नीलगाय दिखाई देंगी।

नीलगायों के चलते ही द्वाबा क्षेत्र में अरहर, बर्रे, गन्ना सहित कई तरह के फसलों को यहां के किसानों ने बोना छोड़ दिया। क्योंकि मौका पाते ही नीलगाय इन फसलों को पूरी तरह चट कर देती हैं। वहीं, गेहूं, सब्जियां एवं अन्य दलहनी तथा तिलहनी फसलों की खेती करने वाले किसान कड़ाके की ठंड में भी खेत में झोपड़ी लगाकर नीलगायों को भगाने के लिए रतजगा करते हैं। फिर भी नीलगायें फसलों को नुकसान पहुंचा देती हैं। किसानों का कहना है कि यह इलाका बिहार की सीमा से सटा है। बिहारी किसान बेधड़क फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले नीलगायों को गोली मार देते हैं। वहां का प्रशासन किसानों पर कोई कार्रवाई नहीं करता। बिहार के किसानों के भय से उस क्षेत्र के नीलगाय उत्तर प्रदेश के दियारे में आ गए हैं। क्योंकि यहां कोई किसान उन्हें गोली नहीं मार सकता। क्योंकि उसे कानून का भय एवं पुलिस के डंडे का डर सताने लगता है। ऐसे में किसान क्या करें? यह उनकी समझ में नहीं आ रहा है। अगर नीलगाय को नहीं मारते हैं तो नीलगाय उनकी फसल नष्ट करती हैं। अगर किसान उन्हें मारते हैं तो पुलिस उन्हें पकड़ती है। फलस्वरूप किसान अपनी फसल को नीलगायों द्वारा रौंदते अपनी आंखों से देखते हैं। फिर भी कुछ नहीं बोल पाते। ऐसे में द्वाबा क्षेत्र में प्रतिवर्ष सैकड़ों एकड़ में खड़ी रबी एवं खरीफ की फसलें नीलगाय नष्ट कर देती हैं और किसानों का करोड़ों का नुकसान हो जाता है।

> नीलगायों को मारने के लिए वन विभाग एवं जिलाधिकारी के यहां से अनुमति दी जाती है। अगर किसान उन्हें या उप जिलाधिकारी कार्यालय में इस बाबत आवेदन पत्र देते हैं तो उसे जिलाधिकारी के यहां भेज दिया जाएगा। बिना किसी परेशानी के उन्हें अनुमति मिल जाएगी।
>
> **सुदर्शन कुमार, तहसीलदार, बैरिया**

## हल्की सिंचाई कर शीतलहर से फसलों का करें बचाव

**बलिया।** आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव, बलिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि पौधशालाओं कें पौधों एवं सीमित क्षेत्र वाले उद्यानों, नगदी सब्जी वाली फसलों में भूमि के ताप को कम न होने देने के लिए फसलों में हल्की सिंचाई करनी चाहिए।

नमी युक्त जमीन में काफी देरी तक गर्मी रहती है और भूमि का तापक्रम एकदम कम नहीं होता है। इस प्रकार पर्याप्त नमी होने पर शीतलहर एवं पाले से नुकसान की सम्भावना कम रहती है। वैज्ञानिकों के अनुसार सर्दी में फसल में सिंचाई करने से 0.5 डिग्री से दो डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ जाता है। जिन दिनों पाला पड़ने की संभावना हों, उन दिनों फसलों पर गंधक के तेजाब के 0.1 प्रतिशत घोल का छिड़काव करना चाहिए। इसके लिए एक लीटर गंधक के तेजाब को 1000 लीटर पानी में घोलकर एक हेक्टयर क्षेत्र में प्लास्टिक के स्प्रेयर से छिड़कें। ध्यान रखें कि पौधों पर घोल की फुहार अच्छी तरह लगें। छिड़काव का असर दो हफ्ते तक रहता है। अगर इस अवधि के बाद भी शीतलहर एवं पाले की संभावना बनी रहे तो गंधक के तेजाब को 15 से 15 दिन के अंतर से दोहराते रहें। सरसों, गेहूं चना, आलू, मटर जैसी फसलों को पाले से बचाने में गंधक के तेजाब का 0.1 प्रतिशत छिड़काव करने से न केवल पाले से बचाव होता है, बल्कि पौधों में लौह तत्व की जैविक और रसायनिक सक्रियता बढ़ जाती है। यह पौधों में रोग रोधिता बढ़ाने और फसल को जल्दी पकाने में सहायक होती है।

## आधुनिक ओटी का अभाव, मरीज परेशान

### ऑपरेशन के लिए मरीज जिला मुख्यालय या छपरा जाने को विवश

**बलिया।** सीएचसी सोनबरसा पर आधुनिक ओटी के अभाव में मरीजों का आपरेशन नहीं हो पा रहा है। इस सीएचसी पर 3.75 लाख की आबादी के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है। आपरेशन न होने के कारण मरीजों को 45 किमी दूरी जिला अस्पताल अथवा छपरा, बिहार जाना पड़ता है। सीएचसी सोनबरसा परिसर में ओटी के नाम पर एक कमरे में कुछ सर्जिकल एवं उपकरण है। इससे बड़े आपरेशन नहीं हो सकते है। उपकरण के अभाव में नेत्र रोग चिकित्सक पिछले एक साल में एक भी आंख का आपरेशन नहीं कर सके है। विभाग ने उनका वेतन रोक दिया है।

बैरिया क्षेत्र के मरीजों के बेहतर इलाज के लिए सोनबरसा में लगभग 29.30 करोड़ की लागत से राजकीय संयुक्त चिकित्सालय का निर्माण हो चुका है। कार्यदायी संस्था की लापरवाही से नये भवन में अब तक चिकित्सकीय सुविधा चालू नहीं हो पा रही है। अस्पताल के लिए पांच करोड़ से अधिक की आधुनिक मशीनें धूल फांक रही है। विभाग की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को उठाना पड़ रहा है। हाईड्रोसिल एवं मरहम पट्टी को छोड़ दे तो अन्य गंभीर मरीजों को आपरेशन के लिए निजी अस्पताल, छपरा अथवा जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। नये अस्पताल में 70 बेड एवं पुराने में 30 बेड कुल 100 बेड पर 20 चिकित्सक की तैनाती है, लेकिन मौके पर सिर्फ चार से पांच चिकित्सक ड्यूटी करते है। अन्य चिकित्सक दूसरे अस्पताल से अटैच है। नये भवन के आधुनिक ओटी में नई मशीनें इंस्टाल होगी। उसके बाद मरीजों को आपरेशन की सुविधा मिलेगी। जिला अस्पताल में बैरिया क्षेत्र से प्रतिदिन लगभग 20 से 25 मरीज ओपीडी में आते है। इसमें अधिकतर आपरेशन की आस में आते है। सीएचसी सोनबरसा के प्रभारी डा. राजेश सरोज ने बताया कि सीएचसी पर ओटी में कम जगह होने के कारण हाईड्रोसिल एवं छोटे आपरेशन किये जाते है। एनेस्थीसिया चिकित्सक महिला अस्पताल से अटैच है। संयुक्त चिकित्सालय भवन में स्थित ओटी शुरू होने के बाद नई मशीनें लगायी जायेगी।

# गरीबों-असहायों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य



फीता काटकर शिविर का शुभारंभ करते सुनील मिश्रा एवं चेयरमैन सरिता सिंह

**बोले सुनील मिश्रा**

### शिविर में जरूरतमंदों में वितरित किया आई ड्राप एवं चश्मा

**सहतवार।** स्थानीय नगर पंचायत के गढ़काली मंदिर के समीप अखंड ज्योति आई हास्पिटल के प्रशिक्षित डाक्टरों की टीम ने एक दिवसीय नेत्र शिविर का आयोजन किया। इसमें नगर पंचायत सहित आस-पास के गांवों के लोग भी शामिल हुए और अपनी आंखों की जांच कराकर डाक्टरों से उचित सुझाव लिया। श्रीराम सिंह (नेताजी) सेवा संस्थान के संस्थापक आनंद सिंह पिंटू ने आई ड्राप तथा चश्मा वितरित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सलेमपुर लोकसभा के वरिष्ठ समाजसेवी योगेश्वर सिंह के प्रतिनिधि सुनील मिश्रा तथा विशिष्ट चेयरमैन अतिथि सरिता सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटने के पश्चात नेताजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण करके किया।

मुख्य अतिथि सुनील मिश्रा ने अपने नेता योगेश्वर सिंह की बातों को आम जनमानस के समक्ष रखा। कहा कि मेरा हमेशा से ही सपना रहा है कि जरूरतमंदों की सेवा की जाए। यही सबसे बड़ी पूजा है। इतिहास गवाह रहा है कि जो लोग पैसे के अभाव में रहे, उन्होंने ही इस देश का नाम इतिहास के पन्नों में अंकित किया है। विशिष्ट अतिथि चेयरमैन सरिता सिंह ने कहा कि समाज में ऐसे भी लोग है, जिन्हें आज भी रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत है। मैं बधाई देना चाहती हूं कि आयोजन समिति के सोच को, जिन्होंने अपने प्रयास से इतना बड़ा आयोजन मेरे नगर के संपन्न कराया। इस मौके पर गणेश सिंह, परमात्मा नंद पांडेय, भरत प्रसाद, रघुवर प्रसाद, दिलीप सिंह, दीपक मिश्रा, अरुण पांडेय, सभासद राजेश्वर सिंह, सभासद रंजीत वर्मा, सभासद राजाबाबू सिंह, मंजूर अहमद, सफीक अहमद, अभिषेक पांडेय सोनू, जमशेद अहमद, झमन कन्नौजिया, धर्मात्मा सिंह, लाला चौहान, अशरफ अंसारी, अजीत दीक्षित, अजीत गुप्ता, छितेश्वर चौहान, रविकांत वर्मा इत्यादि मौजूद रहे। अध्यक्षता हीरालाल वर्मा तथा संचालन निलेश उपाध्याय ने किया। सभी का आभार आनंद सिंह पिंटू ने व्यक्त किया।

### विशिष्टजनों को अंगवस्त्रम से किया सम्मानित

सहतवार। श्रीराम सिंह (नेता जी) सेवा संस्थान के संस्थापक आनंद सिंह पिंटू ने नगर के 30 विशिष्टजनों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस दौरान श्री सिंह ने बताया कि नेत्र शिविर में 280 लोगों ने अपना नेत्र जांच करवाया। 80 लोगों को चश्मा वितरित किया गया। साथ ही आगामी 19 जनवरी को 52 लोगों का सेवा संस्थान द्वारा आपरेशन करवाया जाएगा।

# यज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



कलश यात्रा में रथ पर सवार महाराज जी



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

**लालगंज।** क्षेत्र के शिवपुर कपूर दीयर सेमरिया में अनन्त विभूषित कमलनयन ब्रह्मचारी के निर्वाण दिवस पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ एवं लक्ष्मी नारायण यज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकली। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। हवन एवं भण्डारा 20 जनवरी को होगा। यह दियरांचल की अद्भुत मठिया है। अनादि काल से ही अद्भुत संत श्रीश्री कल्याण दास जी महाराज, श्रीश्री जानकी दास जी महाराज एवं कमलनयन ब्रह्मचारी जी की तपस्या और भजन भाव से यहाँ का कण-कण जागृत है। वर्तमान समय में चौथे संत के रुप में श्रीश्री राधाकृष्ण ब्रह्मचारी जी मठिया परम्परा को अपने भजन भाव से अभिसिंचित कर रहे हैं। सच्चे दिल से जो भी भक्त यहां रमते है, उनकी मुराद पूरी होती है। यहां की मिट्टी से लोगों का कल्याण होता है। रामानुजाचार्य वैष्णव सम्प्रदाय का अति प्राचीन मठिया लालगंज-शिवपुर घाट के रास्ते गंगा तट के पास स्थित है। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के गगनभेदी जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। श्रद्धालु गंगा नदी से जल भरण के पश्चात पुनः मठिया पर पहुंचे, जहां विधि-विधान से कलश स्थापित किया गया।

# पीएम आवास के सर्वे को जल्द घोषित होगी तिथि

**सूची तैयार**

### पात्रता सूची के अनुसार सर्वे कर जिला प्रशासन को भेजी जायेगी रिपोर्ट




**बैरिया।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए पात्रता सूची के हिसाब से गांव में सर्वे के लिए कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है। इसमें ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी के अलावा लेखपाल एवं विभिन्न विभागों के अवर अभियंताओं को भी शामिल किया गया है। इसके लिए विभागवार गांव की सूची तैयार की गई है।

कर्मचारियों को अधिकतम तीन ग्राम पंचायतों का सर्वे एक सर्वे टीम द्वारा करना है। सर्वे टीम गांव में जाकर नई पात्रता सूची के अनुसार सर्वे कर रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजेगा। सर्वे में ब्लाक के सभी कर्मचारियों को ग्राम पंचायत का आवंटन हो गया है। सर्वे की तिथि घोषित होते ही कर्मचारी गांव में जाकर लाभार्थी पात्रता की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। सहायक विकास अधिकारी पंचायत उमेश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले नियम के अनुसार सर्वे का कार्य केवल ग्राम पंचायत में तैनात सचिव को ही करना होता था। लेकिन अब पात्रता सूची का सर्वे खंड विकास अधिकारी की देखरेख में होगा। किसी को पात्र बनाने के कारण का जिक्र किया जाएगा। सर्वे करने वाली टीम के साथ पात्र व्यक्ति का आवास और उसका फोटो लेना आवश्यक होगा। वहीं, किसी को क्यों अपात्र घोषित किया गया है? वह भी सर्वे में बताना होगा।

## संक्षेप

### निजी विद्यालयों में नहीं दिख रहा डीएम के आदेश का असर

**बैरिया।** कड़ाके की ठंड के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा कक्षा आठ तक के विद्यालयों को 18 जनवरी तक बंद करने का आदेश दिया गया है। बावजूद इसके क्षेत्र के कई निजी विद्यालय बच्चों को छुट्टी ना देकर जिलाधिकारी के आदेश के विपरीत पठन-पाठन जारी रखे हुए हैं। सुबह सबेरे ही विद्यालय के वाहन गांव में बच्चों को लेने के लिए पहुंच जा रही है। कड़ाके की ठंड में बच्चे ठिठुरते हुए विद्यालय आने को मजबूर है। उन बच्चों के साथ कोई दुर्घटना हो जाए तो उसका कौन जिम्मेदार होगा? यह पूछने पर उनके पास कोई उत्तर नहीं है। जानकार लोगों का कहना है कि फीस वसूली के लिए बच्चों को निजी स्कूल के संचालक स्कूलों में बुला रहे हैं। स्थानीय प्रशासन से जागरूक लोगों ने आग्रह किया है कि जिलाधिकारी के आदेश का अनुपालन निजी विद्यालय भी करें। इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### भाकपा माले का विद्युत उपकेन्द्र पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




**सिकंदरपुर।** सिकंदरपुर क्षेत्र में आर्थिक तंगी झेल रहे गरीबों का बिजली बिल माफ करने और 200 यूनिट फ्री बिजली देने की मांग को लेकर गुरुवार को भाकपा माले के नेता श्रीराम चौधरी ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ नगर भ्रमण किया। तत्पश्चात विद्युत उपकेंद्र सिकंदरपुर कार्यालय पर पहुंचकर भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उप विद्युत खण्ड अधिकारी सिकंदरपुर को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। इसमें प्रत्येक गरीब को 200 यूनिट फ्री बिजली देने, गरीबों पर थोपी गई विद्युत बिल को खत्म करते हुए पिछला बकाया बिजली बिल माफ करने एवं बकाया वसूली करने के लिए कनेक्शन काटने पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस अवसर पर भागवत बिंद, नियाज अहमद, दशरथ बिंद, आनंद बिंद, सरला, कोशिला, दुलारिया, शिव कुमारी, सावित्री, प्रदीप बिंद, मनीष, अजय, कृष्णा, रवि, सनमतिया, किरण देवी, दिलीप कश्यप, दुर्गावती देवी, कवलधारी बिंद, मोहम्मद मोहिद आलम आदि मौजूद रहे।

### एआई-वन से होगी वाहनों की फिटनेस जांच

**बलिया।** वाहन स्वामियों एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को वाहनों के फिटनेस जांच के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। अब वाहनों की फिटनेस जांच एआई-वन साफ्टवेयर से होगी। साफ्टवेयर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की क्षमता से लैस है। इससे पांच मिनट में वाहन के फिटनेस का विवरण मिल जायेगा। उप संभागीय निरीक्षक परिवहन राजभूषण चौधरी ने बताया कि अभी फार्म 20-38 भरना पड़ता है। इसके बाद वाहनों की आफलाइन फिटनेस जांच होती है। नये साफ्टवेयर से यह प्रक्रिया आसान होने वाली है। साफ्टवेयर को मोबाइल, टैबलेट और लैपटाप में अपलोड किया जा सकता है। जांच के लिए वाहनों को सिर्फ एक मिनट के लिए अपलोड साफ्टवेयर वाले गैजेट्स के कैमरे के दायरे में लाना होगा। यह वाहन की डिटेल उपलब्ध करा देगा। वाहनों का एक्स-रे कम समय में हो जायेगा। फिटनेस के लिए क्या करना होगा? इसकी जानकारी भी मिल सकेगी। नये साफ्टवेयर से लैस गैजेट्स संचालन का प्रशिक्षण लखनऊ में जनवरी के अंत तक हो सकता है। इसकी मदद से ऑन रोड वाहनों की फिटनेस जांच की जायेगी।

### पटरी दुकानदारों का अर्धनग्न प्रदर्शन




**बलिया।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं गरीब दुकानदारों पर ताबड़तोड़ बुलडोजर की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग और पुनः स्थापित करने की मांग को लेकर ठंड में पटरी दुकानदारों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। रोडवेज ओवरब्रिज के नीचे बुलडोजर से दुकानों को तोड़े जाने विरोध में धरना के सातवें दिन पटरी दुकानदारों ने अर्धनग्न होकर जिला प्रशासन का विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान वृद्धा अवस्था से लेकर उनके बच्चे भी इस धरना में शामिल हैं। धरना के आठवें दिन भी दुकानदारों से बात करने के लिये कोई भी अधिकारी नहीं आया। पीड़ितों ने कहा कि अगर मांग पूरी नहीं हुआ तो इसी धरना स्थल पर अपनी जान दे देंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुनः स्थापित करने की मांग को लेकर हम लोग लगातार अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। हमारी मांग है कि जब तक पुनः स्थापित नहीं होंगे, तब तक धरना जारी रहेगी। प्रदर्शन करने वालों में सुभाष चंद्र गुप्ता, नरेश प्रसाद, लक्ष्मण गुप्ता, कुंदन गुप्ता, सुनैना देवी, राजेश गुप्ता, अनुज गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, फूलमानी गुप्ता आदि शामिल रहे।

### किसानों को सरसों की अच्छा पैदावार होने की उम्मीद



**बैरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के खेतों में सरसों की फसल लहलहा रही है। सरसों के फूल के पीली चादर से ढके खेत देख किसान गदगद हैं। सरसों के पीले फूलों को देकर ऐसा प्रतीत होता है कि धरती पीली चादर से ढक गई है। किसानों का कहना है कि इस साल खेत में सरसों की फसल लहलहा रही है। सरसों के अच्छे पैदावार की उम्मीद है। क्षेत्र के धतुरी टोला, दोकटी, बाजिदपुर, मुरली छपरा, शिवपुर, बहुआरा, मुरारपट्टी, लक्ष्मण छपरा, शोभा छपरा सहित जयप्रकाश नगर के इलाके के बड़े भू-भाग में इस वर्ष सरसों की खेती किसानों ने की है। सरसों की फसल में पीले फूल खिले हुए हैं। फलिया भी आनी शुरू हो गई है। इसकी देखभाल में किसान जुटे हुए हैं। कृषि विभाग के अधिकारी सरसों की फसल को बीमारियों से बचाने के लिए कीटनाशकों का छिड़काव करने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए कई कीटनाशक दुकानों पर उपलब्ध होने के साथ-साथ ब्लाक मुख्यालय पर भी ऐसी कीटनाशक उपलब्ध है, जो सरसों की फसल को कीटों से बचाएगा।

### जिले में सात हजार से अधिक बच्चे कुपोषण से पीड़ित

**बलिया।** कुपोषण उन्मूलन के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही हैं। इसके बावजूद मासूम कुपोषण से जूझ रहे हैं। जिले में सात हजार से अधिक बच्चे कुपोषण से पीड़ित हैं। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से गर्भवती, धात्री महिलाओं और बच्चों को पुष्टाहार दिया जाता है। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए भोजन के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पूरक आहार देने की योजना है। साथ ही हाट कुक्ड योजना के तहत भी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को गरमागरम खाना परोसा जाता है। इसके बाद भी जिले में 7310 बच्चे कुपोषण से जूझ रहे हैं। इनमें से 1249 बच्चे अति कुपोषित और 6061 बच्चे कुपोषित की श्रेणी में हैं। जिले में कुल 26,9626 बच्चे पंजीकृत हैं। इनमें से 26,2097 बच्चों का विभाग की ओर से वजन कराया गया है। इनमें 7310 बच्चे कुपोषित चिह्नित किए गए हैं। जिले में 3471 आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिला और बच्चों को पूरक आहार दिया जाता है। लेकिन पिछले तीन महीने से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार भी नहीं आ रहा है। इससे बच्चों और धात्री महिलाओं को केंद्रों से निराश होकर लौटना पड़ता है। इस संबंध में डीपीओ कृष्ण मुरारी पांडेय का कहना है कि बच्चों को कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। किसी वजह से केंद्रों पर पूरक आहार नहीं आ सका था। जल्द ही केंद्रों पर पूरक आहार पहुंच जाएगा।

# गलन बढ़ने के साथ ठिठुर रहे लोग, अभी सर्दी से राहत नहीं

**गाजीपुर।** कड़ाके की ठंड से लोगों को निजात नहीं मिलती नजर आ रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक पहुंच गया। ऐसे में दिनभर गलन और ठिठुरन बढ़ने से लोग घरों में कैद होकर रह गए। जनवरी में ठंड तेज हो गई है। रोजाना मौसम में कुछ न कुछ बदलाव हो रहा है। कभी बूंदाबांदी की वजह से ठंड बढ़ जाती है तो कभी कोहरा व धूप न निकलने से लोग परेशान हैं। गुरुवार को सुबह से ही धूप नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे और शीतलहर से गलन बढ़ गई। इसके बाद जैसे-जैसे दिन ढलता गया, वैसे-वैसे गलन भरी ठंड बढ़ती गई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। मौसम के बदले मिजाज और गलन के साथ सर्द हवाओं से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठिठुरन भरी ठंड से लोग दुबके पड़े हैं।


अलाव के सहारे लोग।

# कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार, ठंड में यात्री हुए बेहाल

**मौसम की मार**

**स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस सात घंटे, सारनाथ एक्सप्रेस पांच घंटे लेट, कई सुपर फास्ट और सवारी गाड़ी भी देर से पहुंचीं**

**गाजीपुर।** देर शाम से सुबह तक कोहरे की चादर पांव पसार रही है। इससे गलन भरी ठंड बढ़ने के साथ आवागमन पर भी प्रभाव पड़ रहा है। कोहरे ने स्पेशल ट्रेनों के अलावा कई एक्सप्रेस और सुपर फास्ट ट्रेनों की गति धीमी कर दी। इससे ट्रेन अपने निर्धारित समय से पांच से 13 घंटे विलंब से सिटी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इन ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। उन्हें रेलवे स्टेशन पर घंटों बैठ कर ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। सिटी रेलवे स्टेशन जिले का मुख्य स्टेशन होने के कारण यहां से दर्जनों ट्रेनों का संचालन होता है। यहां से मुम्बई, दिल्ली, चेन्नई, जम्मू, कोलकाता, गुवाहाटी, अमृतसर, दुर्ग, गोंदिया के अलावा जयनगर, रक्सौल और नेपाल तक लोग ट्रेन पकड़ने आते हैं। इसके चलते सिटी रेलवे स्टेशन पर हर समय यात्रियों की भीड़ रहती है। गुरुवार को कोहरे और कड़ाके की ठंड के चलते नई दिल्ली-जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस, नई दिल्ली-बलिया एक्सप्रेस, पवन एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस विलंब से सिटी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इसके अलावा सवारी गाड़ियां भी अपने निर्धारित समय से काफी विलंब से पहुंची थीं। ट्रेनों के विलंब होने के चलते यात्री ठंड में काफी परेशान दिखे। स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने आए दीनानाथ शुक्ला, अभिजीत कुमार सिंह, बब्लू सिंह, दिवाकर पांडेय, राहुल कुमार ने बताया कि भीषण ठंड में ट्रेन के इंतजार में बैठे हुए हैं। ट्रेनें दस घंटे से अधिक समय तक विलम्ब से आ रही है।


सिटी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 12.45 घंटे, प्रयागराज-बलिया डीएमयू 4 घंटे, मुम्बई-बलिया कामायनी एक्सप्रेस 2.15 घंटे, बलिया-दिल्ली 3 घंटे, प्रयागराज-गाजीपुर डीएमयू 3.40घंटे, प्रयागराज-गोरखपुर स्पेशल 7 घंटे विलम्ब से पहुंची।

# दो चोर गिरफ्तार, छह मोटर साइकिल बरामद


गहमर पुलिस की गिरफ्त में बाइक चोर।

जनसंदेश न्यूज

**गहमर।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो चोरों को पकड़ा। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर एक स्थान से छह मोटर साइकिले बरामद की। दोनों चोर लंबे समय से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि बुधवार की देर रात को उपनिरीक्षक पुष्पेश चन्द्र दुबे कांस्टेबल विकास यादव, सतीश कुमार, राजेश सरोज, कांस्टेबल रामू कुमार के साथ भदौरा-दिलदारनगर नहर बाइपास मार्ग के फरिदपुर पुलिया के पास मौजूद होकर संदिग्ध व्यक्ति वाहन की जांच पड़ताल कर रहे थे।

इसी दौरान वहां से मोटर साइकिल पर सवार दो संदिग्ध लोग गुजर रहे थे। पुलिस ने उन्हें टार्च की रोशनी में रुकने का इशारा किया तो मोटर साइकिल सवार भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दौड़ाकर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने मोटर साइकिल चोरी कर भागने की बात को स्वीकार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनकी निशानदेही पर कुल 6 मोटर साइकिल बरामद की। पकड़े गये बदमाशों की पहचान सुल्तान अंसारी (24) पुत्र इमामुद्दीन अंसारी निवासी गांव उसियां(मुहल्ला सतिनरवा) थाना दिलदारनगर व लालू कुमार पुत्र सुब्बा राम निवासी गांव उसिया दलित बस्ती दक्षिण मुहल्ला थाना दिलदारनगर के रुप में हुई है।

पुलिस ने इनके पास से एक कारतूस व तमंचा भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि बदमाश चोरी के बाद मोटर साइकिलों को बिहार आदि जगहों में ले जाकर बेचते थे। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि दोनों चोरो के बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्जकर जेल भेज दिया गया।

# कोल्ड डायरिया और निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं बच्चे

## जिला अस्पताल में बच्चों को लेकर पहुंच रहे अभिभावक

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** हाड़ कंपाती सर्दी में बच्चे कोल्ड डायरिया और निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञों की ओपीडी में 165 बीमार बच्चे पहुंचे, जिनमें दस को भर्ती कराना पड़ा। नवजात बच्चों में पीलिया की समस्या अधिक है, बच्चा नर्सरी के सभी बेड फुल हो गए हैं।

सामान्य ओपीडी में 50 फीसदी से ज्यादा मरीज ऐसे हैं जो सर्दी लगने से बीमार पड़े हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.सुरेंद्र नाथ राय ने बताया कि सर्दी, गलन की अधिकता से बच्चे कोल्ड डायरिया और निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं, इस मौसम में वायरल बुखार, जुकाम, खांसी की चपेट में आने की भी आशंका रहती है। बच्चों, बुजुर्गों में शुरुआती दौर में ही इलाज मिल जाए तो निमोनिया से बचाव हो जाता है। लेटलतीफी से छाती में बलगम भरने लगता है। जो अनदेखी से निमोनिया बन जाता है।

उन्होंने बताया कि प्रतिरोधक क्षमता कम होने की वजह से बच्चों में सर्दी, खांसी होना आम है, पर इन बीमारियों के साथ तेज बुखार हो और पसीना निकले, सांस फूलने लगे, बच्चा रात में सो न सके, सूखी खांसी आए या दस्त होने लगे, उल्टी हो तो बिल्कुल भी देर न करें। डॉक्टर को दिखाएं क्योंकि यह निमोनिया और कोल्ड डायरिया का संकेत है। फिजिशियन डॉ.पीसी गुप्ता ने बताया कि कोहरा और कड़ाके की सर्दी में हृदय और अस्थमा रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे मरीजों को दवाओं के साथ सावधानी भी बरतनी चाहिए।

**कान और गले का बढ़ रहा संक्रमण**

ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ.संजीव सिंह ने बताया कि सर्दी के मौसम में कान, गला संक्रमण संबंधी मरीज बढ़े हैं। कान में खुजली होना, गले में खराश होना इस मौसम में सामान्य लक्षण है। इन रोगों के होने पर उपचार अवश्य लें, अन्यथा बीमारी बढ़ सकती है।

**सर्दी में इस तरह करें बचाव**

- ➪ सर्दी, खांसी है तो नाक, मुंह ढंकने के लिए रूमाल का प्रयोग करें।
- ➪ भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। हाथ धोते रहें।
- ➪ गुनगुना पानी, तरल पदार्थ का सेवन करें। पौष्टिक आहार लें।
- ➪ बच्चों, बुजुर्गों को ठंड से बचाएं। तबीयत बिगड़े तो डॉक्टर को दिखाएं।

# माध्यमिक स्कूलों में इस वर्ष 119 छुट्टियां

जनसंदेश न्यूज

**गहमर।** राजकीय और एडेड माध्यमिक स्कूलों में इस बार अवकाश, गर्मी की छुट्टी और रविवार की छुट्टी मिलाकर 119 दिन स्कूल बंद रहेंगे। माध्यमिक स्कूलों के लिए नए वर्ष का कैलेंडर जारी कर दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी सीताराम यादव ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने 31 दिसंबर 2025 तक के अवकाश का कैलेंडर जारी कर दिया है। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा का अवकाश बढ़ा है जो 12 मई को रहेगा। 21 से 30 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। पहले की तरह विशेष परिस्थिति में स्थानीय आवश्यकता के अनुसार विवेकाधीन तीन दिन अवकाश प्रधानाचार्य ले सकेंगे।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी।

**रेवतीपुर।** थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फरार आरोपी संदीप यादव निवासी साईंतबांध को उसके घर की घेराबंदी कर दबोच लिया, जो कहीं भागने की फिराक में था। दरअसल, विगत 13 जनवरी को रेवतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि पड़ोस के ही एक गांव निवासी युवक ने शादी की बात कहकर काफी दिनों तक शारिरिक शोषण करता रहा। कुछ दिनों बाद वह गर्भवती हो गई।

इसकी जानकारी जब आरोपी को हुई तो उसने उसे धोखे में रखकर उसका दवा कराने के बहाने गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया तो वह उसे बहला फुसलाकर घर लेकर आ गया। युवती ने बताया कि जब उससे शादी करने की बात कही तो आरोपी ने इंकार करते हुए कहा कि तुम किसी और से शादी कर लो मेरी शादी हो गई है। प्रभारी निरीक्षक पवन उपाध्याय ने बताया कि दुष्कर्म और गर्भपात कराने के मामलें में आरोपी को दबोच उसका चालान कर दिया गया। वहीं, पीड़िता का मेडिकल के लिए जिला मुख्ययालय भेंज दिया गया है।

## संक्षेप

### रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रक खराब, एक घंटे तक रुकी रही पैसेंजर ट्रेन



**दिलदारनगर।** वायरलेस चौराहा रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार को मऊ से रामनगर जा रही चावल लदी ट्रक अचानक बंद हो गई। इस वजह से ताड़ीघाट से दिलदारनगर आ रही 53644 पैसेंजर ट्रेन को आउटर सिग्नल पर करीब एक घंटे तक रुकना पड़ा। घटना से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, पैसेंजर ट्रेन सुबह 9:45 बजे ताड़ीघाट से दिलदारनगर के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन सरहुला रेलवे हाल्ट पर दो मिनट के ठहराव के बाद दिलदारनगर की ओर बढ़ी। उसी समय गेटमैन उमेश कुमार प्रजापति रेलवे फाटक बंद करने की तैयारी कर रहा था, तभी चावल लदी ट्रक रेलवे क्रॉसिंग पार करते वक्त अचानक बंद हो गई। इससे फाटक बंद नहीं हो सका। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट प्रभारी बाल गंगाधर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी मंगवाकर ट्रक को पीछे हटवाया। इसके बाद रेलवे फाटक को बंद कर पैसेंजर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### आधार केंद्रों की संख्या कम, लोगों की मुश्किलें बढ़ी




**गाजीपुर।** जिले में नया आधार कार्ड बनवाने और इसमें संशोधन करवाने के लिए रोजाना सैंकड़ों लोग केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। यहां पर वो घंटों बैठकर अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं, लेकिन उन्हें अगले दिन की तारीख देकर टरकाया जा रहा है। प्रत्येक केंद्र पर महज 20-25 लोगों के ही आधार कार्ड अपडेट हो पा रहे हैं। आधार केंद्रों की संख्या कम होने के कारण लोगों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। इस समय शहर में प्रधान डाकघर, बीएसएनएल कार्यालय परिसर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में आधार केंद्र संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों पर लोग 30 से 40 किलोमीटर दूर से पहुंच रहे हैं। दूरदराज से आने वाले लोगों को बार-बार वापस लौटना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि बच्चों के आधार अपडेट न होने से कई तरह की समस्याएं हो रही हैं। वहीं कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

### बनवासी समाज के साथ विधायक ने खाया दही-चूड़ा



**सेवराई।** प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह अपने पैतृक गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेवराई पर मकर संक्रांति (खिचड़ी) का त्यौहार बुधवार को दलित वनवासी समाज को दही चुड़ा खिलाकर गरीब असहाय वनवासियों को सहायता किया। वनवासी समाज के लोग अपने साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक ओमप्रकाश सिंह के साथ एक टाट पर बैठकर दही चूड़ा खाने पर फूले नहीं समा रहे थे। जबकि सांसद पत्नी डिंपल यादव का केक काटकर जन्मदिन भी मनाया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि मेरा दलित वनवासियों के साथ खिचड़ी मनाने व दही चूड़ा खाने खिलाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि अमीरी और गरीबी की खाई को पाट कर वनवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ना है। जिनका न कोई अपना है और न कोई सपना है ऐसे लोगों के साथ दही चुडा का आनंद ही दुनिया के सबसे बड़ा आनंद के अनुभव दिलाता है। उन्होंने कहा कि गरीब असहायों की सेवा से बढ़कर ना कोई धर्म है और ना ही कोई पुण्य है। इस मौके पर सदर विधायक जय किशन साहू, रामधारी यादव, मन्नू सिंह, प्रमोद यादव, सुभाष यादव, अशोक सिंह, नरेन्द्र सिंह, राहुल राज सिंह, रामप्रताप सिंह, बिपुल सिंह, अनिल यादव, गोपाल यादव, रविंदर यादव, शौर्य सिंह, सीमा यादव, विभा पाल, सूबा यादव विजय यादव दयाशंकर यादव, मनोज यादव संतोष कुशवाहा, औरंगजेब खां, रजनीकांत, धर्मेंद्र पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य केंद्रों पर लटक रहा ताला, मरीज बेहाल



**रेवतीपुर।** अंधारीपुर गाँव में लाखों की लागत से निर्मित दो स्वास्थ्य केंद्रों जच्चा बच्चा केंद्र और हेल्थ वेलनेस सेंटरो पर तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मियों के आए दिन गायब रहने से इन दोनों स्वास्थ्य केंद्रों पर ताला लटक रहा है। तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मियों की इस मनमानी के कारण ग्रामीण इलाके के मरीजों आदि को समय से दवा और इलाज न मिलने इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण दोनों स्वास्थ्य केंद्र महज शोपीश बनकर रह गया है। प्रेम प्रकाश, शैलेंद्र, राम भरोस, हरिदयाल, गंगादयाल, श्रवण आदि ग्रामीणों ने बताया कि यही नहीं इस गांव में स्थित दोनों स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ वेलनेस सेंटर और जच्चा बच्चा केंद्र स्वास्थ्य विभाग की उपेक्षा और देखरेख के अभाव में अब धीरे-धीरे खस्ताहाल अवस्था में जाता दिख रहा है। लोगों ने बताया कि जच्चा बच्चा केंद्र तो पूरी तरह से अपने बदहाली पर आसूं बहा रहा है।इसकी दिवारें,दरवाजे खंडहर में बदल चुके है। उसके ठीक बगल में स्थित हेक्थ वेलनेस सेंटर भी जर्जर होने लगा है,अगर यही हाल रहा तो यह स्वास्थ्य केंद्र भी बहुत जल्द ही जच्चा बच्चा केंद्र की तरह जीर्णशीर्ण हो जाएगा। यह दोनों स्वास्थ्य केंद्र इलाके के आठ गावों अंधारीपुर, अधियारा, रमवल, सोनवल, मतपुरवां, खजुहां, सुगवलियां, मिजार्पुर से जुडा है, जिसकी आबादी करीब तीस हजार है। सीएमओ डाक्टर सुनील पांडेय ने बताया कि ऐसे लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जांचकर कार्यवाई की जाएगी,साथ ही जल्द ही चिकित्सकीय सुविधाएँ बढाने के साथ ही जर्जर भवनों का कायाकल्प किया जाएगा।

# बैंक अफसरों और व्यापारियों के साथ हुई बैठक

जनसंदेश न्यूज

**मुहम्मदाबाद।** थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित महादेवा मंदिर के पास एक रिसॉर्ट में पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों ने कोल्ड स्टोरेज के मालिकों और अन्य व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैंक अधिकारियों ने व्यापारियों को उद्योग और बैंकिंग सेवाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दिया। पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रमुख दीपक सिंह ने कोल्ड स्टोरेज के मालिकों और व्यापारियों को बैंक द्वारा प्रदान दी जाने वाली सहायता और अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऋण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए बैंक हमेशा तत्पर तैयार है। वहीं, व्यापारियों ने अधिकारियों के साथ चर्चा कर विभिन्न बैंकिंग सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। मौके पर कुछ मुद्दों का समाधान भी किया। व्यापारियों ने क्षेत्रीय स्तर पर पंजाब नेशनल बैंक की नई शाखा खोलने की मांग की। ताकि स्थानीय क्षेत्र के लोग भी इसका लाभ उठा सकें। बैंक के अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में प्रपोजल भेजा जा चुका है। जल्द ही मुहम्मदाबाद पंजाब नेशनल बैंक की शाखा खोली जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रमुख दीपक सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह, मंडल प्रमुख अमित कुमार, गाजीपुर रौजा शाखा प्रमुख सौरभ पांडेय सहित आदि लोग शामिल रहे। संचालन नवीन सिंह ने किया।


मुहम्मदाबाद के महादेवा मंदिर स्थित रिसार्ट में बैठक में शामिल कोल्ड स्टोरेज मालिक व अन्य व्यापारी।

# युवती को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**बिरनो।** युवती को धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी चन्दन चौहान युवती को मोबाइल पर जबरन फोन कर डराया-धमकाया और उसकी फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि चंदन उसकी बेटी की शादी कहीं और न होने देने की धमकी देते हुए शादी तुड़वाने की कोशिश कर रहा था।


थाना बिरनो के प्रभारी निरीक्षक बिन्द कुमार ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ पहले से मामला दर्ज था, जिसमें वह फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर जयरामपुर चौराहा से उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। पुलिस की सक्रियता के कारण अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# संदिग्ध हाल में किराने की दुकान जली

जनसंदेश न्यूज

**सैदपुर।** थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किराने की दुकान में आग लग गयी। जिसके चलते दुकान में रखा लाखों रुपये कीमत का सामान और बिक्री के रखे गए हजारों रुपये जलकर राख हो गए। सूचना पर मौके पर हलका लेखपाल ने पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और रिपोर्ट भेजी।

गांव निवासी अंगद कुशवाहा पुत्र स्व सुरेश कुशवाहा ने गांव में ही मौजूद अपने अन्य मकान में किराने व जनरल स्टोर की बड़ी दुकान खोल रखी थी। रोज की तरह बीती रात में भी वो दुकान बंद करके घर चले गए। इस बीच आधीरात के बाद किसी तरह दुकान में आग लग गयी। दुकान में खाद्य सामग्री आदि होने से देखते ही देखते दुकान में रखा सामान धू-धूकर जलने लगा। घण्टों बाद पता चलने पर लोगों ने आग बुझाना शुरू किया। किसी तरह से शटर खोला गया। लेकिन पूरी तरह से आग बुझाने तक अंदर रखा करीब 4 लाख रुपये कीमत के आटा, दाल, चावल, तेल, मसाला, सब्जियां सहित किराने के सभी सामान व बिक्री के रखे करीब 50 हजार रुपये नकद जलकर राख हो चुके थे। सूचना पाकर भागते हुए पहुंचे पीड़ित रोने बिलखने लगा। इधर सूचना के बाद गुरुवार की दोपहर 12 बजे हलका लेखपाल मौके पर पहुंचे और नुकसान का आंकलन किया। इसके बाद उसकी रिपोर्ट भेजी। घटना के बाबत आशंका है कि किसी के द्वारा जान बूझकर भी आग लगाई जा सकती है। वहीं कुछ लोग शार्ट सर्किट से अगलगी की आशंका जता रहे हैं।


दौलतपुर गांव में जली दुकान।

# सोनबरसा गांव में भ्रष्टाचार के लगे आरोपों की जांच

## विकास कार्यों में ग्राम प्रधान और सचिव पर बिना कार्य कराए सरकारी भुगतान कराने की हुई थी शिकायत

जनसंदेश न्यूज

**कासिमाबाद।** विकास खंड के सोनबरसा गांव में विकास कार्यो में भ्रष्टाचार के लगे आरोपों की जांच को लेकर तीन सदस्यीय टीम पहुंची। टीम ने विकास कार्यों की बिंदुवार जांच की। दरअसल, शिकायतकर्ता ने खंड विकास अधिकारी को शिकायत पत्र देकर गांव में विकास कार्यों में ग्राम प्रधान, जेई सहित सचिव पर बिना कार्य कराए सरकारी भुगतान का आरोप लगाया था। खंड विकास अधिकारी ने जांच का आदेश दिया था। सोनबरसा गांव निवासी ओम प्रकाश यादव पुत्र जयराम यादव ने बीते सात जनवरी को खंड विकास अधिकारी से लिखित शिकायत कर आरोप लगाया था कि गांव में बिना कार्य किए ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से सरकारी धनराशि उतार ली गई है। उन्होंने साक्ष्य के तौर पर बिन्दुवार ऑनलाइन रिपोर्ट भी सौंपा था। खंड विकास अधिकारी यसवंत राव ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच का आदेश दिया था। बुधवार को को सोनबरसा गांव में जांच टीम पहुंची। टीम के पहुंचते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। शिकायत के आधार पर जांच टीम ने कच्ची नाली खुदाई, तिलक के पोखरा पर मनरेगा कार्य, गढ़ही खुदाई व खेत की समतलीकरण सहित विभिन्न बिंदुओं का स्थलीय निरीक्षण किया। जांच के दौरान ग्राम प्रधान पति संजय कुशवाहा व सचिव शिशिर सिंह मौजूद रहे। जांच टीम में एमआई अरविंद कुमार सिंह, एडीओ कृषि बृजेश बिहारी सिंह और लालजी गुप्ता रहे। जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता के आधार पर विभिन्न बिंदुओं पर जांच की गई। जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारी को भेज दी जाएगी। वहीं, ग्राम प्रधान पति संजय कुशवाहा से जांच के संबंध में जानकारी लेने के लिए सम्पर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।


सोनबरसा गांव में जांच करती तीन सदस्यीय टीम।

# गणेश चतुर्थी आज, महिलाएं रखेंगी निर्जला व्रत

**गाजीपुर।** संतान की लंबी आयु और निरोगी शरीर के लिए महिलाएं गणेश चतुर्थी का निर्जला व्रत शुक्रवार रखेंगी। रात के समय चंद्रोदय के बाद चंद्रमा को अ?र्घ्य देकर पूजा अर्चना कर महिलाएं व्रत तोड़ेंगी। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के कहने पर प्रजा के दीघार्यु होने के लिए धर्मराज युधिष्ठिर ने इस व्रत को किया था। माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश चतुर्थी व्रत के नाम से जाना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने संतान के दीघार्यु होने के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। बंसीबाजार राधेनगर के पंडित श्रीनिवास चौबे ने बताया कि इस बार यह पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा। व्रत करने वाली महिलाएं सुबह से स्नान करने के बाद भगवान गणेश का ध्यान कर व्रत का संकल्प लेंगी। पूरे दिन निर्जला व्रत रहने बाद शाम के समय रात्रि 8:44 बजे चंद्रोदय के बाद अर्घ्य देकर महिलाएं व्रत तोड़ेंगी। महिलाएं चावल, दूर्वा, शमी, बेलपत्र, गुड़, तिल से बने लड्डू, धूप, दीप नौवेद्य से गणेश जी की पूजा करेंगी। भगवान श्री कृष्ण ने बताया था कि इस व्रत की शुरूआत सतयुग में हुई थी।

# शिक्षक नेता रहे पूर्व एमएलसी ओम प्रकाश को दी श्रद्धांजलि


**गाजीपुर।** शिक्षक नेता और विधान परिषद सदस्य रहे ओमप्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि शिक्षक संघ ने मनाई। इस अवसर पर शिक्षक हितों के लिए ओमप्रकाश शर्मा के संघर्षों को याद किया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रदेश प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय ने शर्मा जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उनके जीवन काल की कई घटनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि शर्मा जी के आदर्श, उनकी नीतियां आज भी रास्ता दिखाती हैं। शर्मा जी के संघर्षों की बदौलत हमने बड़ी उपलब्धियां हासिल की शिक्षक समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा। संघर्ष दिवस पर पुरानी पेंशन, निशुल्क चिकित्सा सुविधा, समान कार्य समान वेतन पर आने वाले समय मे संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने कि कहा संघर्ष की रूपरेखा में सभी शिक्षक अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जिलाध्यक्ष अमित कुमार राय ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए शुरू किए गए संघर्ष को परिणति तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलामंत्री शैलेन्द्र सिंह यादव ने आज के समय मे संघर्ष के सहारे ही मांगो के फलीभूत होने की बात कही। इस मौके पर नारायण उपाध्याय, डॉ रियाज अहमद, रत्नेश कुमार राय, सूर्यप्रकाश राय, मनोज कुमार सिंह, उमेश कुमार राय, विष्णु शंकर पाण्डेय, शैलेन्द्र यादव, दीपक खरवार, अभिषेक राय, प्रदीप वैश्य, राकेश राय, अनिल दूबे आदि उपस्थित थे।


शिक्षक नेता पूर्व एमएलसी ओमप्रकाश शर्मा को याद करते शिक्षक।

## जनसंपादकीय

# बुद्ध के विचारों को 'आचार' में लाना जरूरी

तनवीर जाफरी



हमारा देश भारत को देवी-देवताओं,संतों-ऋषियों व फकीरों की धरती कहा जाता है। हमारे देश में अलग अलग युग व काल में अनेकानेक देवी देवताओं , महापुरुषों , समाज सुधारक, युग प्रवर्तक व धर्म प्रवर्तकों ने जन्म लिया है। इन महापुरुषों द्वारा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलते हुये विश्व को मानवता का सन्देश दिया गया है। ऐसे ही एक महान तपस्वी त्यागी तथा सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाते हुये पूरी मानवता को जीने की एक नई दिशा दिखाने वाले बौद्ध धर्म के प्रवर्तक भगवान गौतम बुद्ध का नाम भी सर्व प्रमुख है। बौद्ध धर्म कंबोडिया, म्यांमार, भूटान और श्रीलंका में राजकीय धर्म के रूप में अपना स्थान रखता है जबकि थाईलैंड और लाओस में बौद्ध धर्म को विशेष दर्जा हासिल है। चीन, हांगकांग,मकाऊ,जापान,सिंगापुर, ताइवान, वियतनाम,रूस व कलमीकिया में बौद्ध धर्म बहुसंख्य समाज द्वारा अपनाया जाता है जबकि उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, नेपाल और भारत में भी बौद्ध समुदाय की बड़ी आबादी रहती है। ईसा पूर्व 563 में नेपाल के लुम्बिनी में जन्मे महात्मा बुद्ध का पूरे विश्व में अपना प्रभाव छोड़ना और उनके अनुयाइयों का विश्वव्यापी विस्तार इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी है कि वे जनमानस पर अपनी असाधारण छाप छोड़ने वाले एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने पूरी इंसानियत को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने महत्वपूर्ण भाषणों में यहाँ तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ में अपने सम्बोधन में भी महात्मा बुध की शिक्षाओं का जिक्र करते रहे हैं। नवंबर 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि 'हम उस देश के वासी हैं जिसने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिये हैं। वे अनेक बार बुद्ध की सत्य और अहिंसा की नीतियों का उल्लेख महत्वपूर्ण मंचों से करते रहे हैं। लगभग 3 माह पूर्व प्रधानमंत्री ने दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस को संबोधित करते हुए भी यही कहा था कि 'दुनिया युद्ध में नहीं बल्कि बुद्ध में समाधान ढूंढ सकती है। दुनिया को शांति के रास्ते पर चलने के लिए बुद्ध की शिक्षाओं से सीखना चाहिए। ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं बल्कि एक जरूरत भी हैं।' इसी तरह पिछले दिनों एक बार फिर प्रधानमंत्री ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस-2025 का उद्घाटन करते हुए बुद्ध की शिक्षाओं को याद किया और कहा कि यह देश अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह बता पाने में सक्षम है कि भविष्य 'युद्ध' में नहीं, बल्कि 'बुद्ध' में निहित है।

**बुद्ध का कथन है कि -'जो लोग ज्यादा बोलते हैं वे सीखने की कोशिश नहीं करते जबकि समझदार व्यक्ति हमेशा निडर और धैर्यशाली होता है जो समय आने पर ही बोलता है'। यह भी बुद्ध का कथन है कि ह्लदूसरों की आलोचना करने से पहले, खुद की आलोचना करोह्व। परन्तु यहाँ तो गाँधी - नेहरू परिवार व खास समुदाय को कोसने से ही फुर्सत नहीं मिलती।**

सवाल यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दुनिया को युद्ध के बजाये 'बुद्ध' के शांति अहिंसा के विचारों पर चलने व उसे आत्मसात करने का बार बार जो 'उपदेश ' दिया जाता है स्वयं उनकी पार्टी के नेता उनके विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग क्या 'बुद्ध' की बताई गयी सत्य और अहिंसा की नीतियों का अनुसरण करते भी हैं या नहीं ? क्या हमारे देश में समय समय पर धर्म,समुदाय व जातियों के नाम पर होने वाली हिंसा और इसे भड़काने वाले नेताओं को बुद्ध की सत्य और अहिंसा की शिक्षा से प्रेरित कहा जा सकता है ? यह बुद्ध का ही तो कथन है कि 'भले ही चाहे कितनी अच्छी बातों को पढ़ लें या उन्हें सुन लें उसका तब तक फायदा नहीं है जबतक हम खुद उस पर अमल नहीं करते '। और यह भी बुद्ध ने ही कहा है कि 'बुराई करने वालों को हमेशा अपने पास रखो क्योंकि वही तुम्हारी गलतियां तुम्हें बता सकते हैं '। बुद्ध की इन शिक्षाओं के सन्दर्भ में बुराई करने वालों को तो छोड़िये सरकार की नीतियों की आलोचना करने वाले विपक्ष व मीडिया से सत्ता कैसे पेश आ रही है ?क्या यही बुद्ध की नीतियों का अनुसरण है ? मनमोहन सिंह जैसे काबिल व्यक्ति की खामोशी पर उन्हें 'मौन मोहन ' जैसे नाम दे दिये गये और अपनी लफ़्फ़ाजियों को 'ज्ञान वर्षा ' का मरतबा दिया जाता है। जबकि बुद्ध का कथन है कि -'जो लोग ज्यादा बोलते हैं वे सीखने की कोशिश नहीं करते जबकि समझदार व्यक्ति हमेशा निडर और धैर्यशाली होता है जो समय आने पर ही बोलता है'। यह भी बुद्ध का कथन है कि ह्लदूसरों की आलोचना करने से पहले, खुद की आलोचना करोह्व। परन्तु यहाँ तो गाँधी - नेहरू परिवार व खास समुदाय को कोसने से ही फुर्सत नहीं मिलती। साथ ही स्व महिमामंडन इतना कि स्वयं को 'अवतारी पुरुष' बताने से भी नहीं चूकते ? ऐसे राजनेताओं को बुद्ध का यह कथन जरूर याद रखना चाहये कि -'जो इर्ष्या और जलन की आग में तपते रहते है उन्हें कभी भी शांति और सच्चा सुख प्राप्त नहीं हो सकता है'। और यह भी कि-'आप तभी खुश रह सकते है जब बीत गयी बातों को भुला देते है'। परन्तु यहाँ तो गड़े मुर्दे उखाड़ कर ही अपनी राजनीति के परचम लहराये जा रहे हैं ?

इसी तरह म्यांमार के कट्टरपंथी बौद्ध भिक्षु अशीन विराथु को उनके कट्टरपंथी भाषणों व उनके हिंसक तेवरों की वजह से जाना जाता है। स्वयं को महात्मा बुद्ध का अनुयायी ही नहीं बल्कि बौद्ध भिक्षु बताने वाला यह शख़्स केवल आग ही उगलता रहता है। भारत की बहुसंख्यवादी राजनीति की तर्ज पर यह भी अपने भाषणों के द्वारा बौद्ध समुदाय की भावना को यह कहकर भड़काने का काम करता है कि मुस्लिम अल्पसंख्यक एक दिन देश भर में फैल जाएंगे। इसी कथित बौद्ध भिक्षु को लेकर टाइम मैगजीन ने अपने 1 जुलाई, 2013 के अंक में मुख्य पृष्ठ पर उसकी फोटो 'दि फेस ऑफ बुद्धिस्ट टेरर' या 'बौद्ध आतंक का चेहरा' जैसे शीर्षक के साथ प्रकाशित की थी ? स्वयं को बौद्ध भिक्षु बताने वाले इसी आतंकी अशीन विराथु ने म्यांमार में संयुक्त राष्ट्र की विशेष प्रतिनिधि यांगी ली को 'कुतिया' और 'वेश्या' कहकर सम्बोधित किया था। इस व्यक्ति पर अपने भाषणों के माध्यम से म्यांमार में लोगों को सताने की साजिश रचने व उनकी सामूहिक हत्या कराने का आरोप लगाया गया है। इस के उपदेशों में वैमनस्यता की बात होती है और इसका निशाना मुस्लिम खासकर रोहंग्या समुदाय ही होता है। हालांकि बर्मा के अनेक बौद्ध भिक्षु ऐसे भी हैं जो उसके वैमनस्य पूर्ण बयानों से नाखुश हैं। ऐसे भिक्षु साफतौर से यह कहते हैं कि 'उन्हें यह सब बहुत खराब लगता है। इस तरह के शब्दों का प्रयोग किसी बौद्ध भिक्षु को नहीं करना चाहिए।' इसी तरह पिछले दिनों श्रीलंका में कट्टरपंथी बौद्ध भिक्षु गालागोडाटे ज्ञान सारा को इस्लाम धर्म का अपमान करने और धार्मिक नफरत फैलाने के आरोप में नौ महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। 2018 में भी ज्ञान सारा को एक आपराधिक मामले में छह साल की सजा सुनाई गई थी। दरअसल महात्मा बुद्ध के विचारों की बात करना ही पर्याप्त नहीं बल्कि इन्हें अपने 'आचार' व व्यवहार में लाना भी उतना ही जरूरी है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्कः 9896219228 )**

# हिन्दुत्वः इतिहास एवं वर्तमान

## चर्चा



मिहिर रायचौधरी

भारतीय परम्परानुसार धर्म शब्द का अर्थ मध्यप्राच्य एवं यूरोप से सम्पूर्ण भिन्न है। एक सशक्त दार्शनिक आधारयुक्त हिन्दूधर्म, व्यक्तिकेन्द्रिक नहीं, बल्कि अनेक उपासना पद्धतियों का संगम है। कट्टर अब्राहमी धर्मों के विपरीत हिन्दूधर्म में देश-काल के अनुसार सुधार सम्भव है। सनातन परम्परा में इष्टदेव के नामानुसार पांच मुख्य उपासक समुदाय सौर, शैव, शाक्त, वैष्णव एवं गाणपत्य के साथ दक्षिण भारत में स्कंद पूजक भी हैं। प्राचीन काल में इनमें आपसी विरोध विकट स्थिति उत्पन्न कर देती थी। कालान्तर में सामंजस्य स्थापित होने पर, उपासना पद्धतियों में अन्तर होते हुए भी एक दूसरे के इष्टदेव का सम्मान करते थे । कपिल मुनि प्रणीत निरीश्वरवाद भी सनातन का ही अंग है। जैन एवं बौद्ध धर्मों के आगमनोपरान्त पुनः सामंजस्य की आवश्यकता पड़ी, अतः बुद्ध को भगवान विष्णु का अवतार माना गया तथा तीर्थंकर महावीर भी सम्मानित हुए; परन्तु गोसल, कालीकम्बली आदि निरीश्वरवादी प्रभावहीन हो गये। परवतीर्काल में हिन्दुओं में समन्वय का अभाव एवं जातियों की भ्रान्त व्याख्या के फलस्वरूप विभाजित समाज का लाभ विदेशी आक्रांताओं ने उठाया। इस्लामी तथा ईसाई धर्मावलम्बी साम्राज्यवादियों का स्वप्न भारत पर शासन करना था, अतः अनवरत आक्रमणों के द्वारा मुस्लिमों ने भारत पर अधिकार कर लिया। अपने उद्देश्य की सफलता हेतु वे हत्या, बलात्कार एवं बलात धर्मांतरण का सहारा लिये। अत्याचारित हिन्दू समाज परिस्थितियों से समझौता करने लगा। दिशाहीन हिन्दुओं में आत्मगौरव, नैतिकता, आदर्श एवं पराक्रम को पुनर्जीवित करने हेतु गोस्वामी तुलसीदासजी ने मयार्दापुरुषोत्तम राम को आदर्श जननायक के रूप में प्रस्तुत कर रामचरितमानस की रचना की। अतःपर हिन्दू संगठित होने लगे। अकबरी नियम ने मुगल शासन को कुछ वर्षों तक कायम रखा। हिन्दू भी आपसी भेदभाव मिटाने लगे। उदाहरणार्थ, बंगाल के जमींदार लक्ष्मीकांत गंगोपाध्याय ने सर्वपंथ-समन्वय हेतु 1610 ई० में बड़िशा में सर्वप्रथम एकसाथ मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, गणपति तथा कार्तिकेय की सवाहन प्रतिमायें बनाकर महिषासुरमर्दिनी के रूप में दुर्गा-पूजा की। यह पूजन सम्पूर्ण भारत एवं विदेशों में भी लोकप्रिय हुआ। मुगलों के कमजोर पड़ते ही यूरोपीय देशों की दृष्टि भारत पर पड़ी। अर्मेनिया, हालैंड, पुर्तगाल, फ्रांस तथा इंग्लैंड जैसे देशों में भारत पर कब्जा करने की होड़ मची, अन्ततः ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी सफल हुई। उन दिनों अनेक हिन्दुओं ने ब्रिटिश को मुस्लिम शासकों से बेहतर विकल्प माना था। पलासी के युद्ध में मीर जाफर ने दगाबाजी की, शोभाबाजार के राजा तथा जगतसेठ ने भी अंग्रेजों की सहायता की थी। 1765 ई० में दीवानी मिलने के पश्चात अंग्रेजों ने पूर्वी भारत के समस्त उद्योग-धंधों को नष्ट कर दिया। अत्यधिक कर-वसूली के कारण आम जनता का दैनिक जीवन दुष्कर हो गया, फलस्वरूप 1771ई० में भयंकर अकाल पड़ा। लगभग एक करोड़ लोग मरे। इस समय हिन्दू संन्यासियों ने भवानीचरण पाठक के नेतृत्व में अंग्रेजों के विरुद्ध मोर्चा संभाला, जो संन्यासी विद्रोह के नाम से विख्यात हुआ।

सम्पूर्ण भारत के लिए अत्यन्त दुर्दिन था। मुसलमान हथियार डाल चुके थे एवं हिन्दू जातपात और कुरीतियों में उलझे हुए थे। अंग्रेजों ने अपनी श्रेष्ठता साबित करना आरंभ किया और धर्मांतरण हेतु प्रोरचित करने लगे। इस समय राममोहन राय का जन्म हुआ। उन्होंने संस्कृत, अरबी, फारसी, ग्रीक, लैटिन, अंग्रेजी आदि भाषाओं में लिखित सभी धर्म ग्रंथों का अध्ययन किया तथा बाल-विवाह, बहु-विवाह, सती-प्रथा आदि का जमकर विरोध किया। वेद और पुराण का उद्धरण देते हुए इन सभी प्रथाओं को धर्म-विरुद्ध बताया एवं ब्राह्मसमाज की स्थापना की। उन्हें प्रगतिशील हिन्दुओं का समर्थन मिला। शाहआलम के पुत्र अकबर द्वितीय ने उनको राजा की उपाधि दी तथा लन्दन में मुगल सम्राट का प्रतिनिधि नियुक्त किया। राजा राममोहन राय ने अंग्रेजी-शिक्षा तथा स्त्री-शिक्षा को प्रोत्साहित किया। 1833 ई० में उनका देहान्त हो गया परन्तु उनके कार्य को ईश्वरचंद्र विद्यासागर आदि ने सम्हाला। हिन्दू क्रमशः अंग्रेजी-शिक्षा को अपनाये परन्तु आम मुसलमानों ने अपने को अंग्रेजी-शिक्षा से अलग रखा। ब्रिटिश शासन का विरोध जारी रहा, जिसका वहिःप्रकाश सन् 1857 ई० में हुआ। अंग्रेजी सेना ने विद्रोह कर दिया। उनका नेतृत्व रानी लक्ष्मीबाई, नाना साहब, तात्या टोपे, कुंवर सिंह, बख्त खान और बेगम हजरत महल ने किया; जबकि पंजाब, कश्मीर, हैदराबाद, त्रावनकोर और मैसूर के शासक तटस्थ रहे अथवा अंग्रेजों की सहायता किये। इस युद्ध में कोई हिन्दू मुसलमान नहीं था, सभी भारत के स्वतंत्रता-सेनानी थे। हिन्दू बहुसंख्यक होने के बावजूद, दोनों धर्मों के सैनिकों ने अन्तिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर को ही अपना नेता माना, जिन्होंने लिखा था कि 'मेरी यह दिली तमन्ना है कि जिस जरिए या कीमत से हो हिन्दुस्तान को फिरंगीयों से आजाद किया जाय..... मुझे उस शख्स की तलाश है जो अपने आप को पूरे हिन्दुस्तान का रहनुमा कह सके। उसके लिए मैं तख्त और ताज दोनों कुर्बान कर सकता हूं'। क्रान्ति विफल हुआ। तदुपरान्त महारानी विक्टोरिया ने भारत का शासनभार ग्रहण कर लिया।

हिन्दू समाज-सुधार जारी रहा, परन्तु कट्टरपंथी इस्लाम में सुधार सम्भव नहीं था। इन्हीं दिनों पं दयानन्द सरस्वती आविर्भूत हुए जिन्होंने सभी धर्मों के अध्ययनोपरान्त सिर्फ वेदों को सही ठहराया। उनके अनुसार पुराण, उपनिषद, बौद्ध, जैन, सिक्ख, ईसाई, इस्लाम सभी भ्रान्तियां फैलाते हैं। उन्होंने सत्यार्थप्रकाश नामक पुस्तक की रचना 1875 ई० में की एवं आर्यसमाज की स्थापना की। फलस्वरूप सभी उनके विरोधी हो गये और 1883 ई० में उनकी हत्या हो गई। इन्हीं दिनों मद्रास से 1878 ई० में 'द हिन्दू' साप्ताहिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ हुआ जो 1889 ई० में दैनिक समाचार-पत्र बन गया। यह पत्रिका ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आवाज उठाती थी। 1882 ई० में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर उपन्यास 'आनन्दमठ' और 'देवी चौधुरानी' लिखा जिसने भवानी पाठक को रातों रात नायक बना दिया। देश को भारतमाता के रूप में वंदना करते हुए 'वन्दे मातरम्' गीत ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध आन्दोलन का नारा बन गया। बंकिमचंद्र के शिष्य चन्द्रनाथ बसु ने सन् 1892 ई० में 'हिन्दुत्व- हिन्दुर प्रकृत इतिहास' लिखा और पहली बार हिन्दुत्व शब्द का प्रयोग किया जिससे सावरकर आदि प्रभावित हुए। स्वामी विवेकानंद ने 11 सितंबर 1893 ई० को शिकागो में विश्व धर्म-संसद में बिना निमंत्रण के पहुंचकर ऐतिहासिक भाषण दिया और विश्व में हिन्दुत्व का परचम लहराया। उन्होंने कहाः 'मैं एक ऐसे धर्म से संबद्ध होकर गर्व का अनुभव करता हूँ, जिसने दुनिया को सहिष्णुता और विश्वबंधुत्व का पाठ पढ़ाया? हम सभी धर्मों को सच मानकर स्वीकार करते हैं। हमें एक ऐसे देश से संबधित होने का गर्व है, जिसने धरती के सारे देशों और धर्मों के शरणार्थियों और पीड़ित लोगों को स्वीकार किया।'

हिन्दुत्व और पंथनिरपेक्षता एकाकार हो गया था। इस भाषण ने भारत में आत्मगौरव तथा आत्मविश्वास को नया आयाम दे दिया। भारत लौटकर स्वामीजी ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की और देशवासियों की सेवा में जुट गए। इन सभी घटनाओं के प्रभाव से 1902 ई० में क्रान्तिकारी संगठन अनुशीलन समिति की स्थापना हुई जिसे अरबिंदो घोष आदि ने नेतृत्व दिया। सावरकर ने भी 1904 ई० में अभिनव भारत नामक क्रान्तिकारी संगठन की स्थापना की और हिन्दुत्व शब्द को लोकप्रिय बनाया। ऐनी बेसेंट ने सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल तथा मालवीय जी ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की। इन सब घटनाओं के कारण मुस्लिम अभिजात वर्ग कहने लगा कि कांग्रेस एक हिन्दू दल है और मुसलमानों का शुभचिन्तक नहीं है। सर सैयद अहमद ने 1920 ई० में अलीगढ़ स्थित कालेज को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में परिवर्तित कर दिया। जिन्ना, जो पूर्व में हिन्दू मुस्लिम एकता के समर्थक थे और निराश होकर लन्दन जा चुके थे, आगा खां आदि के आमंत्रण पर मुसलमानों का नेतृत्व करने आये। हिन्दू और मुसलमानों के बीच दूरी बढ़ने लगी। गांधीजी इससे बेखबर नहीं थे। इसलिए उन्होंने खिलाफत आन्दोलन को समर्थन करने का निश्चय किया और वे सर्वसम्मति से खिलाफत आन्दोलन के मुखिया चुने गए। सम्भवतः हिन्दू मुस्लिम पास आते, परन्तु दक्षिण भारत के मोपला-विद्रोह ने दूरी बढ़ा दिया क्योंकि यह ब्रिटिश शासन सहित हिन्दू जमींदारों के विरुद्ध भी था।

केशव बलिराम हेडगेवार, जो अनुशीलन समिति के सदस्य थे, मेडिकल पढ़ने के साथ, बम बनाना सीखने 1910 ई० में कोलकाता गए थे। सशस्त्र क्रांति की कठिनाईयों को देखते हुए उन्होंने अनुशीलन समिति को त्यागकर मेडिकल की पढ़ाई पूरी की और कांग्रेस के सदस्य बने। 1921 ई० में आपत्तिजनक भाषण हेतु उनको एक वर्ष की कारावास हुई। तत्पश्चात मोपला विद्रोह और खिलाफत आन्दोलन से निराश होकर उन्होंने कांग्रेस छोड़कर 1925 ई० में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गठन किया जिसे हिन्दुत्व के विकास हेतु समर्पित किया; परन्तु स्वतंत्रता-आन्दोलन से दूरी बनाए रखा। डा० श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने हिन्दू महासभा की स्थापना की परन्तु कांग्रेस का समर्थन नहीं किया। 1948 ई० में अतिहिन्दुवादी द्वारा गांधीजी की हत्या से व्यथित होकर उन्होंने हिन्दू महासभा को भंग कर जनसंघ की स्थापना की जो अब भारतीय जनता पार्टी कहलाती है। स्वतंत्र भारत में पुनः हिन्दुत्व प्रासंगिक हुआ परन्तु इसका समर्थन, विरोध एवं रीतियां समन्वय हेतु न होकर सत्ता प्राप्ति के साधन बन गये हैं।

**( लेखक विज्ञान के शिक्षक एवं टिप्पणीकार हैं)**

**राजा राममोहन राय ने अंग्रेजी-शिक्षा तथा स्त्री-शिक्षा को प्रोत्साहित किया। 1833 ई० में उनका देहान्त हो गया परन्तु उनके कार्य को ईश्वरचंद्र विद्यासागर आदि ने सम्हाला। हिन्दू क्रमशः अंग्रेजी-शिक्षा को अपनाये परन्तु आम मुसलमानों ने अपने को अंग्रेजी-शिक्षा से अलग रखा। ब्रिटिश शासन का विरोध जारी रहा, जिसका वहिःप्रकाश सन् 1857 ई० में हुआ। अंग्रेजी सेना ने विद्रोह कर दिया।**

# कोचिंग के भ्रामक विज्ञापनों के सहारे भ्रमित छात्र

## प्रसंगवश



डॉ विशेष गुप्ता

अभी हाल ही में केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने भ्रामक विज्ञापनों को लेकर 45 कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी करते हुए 19 संस्थानों पर 61 लाख रुपये जुमार्ना लगाया है। साथ ही साथ उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण कोचिंग संस्थानों की गिरफ्त में आये कई छात्रों की फीस वापस कराने में भी सफल हुआ है। कोचिंग संस्थानों के भ्रमक विज्ञापनों के खिलाफ प्राधिकरण ने दिल्ली के बाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट पर सात लाख रुपये और शुभ्रारंजन आइएएस स्टडी संस्थान पर दो लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। इन दोनों ही संस्थानों पर यह जुमार्ना यूपीएससी व सीएएसई-2022 के परिणाम के संबंध में भ्रामक दावों का विज्ञापन देने पर लगाया गया है। इन दोनों ही संस्थानों ने अपने विज्ञापन में यूपीएससी की तैयारी करने वाले कोचिंग संस्थानों में खुद को पहलें स्थान पर प्रदर्शित किया था , जबकि बाजीराव व रेड्डी संस्थान के 933 में से चयनित हुए 617 छात्रों ने इस संस्थान के सहयोग के बिना ही प्रारम्भिक व मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। इस संस्थान ने इस तथ्य को छिपाकर भ्रामक विज्ञापन दिये थे। दूसरे शुभ्रारंजन आइएएस स्टडी संस्थान को तो भ्रामक विज्ञापन के चलते तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश भी उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने दिया है। इस संस्थान ने 2023 के यूपीएससी व सीएएसई के परिणाम के संबंध में अपने विज्ञापन में भ्रामक दावों को प्रदर्शित किया था।

इन कोचिंग संस्थानों से जुडी जानकारी जुटाने पर ज्ञात हुआ कि आज देश में तकरीबन सात करोड़ से भी अधिक छात्र कोचिंग संस्थानों से जुड़े हैं। इनमें चार करोड़ लड़के और तीन करोड़ के लगभग लड़कियॉ हैं। ऑकड़ों से यह भी खुलासा हुआ कि पहले कोचिंग की यह संस्कृति केवल अमीर घरों तक सीमित थी। परन्तु देखने में आ रहा है कि अब अल्प आय वर्ग वाले परिवार भी अपने बच्चों को कोचिंग दिलाने में पीछे नहीं हैं। इससे जुड़े ऑकड़े भी बताते हैं कि शहरी इलाकों के सम्पन्न परिवारों में 38 फीसदी तथा गरीब परिवारों में 30 फीसदी बच्चें कोचिंग का सहारा ले रहे हैं। एनजीओ प्रथम की रिपोर्ट भी बताती है कि वर्तमान में कक्षा एक से आठवीं तक की कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे सरकारी स्कूलों में 31 फीसदी तथा प्राइवेट स्कूलों के 30 फीसदी प्राइवेट कोचिंग के लिए जाते हैं। कहना न होगा कि विगत एक दशक में कोचिंग लेने के प्रवृति में 25 फीसदी से भी अधिक की बढ़ोत्तरी हुई है।

कोचिंग के बढ़ते इस कारोबार को लेकर पिछले दिनों कुछ प्रकाशित रिपोर्ट गौरतलब हैं जो यह बताती हैं कि किस तरह कोचिंग का यह कारोबार संगठित उद्योग का रुप लेता जा रहा है। इनमें पहली 2023 की पुणे की कंसलटेंसी फर्म इंफिलियम ग्लोबल रिसर्च से जुड़ी रिपोर्ट है जिसमें कहा गया है कि भारत में कोचिंग उद्योग से जुड़ा कारोबार विगत वर्षो में 58 हजार करोड़ से भी अधिक का हो गया है। अनुमान लगाया गया है कि आने वाले पॉच वर्षो में कोचिंग से जुड़ा यह कारोबार एक लाख पैतींस हजार करोड़ तक पॅहुच जायेगा। इसी संदर्भ में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से कुछ समय पूर्व संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए गठित एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि जेईई की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों का सालाना कारोबार तकरीबन 24 हजार करोड़ रुपये का है। इस समिति का स्पष्ट मत था कि स्कूलों में कमजोर पढ़ाई का लाभ ये कोचिंग संस्थान उठा रहे हैं। इसी संदर्भ को उजागर करते हुए इंड़ियन काउंसिल फार रिसर्च ऑन नेशनल एजूकेशन की हालिया रिपोर्ट बताती है कि देश में प्रतियोगी परीक्षा से जुड़े एक करोड़ छात्र विभिन्न प्रकार की कोचिंग ले रहे हैं। 2023-2024 में अकेले कोटा में दो लाख से भी अधिक छात्र वहॉ के कोचिंग संस्थानों में दाखिल हुए थे। इन ऑकड़ों की समीक्षा बताती है कि कोचिंग प्राप्त करने का यह रोग केवल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर ही नहीं है,बल्कि प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक की इस कोचिंग व्यवस्था ने छात्रों को स्वकेन्द्रित अध्ययन के प्रति उन्हें पंगु बना दिया है।

देश में इन कोचिंग संस्थानों के निरन्तर होने वाले विस्तार को लेकर इसके पक्ष व विपक्ष में अनेक दावे कियें जाते हैं। इनके बारे में कहा जाता है कि कोचिंग के माध्यम से छात्रों को पाठ्यक्रम सामग्री को अधिक गहनता से समझने तथा इसके प्रशिक्षकों के व्यक्तिगत अनुभव से अवधारणाओं को समझने में मदद मिलती है। साथ में गति के साथ प्रश्नों को हल करने के साथ-साथ प्रेरणा,अनुशासन,प्रोत्साहन,नई प्रौद्योगिकी व समय प्रबंधन इत्यादि के बारे में ज्ञान प्राप्त होता है। इसी प्रकार इसके विपक्ष के भी कुछ अपने तर्क हैं। इनके बारे में कहा जाता है कि कोंचिंग से माता-पिता पर भारी वित्तीय दबाव,कोचिंग में विषय वस्तु के रटने पर अधिक जोर,सफलता के लिए केवल कोचिंग पर निर्भरता,आलोचनात्मक सोच ,रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमताओं की उपेक्षा व कोचिंग से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों की गिरफत में आने जैसे मुद्दे इसके नकारात्मक पक्ष को उजागर करते हैं। तमाम अवलोकन बताते है कि आज इस कोचिंग का सकारात्मक की जगह नकारात्मक पक्ष अधिक हावी व प्रभावी हो रहा है।


आज स्थिति यह है कि गॉव,कस्बों व नगरों तक के हजारों छात्र अक्सर सड़कों के किनारे लगे भ्रामक विज्ञापन देखकर अपने मन में डॉक्टर,इंजीनियर व डिप्टी-कलेक्टर बनने का स्वप्न लेकर कोचिंग समूह के जाल में फॅस जाते हैं। यही बजह है कि अपने बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए मॉ-बाप अपनी जमीन-जायदाद तक बेच देते हैं। इसके बावजूद इन कोचिंग केन्द्रों में साल-दर-साल पढ़ने के बाद भी जब निराशा हाथ लगती है तो ये बच्चे आत्मघात को मजबूर हो जाते हैं। कोटा इसका सबसे बड़ा उदाहरण हमारे सामने है जहॉ हर साल 25-30 प्रतियोगी छात्र आत्महत्या करने को मजबूर हो जाते हैं। देश में कोचिंग के बढ़ते चलन के कारणों पर निगाह ड़ालने से यह बात सामने आती है कि स्कूल व कॉलेज परिसर की शिक्षा से लोगों का भरोसा अब धीरे-धीरे उठ रहा है।एनुअल स्टेटस ऑफ एजूकेशन से जुड़ी कई रिपोर्टस भी इस बात की गवाह हैं कि देश में बच्चों पर पाठ्यक्रम का बोझ,ढ़ॉचागत सुविधा का अभाव तथा शिक्षकों की कमी और गुणवत्ता का अभाव जैसे कारक कोचिंग के ढ़ॉचे को और मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं।

अभी हालॉकि कोचिगं व्यवस्था को आज संगठित उद्योग में तो शामिल नहीं किया जाता। परन्तु फिर भी आज यह दुनिया में सबसे अधिक फैलने वाले सोलहवें कारोबार में जरुर शामिल है। खरबों के इस कारोबार की आज विकास दर तकरीबन दस फीसदी के आस-पास है। यहॉ इस सच को कहने में कोई हिचक नहीं कि भारत आज इस कोचिंग की दुनिया का सिरमौर बन गया है। इससे जुड़ा यह भी एक कड़वा सच है कि अपने देश में यह कारोबार 30-35 फीसदी की सालाना दर से बढ़ रहा है। इस संबंध में कोटा की सचाई यह है कि वहॉ हर साल दो लाख से भी अधिक छात्र-छात्रायें विभिन्न कोचिंग संस्थानों में दाखिल होते हैं जिनसे इन कोचिंग संस्थानों को 25 अरब से भी अधिक की कमाई होती है। दरअसल आज कोचिंग का अर्थ छात्रों को केवल अतिरिक्त ज्ञान देना ही नहीं रह गया है। साथ ही साथ यह अब छात्रों को परीक्षा पास करने के गुर सिखाने और अच्छे अंक लाने का माध्यम भी बन गया है। इसलिए अभिभावकों का कोचिंग व्यवस्था पर भरोसा भी तेजी से बढ़ रहा है। एक और खास बात यह है कि आज की स्ववित्त पोषित शिक्षा और पाठ्यक्रम ने बड़ी फीस और टयूशन व कोचिंग के सहारे कमजोर व गरीब छात्रों को अच्छी नौकरियों से वंचित करना भी शुरू कर दिया है। कुछ समय पहले तक देश के मेड़िकल और इंजिनियरिंग कॉलेजों में सरकारी स्कूल के छात्रों का दबदबा अधिक रहता था। परन्तु आज वे छात्र बाजी मार रहे हैं जो निजी संस्थानों में हैं तथा जो कोचिंग पर भारी-भरकम रकम खर्च कर रहे हैं। परन्तु खराब बात यह है कि इस धनोन्मुख कोचिंग व्यवस्था से शिक्षक और छात्र का आपसी संवाद तो टूट ही गया है। साथ में एक नई शैक्षिक गैर बराबरी के बढ़ने का बड़ा खतरा भी पैदा हो गया है। इसलिए कोचिंग से जुड़े इन वर्तमान ऑकड़ों को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है। इसलिए देश की शिक्षा में योग्य व प्रतिबद्ध शिक्षकों और इसके बुनियादी तन्त्र को कोचिंग विहीन शैक्षिक श्रेष्ठता के आधार पर विकसित करने की बड़ी भारी जरुरत है। ध्यान रहे कोचिंग शिक्षा की बुनियाद कैरियर का मजबूत भवन नहीं बना सकती। कोचिंग सेंटर्स विनियमन और नियन्त्रण-2007 के तहत भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कोचिंग केन्द्रों के पंजीकरण और विनियमन के लिए दिशा-निर्देश प्रस्तुत किये तो हैं। परन्तु केवल इतना ही काफी नहीं है। इस कानून से जुड़े दिशा-निदेशों का पालन सख्ती से कराकर ही इन कोचिंग केन्दों की मनमानी के साथ-साथ उनके भ्रामक विज्ञापनों पर लगाम लगाकर इन भावी कर्णधारों को राहत पहुंचायी जा सकती है। इस ओर केन्द्र सरकार का ध्यान गया तो है,परन्तु इसकी सतत निगरानी की भी अभी भारी आवश्यकता है।

**(2/125 बुद्धि विहार, मुरादाबाद, संपर्क-9412245301)**

**आने वाले पॉच वर्षो में कोचिंग से जुड़ा यह कारोबार एक लाख पैतींस हजार करोड़ तक पॅहुच जायेगा। इसी संदर्भ में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से कुछ समय पूर्व संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए गठित एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि जेईई की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों का सालाना कारोबार तकरीबन 24 हजार करोड़ रुपये का है। इस समिति का स्पष्ट मत था कि स्कूलों में कमजोर पढ़ाई का लाभ ये कोचिंग संस्थान उठा रहे हैं।**

## व्यंग्य



# लिखना तुम क्या जानो, बाबू !

आशीष दशोत्तर

एक लेखक होना कोई आसान काम नहीं है। आप समझते होंगे कि ये लेखक लोग कुछ भी लिखते रहते हैं और किताबों पर किताबें छपवाते रहते हैं।

जिसका दर्द वही समझ सकता है। एक लेखक से पूछिए, उसे लिखते-लिखते किन-किन संघर्षों से गुजरना पड़ता है। अव्वल तो लिखना ही अपने आप में चुनौती है। विचार न आने पर भी लिखना, लिखने के लिए लिखना , लिखते रहने के लिए लिखना, केवल छपने के लिए लिखना जैसे श्रमसाध्य काम ही क्या कम थे जो सोशल मीडिया पर हर दिन कुछ न कुछ पोस्ट करने के लिए लिखना भी शामिल हो गया?

अब एक अकेली जान क्या-क्या करे? किस तरह से अपने आप को मेंटेन रखे, अपडेट रखे, एक्टिव रखे। फिर भी करते हैं करने वाले,जनाब। क्या करें। लिख रहे हैं बिना रुके, बिना थके। 'अनगिन पात अजहुं लिखि डारे, पुनि-पुनि लिखते कोऊ न हारे।' लेखक बने रहने के लिए लिखने से अधिक दिखना आवश्यक है। निष्क्रियता के लेवल से बचने के लिए लेखक का लेखन कर्म निरंतर सामने आना चाहिए। सो, यह कार्य धड़ल्ले से चल रहा है।

इन मुश्किल परिस्थितियों में लेखक के सामने अपनी ही किताब की समीक्षा लिखने का दायित्व भी आ गया है । पहले तो किताब लिखकर लेखक मुक्त हो जाया करते थे । समीक्षक उसकी समीक्षा करते रहते थे। आजकल किताब की समीक्षा लेखक को स्वयं लिखना होती है। समीक्षक के पास किताब पढ़ने का ही समय नहीं है तो लिखने का समय कहां ?

वैसे अपनी किताब की समीक्षा लिखने के कई लाभ होते हैं। अपनी ही पुस्तक की समीक्षा लिखने का स्वभाव जिनमें जन्मजात पाया जाता है, वे पुस्तक बाद में लिखते हैं, समीक्षा पहले। कई बार पुस्तक लिखते-लिखते ही उसकी समीक्षा लिखकर रख लेते हैं । ऐसी समीक्षा में किताब की प्रशंसा, प्रभाव और उस किताब के महत्वपूर्ण होने के सभी तत्व मौजूद रहते हैं। आलोचना , छींटाकशी, कमी, गलती जैसा इसमें कुछ शामिल नहीं होता। सर्वगुण संपन्न ऐसी समीक्षा, पुस्तक को साहित्य जगत में 'मील का पत्थर' साबित करती है। पुस्तक आने पर उस समीक्षा को पुस्तक के साथ पूरी ईमानदारी से लेखक स्वयं प्रेषित करता है। 'परहित सरस धरम नहीं भाई ' का कितना नायाब उदाहरण पेश होता है यहां , जब लेखक अपनी किताब की समीक्षा खुद लिखता है और दिल पर पत्थर रखकर , समीक्षक की जगह नाम अपने किसी मुरीद का देता है। इस तरह साहित्याकाश में एक नया समीक्षक उभरता है जो लेखक की पुस्तकों की संख्या के साथ वरिष्ठ और स्थापित समीक्षक हो जाता है।

यह समीक्षक भाव पक्ष, कला पक्ष, सौंदर्य बोध, लयात्मकता के बारे में कुछ नहीं जानता मगर इन शब्दों का पूरी ज़िम्मेदारी के साथ समीक्षा में उपयोग करता है। लेखक इसे अपनी समीक्षा से पूर्ण समीक्षक बना देता है । समय-समय की बात है। किसी समय समीक्षक की समीक्षा किसी लेखक को स्थापित किया करती थी मगर आज समीक्षक को स्थापित करने का दायित्व भी लेखक पर आ गया है। मगर लेखक करता है ।सब कुछ करता है। हार मानने और पीठ दिखाने का अवगुण लेखक में नहीं होता । वह हमेशा, हर चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार रहता है । वह समीक्षा लिखकर भी चुप नहीं बैठता है। समीक्षा गोष्ठी आयोजित करता है। उसमें यही समीक्षा पढ़वाता है। इस समीक्षा पर कई पर्चे पढ़े जाते हैं जिन्हें भी वह स्वयं ही लिखता है।

ऐसी समीक्षाओं के दूरगामी प्रभाव देखे जाते हैं। इस समीक्षा से लेखक का लेखक होना तय हो जाता है । उसे स्वीकृति मिल जाती है। दो-एक पुरस्कारों का जुगाड़ तो वह कर ही लेता है। 'स्व स्थापना कोष' का उपयोग कर चार-छह संस्थाओं से सम्मानित भी हो जाता है। यानी स्वलिखित समीक्षा के अनेकानेक प्रभाव परिलक्षित होते हैं। जो लेखक समीक्षकों के भरोसे रहते हैं उनकी किताब की कभी समीक्षा हो ही नहीं पाती। होती भी है तो उथली-उथली। इसीलिए लेखक अपनी किताब की समीक्षा स्वयं लिखने में ही विश्वास रखता है। कभी -कभार अपने सम्बन्धों का लाभ लेते हुए अपनी लिखी समीक्षा पर स्थापित समीक्षक का नाम टिकाने का गौरव भी हासिल कर लेता है।

इतने और ऐसे कई सारे संघर्षों से गुजरते हुए लेखक , लेखक बना रह पाता है । आप लेखकीय दायित्व को बच्चों का खेल समझते हैं?

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9827084966)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं- <raisubhash953@gmail.com>

# चोरी की मोटर साइकिल के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## अवैध असलहा और लूट के रुपये बरामद

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज (आजमगढ़)।** थाना देवगांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर लुटेरा दीपक को चोरी की मोटर साइकिल, लूट के रुपए व अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

20 नवंबर 2024 को लालती पत्नी नगीना राजभर निवासी ग्राम बम्बोपुर थाना देवगांव ने तहरीर दी थी कि वह बैंक से पैसा निकालकर अपने लड़के के साथ साइकिल से घर जा रही थी। रास्ते मे दो मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्ति 30 हजार रुपया छीन कर भाग गए। इसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक सुल्तान सिंह चौकी प्रभारी पल्हना थाना देवगांव द्वारा संपादित की जा रही है।



देवगांव कोतवाली में गिरफ्तार अभियुक्त।

बुधवार को उपनिरीक्षक गिरिजेश यादव, उपनिरीक्षक सुरेश सिंह मय हमराहियों द्वारा चेकिंग के दौरान प्राइमरी विद्यालय चक अफुई जिगनी थाना देवगांव में मौजूद थे। जहां एक मोटर साइकिल आती दिखाई दी। उक्त मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को रोकने पर पुलिस बल को सामने देखकर अपनी मोटर साइकिल को पीछे मोड़कर भागना चाहा। शंका होने पर पुलिस द्वारा मौके पर ही पर पकड़ लिया गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम दीपक यादव पुत्र नरेश यादव निवासी मालपार थाना मेहनगर बताया। जामा तलाशी में उसके पास से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, चोरी की मोटर साइकिल व लूट के 6670 रुपये बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि 20 नवम्बर को मैं व मेरे साथी सर्वेश यादव पुत्र रामअवध यादव निवासी मीरपुर केराकत जौनपुर ने खनियरा इंडियन गैस एजेंसी के पास साइकिल से आ रहे दो व्यक्ति का झोला छीन कर भाग गये थे। झोले में कुल 30000 रुपये मिला था। जिसकों मै व सर्वेश यादव आपस में आधा आधा बांट लिये थे।

# कार की चपेट में आने से दो युवकों की मौत एक की हालत गंभीर

**जनसंदेश न्यूज**

**पटवध (आजमगढ़)।** कप्तानगंज थाना अंतर्गत कौड़िया बाजार में बुधवार की रात बाइक को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को अस्पताल भिजवाया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



दुर्घटना में मृत युवक (फाइल फोटो)।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के तोनारी गांव निवासी प्रवीण 28 वर्ष अपने दोस्त सुरेंद्र 20 वर्ष व वीरेंद्र 22 वर्ष के साथ कौड़िया बाजार जा रहा था। वह जैसे ही बाजार में पहुंचा तभी तेज रफ्तार कार से टक्कर हो गई। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्रवीण व सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। एक ही साथ दो लोगों की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक सुरेंद्र तीन भाई व एक बहन में दूसरे नंबर पर था। वहीं, प्रवीण एक पुत्र व एक पुत्री का पिता था। वह खेती के काम के लिए मुंबई से एक माह पूर्व घर आया था।

## संक्षेप

### निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मियों ने किया प्रदर्शन




**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बिजली के निजीकरण के विरुद्ध प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत गुरुवार को जनपद के समस्त बिजली कर्मचारी, संविदाकर्मी, इंजीनियरों ने पूरे दिन काली पट्टी बांधकर विभागीय कार्य किया एवं कार्यालय समय के बाद हाइडिल सिधारी कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से सभा कर विरोध जताया। संकल्प लिया कि हम ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण का वापस होने तक संघर्ष जारी रखेंगे। अगर जबरिया निजीकरण थोपा गया तो इसका भयावह दुष्परिणाम होगा। बिजली मंहगी हो जाएगी जिसकी मार सीधा गरीब, किसानों, मजदूरों विद्युत उपभोक्ताओं व बिजली कर्मचारियों पर पड़ेगी जो एक प्रकार से आर्थिक शोषण होगा। अध्यक्षता सैय्यद मुनव्वर अली ने किया। इस मौके पर प्रभु नारायण पांडे प्रेमी, धर्मू राम यादव, काशीनाथ गुप्ता, नीरज तिवारी, रोशन यादव, रवि शंकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### विश्व हिन्दू परिषद ने गोवंशों के लिए दिया बोरे का वस्त्र



**आजमगढ़।** मेंहनगर ब्लाक के जाफरपुर गांव स्थित अस्थायी गौ आश्रय स्थल में पशुपालन विभाग के डा. राहुल मिश्रा की उपस्थिति में विहिप गोरक्षा विभाग के पदाधिकारियों द्वारा विधिवत गौपूजन करते हुए ठंड से बचाने के लिए सभी गोवंशों के लिए बोरे से बने सौ से अधिक वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में विहिप गोरक्षा विभाग के विभाग संयोजक कुंवर गजेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान जाफरपुर बलिराम चौहान और ग्राम प्रधान नई सूरज पांडेय उपस्थित रहे। विहिप गोरक्षा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि गौ आश्रय स्थल पर यह बोरा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है, और भविष्य में भी ठंड से बचाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम गौशालाओं में आयोजित किए जायेंगे। इस अवसर पर जिला सह मंत्री चंद्रेश यादव, जिला संयोजक सूरज पांडेय, निलेश पांडेय, बलवंत, शिवा, कृष्णा, रामअवत, पंकज, हरिशचंद्र, राजेंद्र, मोती, शशिकला देवी, महनता देवी, सुभावती देवी आदि उपस्थित रहीं।

### स्कूल वैन और ट्रक में टक्कर, चालक सहित चार बच्चे घायल



**लालगंज (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रोहुआ मुस्तफाबाद आजमगढ़ वाराणसी फोरलेन पर निरंकारी भवन के पास गुरूवार को ईशान पब्लिक स्कूल की वैन और ट्रक में टक्कर होने से वैन में बैठे हुए चार बच्चे और चालक घायल हो गए। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रोहुआ मस्तफाबाद आजमगढ़ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ईशान पब्लिक स्कूल की छुट्टी के बाद वैन बच्चों को लेकर फोर लोन पर क्रॉसिंग न होने से वैन रांग साइड से निरंकारी भवन के पास क्रॉस करने के लिए आ रहे थे। आजमगढ़ की तरफ से आ रहे अज्ञात ट्रक से टक्कर हो गई। बस डिवाइडर पर चढ़ गई जिसमें चालक सहित चार बच्चे घायल हो गए। सूचना पर स्थानीय लोग और विद्यालय स्टाफ मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल ले गए। सूचना पाकर थाना गंभीरपुर की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई।

### जहानागंज पुलिस ने गोमांस तस्करों को किया गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा गो-तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना जहानागंज पुलिस ने 70 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस व बिक्री करने वाले उपकरण के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि पनचैक बगीचा में एक घर में प्रतिबन्धित पशु को काट कर बिक्री किया जा है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़े जा सकते हैं। इस सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्तियों को पकड़ लिया। पहले ब्यक्ति ने अपना नाम सद्दाम पुत्र जहीरुद्दीन निवासी पनचैक बगीचा बताया। दूसरे ने अपना नाम फकरुद्दीन पुत्र जहीरुद्दीन निवासी पनचैक बगीचा तथा महिला जो कटे मांस को पन्नी में भर रही थी अपना नाम शगुफ्ता पत्नी फकरुद्दीन निवासी पनचैक बगीचा बताया।

### सफाई कर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**आजमगढ़।** स्वच्छता नियंत्रण अभियान के तहत जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश क्रम में विकास खंड के सभी ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को विकास खंड पल्हनी के ग्राम पंचायत घोरठ में ग्राम प्रधान की देखरेख में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस समय जो डेंगू मलेरिया का प्रकोप चल रहा है उससे निजात पाने के लिए सफाई कर्मियों ने नाली की सफाई करते हुए झाड़ू लगाया। दवा का छिड़काव किया जिससे कि रोगों से निजात पाया जा सके। इसी तरह जनपद के सभी विकास खंडों के ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि ग्राम पंचायत स्वच्छ रहे सुंदर रहे। सरकार के आवाहन पर लगातार साफ सफाई किया जा रहा है जिससे कि रोगों पर नियंत्रण पाया जा सके। सफाई कर्मियों ने जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें जिससे कि ग्राम पंचायत स्वच्छ रहे, मेरा जनपद स्वच्छ रहे। सफाई अभियान में जिलाध्यक्ष सीपी यादव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चैरसिया,रागिनी देवी आदि लोग मौजूद रहीं।

### रोजगार हेतु ब्लॉकवार तिथियां घोषित

**आजमगढ़।** सहायक निदेशक (सेवायोजन) राममूर्ति ने बताया कि जनपद के समस्त विकास खंडों में भारतीय दक्षता सुरक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा एसआईसी (इंडिया) लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षा कार्यों के लिए आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरान्त स्थायी रोजगार देने के लिए शिविर आयोजित किया जाता है। तत्क्रम में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बेरोजगार इच्छुक युवकों के लिए जनपद में पंजीयन शिविर लगाया जायेगा। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर व आफिसर ग्रेड की नियुक्ति की जायेगी। प्रत्येक विकास खंड मुख्यालयों पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लॉक स्तर पर निर्धारित की गई है। जिसमें विकास खण्ड मोहम्मदपुर एवं अजमतगढ़ ब्लॉक में 20 एवं 21 जनवरी, हरैया एवं बिलरियागंज ब्लाक में 22 एवं 23 जनवरी, महाराजगंज एवं कोयलसा ब्लाक में 24 एवं 25 जनवरी, अतरौलिया एवं अहिरौला में, 27 एवं 28 जनवरी पवई एवं फूलपुर, 29 जनवरी एवं एक फरवरी, मार्टिनगंज एवं ठेकमा ब्लाक में, 3 एवं 4 फरवरी लालगंज एवं पल्हना ब्लॉक में, 5 एवं 6 फरवरी, तरवां एवं मेंहनगर ब्लॉक में 7 एवं 10 फरवरी, मिजार्पुर एवं जहानागंज ब्लॉक में 11 एवं 12 फरवरी, सठियावं एवं तहबरपुर ब्लॉक में 13 एवं 14 फरवरी, पल्हनी एवं रानी की सराय ब्लॉक में 16 एवं 17 फरवरी तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फरिहां (आजमगढ़)।** निजामाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सुराई गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों ने मौत की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान प्रियांशु चौहान 19 वर्ष पुत्र वीरेंद्र चौहान निवासी हूसामपुर बड़ागांव के रूप में की। मृतक तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। मृतक बीए का छात्र था। आउटर सिग्नल के अंदर होने के कारण जीआरपी के लोगों ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। युवक की मौत से गांव में मातम छाया हुआ है।

### यज्ञनाथ मिश्र की छठवीं पुण्यतिथि 19 को

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के बड़ागांव में उन्नीस जनवरी को एक मैरेज हाल में पंडित यज्ञनाथ मिश्र उर्फ जग्गी बाऊ कि छठवीं पुण्यतिथि मनाई जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह रिशु विधान परिषद सदस्य होगें और कार्यक्रम की अध्यक्षता विपिन सिंह ब्लाक प्रमुख रानी की सराय करेंगे। उक्त आशय की जानकारी क्षेत्र पंचायत सदस्य वीरेन्द्र नाथ मिश्र ने दी है।

# प्रतिबंधित मांस के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जनसंदेश न्यूज**

**पटवध (आजमगढ़)।** थाना बिलरियागंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित मांस व एक वाहन के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।




बिलरियागंज थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

बुधवार को थानाध्यक्ष सुनील कुमार दुबे मय हमराह को सूचना मिली कि तीन व्यक्ति चार पहिया वाहन से बनकट की तरफ से बगवार होते हुए गोमांस बेचने के लिए बिलरियागंज कस्बा की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर टार्च की रोशनी से उक्त वाहन को रुकने का इशारा किया तो चालक भागने लगा। अचानक उसका वाहन बन्द हो गया। वाहन में बैठे दो व्यक्ति गाड़ी से उतर कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गये। पुलिस द्वारा चालक सीट पर बैठे व्यक्ति को पकड लिया गया।कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना नाम राहील खान पुत्र शमशाद खान निवासी बिलरियागंज इस्लामपुर थाना बिलरियागंज बताया।फरार व्यक्तियो के संगंध में पूछा गया तो उनका नाम नासिर पुत्र जौवाद निवासी इस्लामपुर बिलरियागंज,तथा हुमैद पुत्र नौशाद निवासी आजादनगर बिलरियागंज बताया। वाहन की डिग्गी से एक चापड़,एक चाकू, लकडी का एक ठीहा सहित प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# क्रय केंद्र पर सूख रहा किसानों का गन्ना

**यह है हाल**

- एक दिन में केवल 400 कुंतल की ही हो रही उठान
- किसानों ने की एक दिन में दो ट्रक गन्ना उठान की मांग

**जनसंदेश न्यूज**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गद्दोपुर गन्ना क्रय केंद्र से ठीकेदार द्वारा एक दिन में केवल 400 कुंतल गन्ना की उठान किए जाने से किसान नाराज हैं। कम उठान होने से खेत से लेकर क्रय केंद्र पर बिक्री में कम से कम 15 दिन लग जाता है। पर्ची का समय भी एक हप्ते ही रहता है। किसानों ने अधिक गन्ना की तौल की मांग की है।

गन्ना क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानों ने बताया कि ठीकेदार अनिल सिंह को गन्ना उठान की जिम्मेदारी मिली है। उनके द्वारा एक दिन में एक ट्रक गन्ना की उठान की जाती है। वर्तमान समय में क्रय केंद्र पर लगभग 35 ट्राली गन्ना डंप पड़ाहुआ है। जिस हिसाब से उठान की जा रही है, उससे क्रय केंद्र पर पड़े गन्ना की उठान में एक हप्ते का समय लग जाएगा। ऊपर से लगातार किसान गन्ना लेकर आ रहे हैं। सिंगार गांव के अनिरूद्ध यादव ने बताया कि क्रय केंद्र पर गन्ना ले जाने के बाद 8-10 दिन का समय लग जा रहा है। इस बीच पर्ची का समय भी समाप्त हो जाता है। दुबारा समय बढ़ाने में तीन से चार दिन लग जाता है। ईशापुर गांव के बासदेव यादव का कहना है कि खेत मे गन्ना तैयार करने में एक हप्ते का समय लग जाता है। पर्ची के लिए कुल एक हप्ते का ही समय दिया जाता है। विभाग को चाहिए कि पर्ची का समय बढ़ा दिया जाए। संग्रामपुर के अशोक कुमार का कहना है कि पिछले 10 दिन से गन्ना क्रय केंद्र पर गन्ना लेकर पड़ा हूं। ठीकेदार द्वारा एक दिन में 400 कुंतल गन्ना की ही उठान की जा रही है। जिसके चलते खेत से लेकर क्रय केंद्र पर गन्ना सूख जाता है। उसके बाद तौल करने से ही मना किया जाता है।

बूचीपुर गांव निवासी संतोष ने बताया कि किसी भी किसान के गन्ने की तौल एक हप्ते से पहले नहीं हो पा रही है। विभाग को चाहिए कि कम कम से कम दो ट्रक गन्ने की उठान की व्यवस्था करे जिससे समय से गन्ना की तौल हो सके।हम लोगों को सब काम काज झोड़कर इसी काम में लगे रहना पड़ रहा है।




क्रय केंद्र पर गन्ना लेकर इंतजार करते किसान।

> एक दिन में 400 कुंतल ही गन्ने की उठान हो रही है। दो दिन मिल भी बन्द हो गयी थी। पर्ची जारी होने के पांच दिन तक का समय रहता है। तीन दिन में गन्ना तैयार करना होता है। इसके बाद भी 3 दिन का समय मिलता है।वीरेंद्र यादव, इंचार्ज गन्ना क्रय केंद्र गद्दोपुर।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभः पुष्कर मिश्र

## भाजपा युवा मोर्चा द्वारा चलायी जा रही गौरव संविधान यात्रा

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** पुष्कर मिश्र जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा लालगंज ने पार्टी द्वारा चलाये जा रहे गौरव संविधान यात्रा अभियान को ले कर एक बैठक की।बैठक में डॉ अम्बेडकर द्वारा समाज के हर तबके को न्याय व सम्मान के लिए भारतीय संविधान की की गयी रचना पर चर्चा की गई।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी को सम्मान देने के साथ समाज में अति पिछड़े शोषित वंचित को मुख्य धारा में लाने का भी काम किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अनुसूचित छात्रवासों, कालेजों, युवा उद्यमियों व मलिन बस्तियों में जाकर संपर्क कर तय कार्यक्रम को क्रियान्वित कराने का काम करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय व जिलाध्यक्ष भाजपा सूरज प्रकाश श्रीवास्तव का सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के आगे की कार्य योजना के लिए दिशा निर्देश दिया। पुष्कर मिश्रा ने कहा कि पार्टी द्वारा जो भी निर्धारित कार्यक्रम है उसको आम जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

साथ ही साथ देश और प्रदेश की सभी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।



पुष्कर मिश्र का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

# विद्युत कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश

**जनसंदेश न्यूज**

**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों और किसानों में आक्रोश व्याप्त है। विद्युत उपकेन्द्र बिलरियागंज के ग्रामीण क्षेत्र के उत्तरी फीडर पर आयेदिन फाल्ट की समस्या बनी रहती है जिससे दिन के शिड्यूल के अनुसार ग्रामीणों को विद्युत की आपूर्ति नहीं मिल रही है। वही प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे और नगरी क्षेत्रों में 22 घंटे विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। कर्मचारियों की लापरवाही से लोगो को परेशानी होती रहती है।किसानो की रवि की प्रमुख फसलें गेहूं, सरसों, चना आदि की सिंचाई करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस कड़ाके की ठण्ड में किसानों को मजबूर होकर फसलो की सिंचाई रात में करनी पड़ रही है जिससे किसानो को ठण्ड लगने की चिन्ता बनी हुई है। विद्युत विभाग के जिम्मेदारानो के ढुलमुल रवैये के कारण क्षेत्रीय किसानो और ग्रामीणों में काफी आक्रोश बना हुआ है।

# डीआईजी ने किया माहुल पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण



माहुल पुलिस चौकी का निरीक्षण कर निकलते डीआईजी व अन्य।

**जनसंदेश न्यूज**

**माहुल (आजमगढ)।** नवागत पुलिस उपमहानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने गुरुवार को माहुल पुलिस चौकी का आकस्मिक निरीक्षण किया। चौकी पर साफ सफाई देखकर संतुष्ट नजर आये। साथ ही साथ दुराचारियों की निगरानी आदि के बारे में चौकी प्रभारी सुधीर सिंह से पूछताछ किया।

पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह शाम को साढ़े पांच बजे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन के साथ अचानक ही पहुंच गए। वहां पहुंच कर उन्होंने बैरक, रसोईघर, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होंने चौकी प्रभारी माहुल सुधीर कुमार सिंह से क्षेत्र की सीमा और चौकी निर्माण के वर्ष आदि की जानकारी लेने के साथ ही चौकी पर नियुक्त सिपाहियों की संख्या के बारे में पूछा। उन्होंने माहुल क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कार्यवाही और उनकी निगरानी आदि की विधिवत जानकारी ली। उसके बाद उन्होंने चौकी की साफ सफाई आदि को देख कर चौकी प्रभारी सुधीर सिंह की प्रसंशा की। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर रंजन शाह, हेडकांस्टेबल इंद्रमणि पटेल, कांस्टेबल सुनील कुमार व बलवंत यादव आदि उपस्थित रहे।

# पटवध सरैया में हुआ डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन



फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्घाटन करते इंद्रासन राय।

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज क्षेत्र के पटवध सरैया बाजार में गुरुवार को बजरंग एजुकेशन प्वाइंट डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ हुआ। सुबह से ही भजन कीर्तन के बाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वामी सहजानंद पालिटेक्निक इंस्टीट्यूट के संस्थापक इंद्रासन राय व मंडल अध्यक्ष रूद्रप्रकाश राय ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों को अध्ययन के लिए अच्छी पुस्तकें लाइब्रेरी में उपलब्ध रहेंगी। इस डिजिटल लाइब्रेरी में बच्चों को अच्छे वातावरण में पढ़ने का उचित माहौल मिलेगा। यह डिजिटल लाइब्रेरी अपनी सारी व्यवस्थाओं से परिपूर्ण है जिससे वह एकाग्रचित होकर पढ़ सकेंगे। उन्हें अब लाइब्रेरी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। प्रधान पति सुरेश्वरी दत्त उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था जरूरी थी जो अब बजरंग एजुकेशन प्वाइंट डिजिटल लाइब्रेरी में मिलेंगी। बच्चों का कैरियर अच्छा होगा। इस अवसर पर रवींद्रनाथ राय, प्राचार्य बृजेश राय, रामबचन राय, बिजय, बृजभूषण राय, सत्यम, शिवम राय, सुंदरम राय, कृपाशंकर राय, राजेश राय, शुभम, अंजेश, सौरभ राय, मुन्ना, अजय आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहींः कुलपति

**निरीक्षण**

- नवागत कुलपति ने बीएड परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण
- शिब्ली एवं डीएवी कॉलेज में परीक्षा की शुचिता से संतुष्ट

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** विभिन्न महाविद्यालय में हो रही बीएड की परीक्षा की शुचिता को परखने के लिए स्वयं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने गुरुवार को कई महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। नवागत कुलपति ने बुधवार को ही विश्वविद्यालय का कार्यभार ग्रहण किया और गुरूवार को विभिन्न महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण कर विश्वविद्यालय महाविद्यालय के प्राध्यापको एवं छात्र-छात्राओं को यह अवगत करा दिया कि परीक्षा की शुचिता से कदापि कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.प्रवेश कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न ऐडेड महाविद्यालय व राजकीय महाविद्यालयों को ही बीएड एवं एमएड हेतु परीक्षा केंद्र बनाया है जिससे परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने में कोई व्यवधान न उत्पन्न हो। विश्वविद्यालय का सत्र नियमित करने के लिए तथा समय से परीक्षाफल घोषित करने के लिए विश्वविद्यालय की ख्याति प्रदेश स्तर तक है। नवागत कुलपति सुधार की सभी संभावित गुंजाइश को भी परख रहे हैं तथा जो कुछ कमियां रह गई है, उस पर टीचिंग नॉन टीचिंग स्टाफ से लगातार कई मीटिंग कर जो कमियां हैं उसे दुरुस्त करने के लिए दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारी कुलपति के मार्गदर्शन में कमी को दूर कर विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय फलक पर नई पहचान दिलवाने के लिए सहयोग कर रहे हैं। विश्वविद्यालय में मूल्यांकन स्थल पर स्वयं जाकर कुलपति न सिर्फ मूल्यांकन की शुचिता परख रहे हैं अपितु मूल्यांकन में लगे सभी प्राध्यापक कर्मचारी आदि की समस्याएं सुनकर उसका तुरंत निदान करने के लिए जिम्मेदार लोगों को निर्देशित कर रहे हैं। महाविद्यालय के निरीक्षण के समय कुलपति के साथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव विशेश्वर प्रसाद आदि भी उपस्थित रहे।



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते कुलपति प्रो.संजीव कुमार।

# प्राकृतिक संपदा वाले सोनभद्र में स्विट्जरलैंड बनने की क्षमता

## विधायक खेल महाकुंभ के समापन समारोह में पहुंचे सीएम, खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**कहा पावर कैपिटल सोनभद्र बनेगा ग्रीन ऊर्जा का हब, प्रयागराज महाकुंभ को बताया भारत की आत्मा**



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ



सीएम का संबोधन सुनने के लिए उमड़ी भीड़



खिलाड़ी को ट्रॉफी देते सीएम



कबड्डी में दांव आजमाती प्रतिभागी

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ के समापन समारोह में गुरुवार को दोपहर बाद सोनभद्र पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरूआत भारत माता के जयकारे से की। डायट परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि सोनभद्र प्रदेश ही नहीं देश की धरोहर अपने आप में समेटे हुए है। यहां जीवन की उत्पत्ति के प्रमाण सलखन फासिल्स पार्क में जीवाश्म के रूप में मौजूद है। सांस्कृतिक, धार्मिक व प्राकृतिक संपदा से यह जनपद परिपूर्ण है। ऊर्जा की राजधानी का दर्जा रखने वाले सोनांचल में देश का स्विटजरलैण्ड बनने की क्षमता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत के विकास के लिए उत्तर प्रदेश का और यूपी के विकास के लिए प्रत्येक जनपदों का विकास जरूरी है। कहा कि आध्यात्मिक विकास के साथ ही रोजगार के अवसर पैदा किये जाने चाहिए। सीएम ने कहा कि यह नया भारत है, बाबा विश्वनाथ से जहां इस देश की पहचान है, वहीं 500 वर्षों बाद भव्य राम मंदिर के रूप में सजी नयी अयोध्या आकर्षण का केंद्र है। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में अब तक छह करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा पुण्य के भागी बने हैं। कहा कि हर घर नल योजना का सपना साकार हो रहा है। जिले में 81 प्रतिशत घरों को पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है। वहीं कनहर सिंचाई परियोजना लगभग पूर्ण हो चुकी है। इससे 50 हजार से अधिक किसानों के खेतों की सिंचाई होगी। वनाधिकार योजना के तहत दलितों व आदिवासियों को 16 हजार से अधिक पट्टों का वितरण किया गया है। बच्चों की शिक्षा के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण किया गया है। इसके पूर्व मंच पर पहुंचने पर कार्यक्रम के आयोजक सदर विधायक भूपेश चौबे ने सीएम को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान जय श्रीराम के नारे से पूरा डायट परिसर गुंजायमान हो गया। संबोधन के बाद सीएम ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए जिले के सभी खिलाड़ियों व आयोजन से जुड़े लोगों को बधाई दी। कहा कि सोनभद्र के विकास की यह यात्रा पूरे प्रदेश को प्रेरित करेगी। तत्पश्चात सीएम ने करोड़ों की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने महाकुंभ को भारत की आत्मा बताते हुए लोगों को प्रयागराज महाकुंभ आने का आमंत्रण दिया। इस मौके पर जनजाति विकास मंत्री संजीव गोड़, स्टाम्प कर मंत्री रवींद्र जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, एमएलसी विनीत सिंह, घोरावल विधायक अनिल मौर्य, जिला प्रभारी अनिल सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, रमेश मिश्र, नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद, श्रवण कुमार गोड़, डीएम बीएन सिंह, एसपी अशोक मीणा, एडीएम सहदेव मिश्र, सीडीओ जागृति अवस्थी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### 698 करोड़ की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद को 698 करोड़ से अधिक की 129 परियोजनाओं की सौगात दी। विभिन्न कार्यों के साथ ही खस्ताहाली से जूझ रही झारखंड व छत्तीसगढ़ की सड़कों के जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया गया। वहीं 249.99 करोड़ की लागत से निर्मित राजकीय मेडिकल कालेज का लोकार्पण करते सीएम ने कालेज परिसर में 9.97 करोड़ की लागत से बनने वाले नर्सिंग कालेज की आधारशिला भी रखी। वहीं 22.93 करोड़ की लागत से कलेक्ट्रेट परिसर में ऑडिटोरियम निर्माण का शिलान्यास किया।

### 1.97 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में सोनभद्र के लिए 1.97 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आये हैं। इससे जिले में रोजगार व विकास के नये अवसर पैदा होंगे और 40 हजार युवाओं को नौकरी मिलेगी। जिले में ग्रीन एनर्जी पार्क के साथ ही पावर कैपिटल का दर्जा रखने वाले सोनभद्र को ग्रीन ऊर्जा का हब बनाने की पहल जारी है।

### खेल महाकुंभ बना आकर्षण का केंद्र

**सोनभद्र।** जिले में आयोजित विधायक खेल महाकुंभ की सराहना करते हुए सीएम ने कहा कि 11 हजार प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लेकर इसे खास बनाया है। बालिकाओं के कबड्डी प्रदर्शन व रस्सा-कस्सी खेल को अमृत खेल के रूप में देखने पर खुशी जतायी। सीएम ने विधायक भूपेश चौबे की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह प्रयास प्रशंसनीय है। कहा कि देश की मोदी सरकार व प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे देश के लिए मेडल जीत सकें। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को नगद धनराशि व सरकारी नौकरी देकर सम्मानित कर रही है। अब तक मेडल जीतने वाले 500 से अधिक खिलाड़ियों को नौकरी दी जा चुकी है। खेल भी अब कैरियर बन चुका है। सरकार ओलंपिक एशियन गेम्स व कॉमनवेल्थ गेम में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को हर संभव सहायता दे रही है। खेल को बढ़ावा देने के लिए ब्लाक व जिला स्तर पर स्टेडियम बनवाये जा रहे हैं। वहीं मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद्र के नाम पर हॉकी का स्टेडियम तैयार कराया जा रहा है। सोनभद्र में खेल के संवर्धन के लिए गांवों से लेकर जिला स्तर तक की प्रतियोगिता कराने व जिला महोत्सव में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने का निर्देश दिया।

### ये खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

**सोनभद्र।** सीएम योगी ने खो-खो बालिका वर्ग में विजेता टीम की कप्तान अल्का, कबड्डी बालक में रितिक, बालीवाल में सोनू, 100 मीटर दौड़ सोनू, 200 मीटर दौड़ जगवंती, 400 मीटर दौड़ खुश्बू, कैरम बालिका में सुप्रिया सिंह, शतरंज में आयुष सिंह, रस्सा-कस्सी में ओमप्रकाश चतुर्वेदी, कबड्डी बालिका में साधना यादव व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेता नितिश विश्वकर्मा व उपविजेता रिचा त्रिपाठी को पुरस्कृत किया।

### स्वयं सहायता समूह बना प्रेरणा

**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले की स्वयं सहायता समूह चलाने वाली महिलाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बकरी के दूध से साबुन बनाकर एक नयी मिशाल पेश की।




सीएम द्वारा योजनाओं के किये गये लोकार्पण व शिलान्यास के शिलापट्ट



हेलीपैड पर सीएम का स्वागत करते डीएम बीएन सिंह



मंच पर सीएम को स्मृति चिह्न देकर स्वागत करते सदर विधायक भूपेश चौबे

# डकैती की योजना बनाने वाले पांच अन्तर्जनपदीय आरोपी धराये

## तमंचा, कारतूस बरामद, संयुक्त पुलिस टीम को मिली सफलता

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले में अपराधियों के विरूद्ध चल रहे अभियान के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस ने डकैती की योजना बनाने वाले पांच अन्तर्जनपदीय अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध देशी तमंचा 315 बोर, चार जिन्दा कारतूस व एक स्कार्पियो वाहन बरामद करने का दावा किया है।

एसएचओ ने बताया कि एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को पुलिस टीम लूट व चोरी की घटना पर अंकुश लगाने हेतु वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर तेन्दू पुल के पास डकैती की योजना बनाने वाले जियुत निषाद पुत्र स्व. गौरी शंकर निवासी मुस्तफाबाद रेता पर, चौबेपुर, हर्ष यादव पुत्र बल्लू यादव निवासी जाल्हुपुर, चौबेपुर, सुनील यादव पुत्र भरत यादव निवासी ग्राम छितौना, चौबेपुर, आयुष यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी गौराकला, चौबेपुर व सौरभ यादव पुत्र स्व. तेज बहादुर यादव निवासी पन्नापुर कुणाव, सोनबरसा, चौबेपुर, वाराणसी को तेन्दु तिराहा प्राथमिक विद्यालय से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से दो अवैध देशी तमंचा, चार जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पूर्व में भी ट्रक ड्राइवरों से लूट की घटना कारित करते थे। एसएचओ ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय, बृजेश कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी सुकृत, सुनील कुमार चौकी प्रभारी चुर्क, शिवकुमार यादव, अमरजीत यादव, राजहंस आदि शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

# सड़क सुरक्षा माहः एमईआईएल कर्मियों को दिलायी गई शपथ



सड़क सुरक्षा की शपथ लेते एमईआईएल के कर्मचारी

जनसंदेश न्यूज

**अनपरा।** एमईआईएल अनपरा एनर्जी लिमिटेड में सड़क सुरक्षा की जागरूकता के लिए गुरूवार से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्लांट परिसर में सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए सभी स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों को

शपथ दिलायी गयी। तत्पश्चात एमईआईएल. प्रमुख आनन्द कुमार सिंह एवं ओएण्डएम हेड संतोष कुमार दुबे द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को सचेत रहने के लिए अनुरोध करते हुए यातायात नियमों से अवगत कराया गया।

सड़क सुरक्षा माह के दौरान सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम/प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। संचालन पर्यावरण एवं सुरक्षा विभाग की ओर से हिमान्शु वर्मा ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ महाप्रबन्धक कुलदीप शर्मा, महाप्रबन्धक एसडी सिंह, वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक एनएन तिवारी, एसके द्विवेदी समेत तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण के तहत छात्रों को दिलाई शपथ

**दुद्धी।** शिवम इंटर कालेज महुली में गुरुवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी के चिकित्सक डा. संजय ने तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव, इसके नियंत्रण के उपाय समेत इससे होने वाले बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि तम्बाकू में मौजूद 4000 जहरीले तत्व विभिन्न बीमारियों जैसे बालों का झड़ना, मोतियाबिंद, दांत में सड़न, फेफड़ों का कैंसर,दिल की बीमारी, पेट का अल्सर, बदरंग अंगुलियां, विकृत शुक्राणु, गैंग्रीन इत्यादि बीमारियों का कारण बनते हैं, जिसके कारण व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो जाती है। बताया कि सबसे पहले होने वाले मौत के कारणों में टीबी की बीमारी भी इसी तम्बाकू के सेवन से होती है। छात्र- छात्राओं से कार्यक्रम से सम्बंधित सवाल भी पूछे गए। जिसमें तीन अव्वल छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र दिया गया। जिनमें कक्षा 11 की ताहिरा परवीन को प्रथम स्थान,कक्षा 10 की वंशिका जायसवाल को द्वितीय स्थान तथा चन्दा कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुए। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिविर में 38 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण

**दुद्धी।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को आयोजित नसबंदी शिविर में 38 महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया गया। केंद्र अधीक्षक व सर्जन डा. शाह आलम अंसारी ने बताया कि 42 नसबंदी की इच्छुक महिलाओं का पंजीकरण किया गया, जिसमें जांच के उपरांत चार महिलाओं को प्रयोगशाला प्राविधिक सीता राम ने अयोग्य करार दे दिया। शेष 38 महिलाओं का सर्जन गिरधारी लाल व सीएचसी प्रभारी डा. शाह आलम अंसारी द्वारा सफल बंध्याकरण किया गया। नसबंदी की गई महिलाओं को उनके खान-पान के लिए सरकार द्वारा मुहैय्या कराई जाने वाले दो हजार रुपये उनके बैंक एकाउंट में ट्रांसफर कर दिया गया। नसबंदी टीम में फार्मासिस्ट रामसागर मौर्या, बीसीपीएम सुनीता, नर्स किरन, देवंती, नंदकिशोर शर्मा आदि स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे।

### ट्रेलर से कुचलकर स्कूटी सवार की मौत

**म्योरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित सीएचसी के समीप मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर गुरुवार को ट्रेलर से टकराकर स्कूटी सवार सुनील कुमार पोया 40 पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी करहिया गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। बताया गया कि सुनील अपनी स्कूटी से म्योरपुर आया था और वापस अपने घर जा रहा था कि सीएचसी के समीप ब्रेकर के पास आगे चल रहे एक ट्रेलर के पीछे से टकराकर गिरकर चक्के के नीचे आ गया। ग्रामीणों द्वारा उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। उधर मौत की खबर लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाली वंदना सम्मानित

**दुद्धी।** स्थानीय नगर के वार्ड दो गौतमबुद्ध नगर निवासी संगीता वर्मा आईसीडीएस सुपरवाइजर के आवास पर बीते दिनों पूर्वांचल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाली वंदना कुशवाहा का माल्यार्पण कर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। संगीता वर्मा ने कहा कि आज के परिवेश में महिलाओं का खेलना स्वास्थ्य के लिए तथा सामाजिक जागरुकता और सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है। इसका प्रोत्साहन घर, समाज व शासन से मिलना चाहिए, ताकि लड़कियों और महिलाओं का मनोबल बढ़ सके। वंदना कुशवाहा ने कहा कि खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संगीता वर्मा प्रेरणा स्रोत रही हैं। इस मौके पर कविता यादव, शिखा सिंह, विनीता मसीह, अनीता गौतम आदि उपस्थित रही।



वंदना को मिठाई खिलाती संगीता वर्मा

# बिजली कनेक्शन के लिए छह माह से दफ्तर का चक्कर काट रहे ग्रामीण

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** नधिरा उपकेंद्र के बकरिहवा फीडर अंतर्गत ग्राम पंचायत जरहा टोला काजर पानी निवासी कुछ ग्रामीण छह महीने से बिजली कनेक्शन लेने के लिए भुगतान कर रसीद लेकर घूम रहे हैं, लेकिन आज तक कनेक्शन नहीं दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण कनेक्शन का पैसा जमा करने के बाद भी अंधेरे में जीवन ब्यतीत करने को विवश हैं।

ग्रामीणों ने सम्बन्धित उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए टोले में तार पोल लगा कर विद्युत कनेक्शन करवाए जाने की मांग की है। आरोप है कि पिछले छह महीने से विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले ग्रामीण कमलेश पाल, राम गणेश पाल, मान प्रसाद गुर्जर, राजेश कुमार गुर्जर आदि ने बताया कि हम



विद्युत कनेक्शन करवाने के लिए छह महीने से पैसा जमा कर रसीद लेकर घूम रहे हैं, जब कनेक्शन करने के लिए विभाग के अधिकारियों से बात की जाती है तब बाद में लगाने का आश्वासन देकर वापस कर दिया जाता है। इसी आश्वासन पर छह महीने व्यतीत हो गए, कनेक्शन नहीं किया गया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। आरोप है कि सरकार हर घर बिजली, पानी देने का दावा करती है, लेकिन योजनाएं अधिकारियों की लापरवाही का भेंट चढ़ गयी हैं। जेई बिहारी लाल ने कहा हमको पता नही है, जानकारी कर कनेक्शन कराया जाएगा।

# सात विकेट से बीना को हरा मेजबान टीसीडी अगले चक्र में

## रजतराज बने मैन आफ द मैच, किया गया पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** प्रतिभावान खिलाड़ियों से लवरेज मेजबान टाउन क्रिकेट क्लब की टीम अपने होम ग्राउंड पर बीना को सात विकेट से हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर गयी। रजतराज को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

रेफरी मु. शमीम अंसारी ने बताया कि गुरुवार को मैच का टॉस बीना टीम के कप्तान बिल्लू तिवारी ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 111 रन बनाए। बीना की तरफ से सनी ने सर्वाधिक 41 रन बनाया। अन्य बल्लेबाजों में कप्तान बिल्लू ने 30 रन व जितेंद्र ने दो चौके की मदद से 10 रन बनाए। इसके अलावा मेजबान टीम की कसी हुई गेंदबाजी के आगे कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर सका। दुद्धी के गेंदबाजों में अंकित ने दो ओवर में नौ रन, रजत ने तीन ओवर में 17 रन व आकाश सिंह ने दो ओवर में नौ रन देते हुए तीनो बॉलरों ने दो-दो विकेट हासिल किया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरी मेजबान टीसीडी की टीम 10 ओवर में ही तीन विकेट खोकर जीत के निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर लिया। उद्घाटन बल्लेबाज रजत राज ने सर्वाधिक 47 रनों की पारी खेली।

इसके अलावा कप्तान सागर ने 24 रन, सुमित सोनी ने 20 रन, आलोक ने 11 रन व विकेटकीपर युवराज सोनी ने आठ रन बनाए।

बीना के गेंदबाजों में अंकित ने तीन ओवर में 20 रन देकर दो विकेट हासिल किया, जबकि कप्तान बिल्लू को एक विकेट मिला। टीसीडी की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रजत राज को मैन ऑफ द मैच घोषित कर मुख्य अतिथि रंजीत सेठ के हाथों पुरस्कृत किया गया। निर्णायक रितेश व नागेंद्र राज रहे।

कमेंट्री सुनील जायसवाल एवं सलीम खान ने किया, जबकि स्कोरिंग निशांत मोहन व आजाद ने किया। शुक्रवार को टाउन क्लब अपना दूसरा मैच पटना के खिलाफ सेमीफाइनल में प्रवेश के लिए खेलेगी।




खिलाड़ी को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने 25 कुंतल नकली खोवा को किया नष्ट

कार्रवाई

### रेलवे तालाब में खोवा नष्ट करने के दौरान अफरातफरी का माहौल


तालाब में नकली खोवा नष्ट कराती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

**डीडीयू नगर।** नगर सहित जनपद में मिलावटी खोवे का खेल काफी पुराना है। पाउडर से बना खोवा खुलेआम बेचा जा रहा है। गुरुवार की सुबह 11 बजे के करीब नगर स्थित पुराने रोडवेज बस स्टैंड पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी की। जहां तीन गाड़ियों से 25 कुंतल खोवा बरामद किया। इस दौरान खोवा लेकर आये सभी लोग मौके से फरार हो गये। काफी इंतजार के बाद कोई खोवा व्यापारी पास नहीं आया। खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने खोवा को रेलवे स्टेशन के समीप बने तालाब में डलवा कर नष्ट कर दिया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मिलावटी या नकली खोवा के खिलाफ खाद्य विभाग की कारवाई आगे भी जारी रहेगा।

नगर स्थित खोवा मंडी में रोज लगभग सौ कुंतल खोवे की खपत होती है। बाजार में अत्यधिक खोवे की खपत होने कारण मिलावट खोर पाउडर से खोवा बनाकर बाजार में खपाने में लगे रहते हैं। मंडी में धड़ल्ले से मिलावटी खोवे की बिक्री जानकारी विभाग को मिल रहा था। गुरुवार की सुबह 11बजे के करीब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कुलदीप सिंह के नेतृत्व में नगर स्थित रोडवेज बस स्टैंड पहुंची। तभी एक ऑटो और दो मालवाहक में खोवा बरामद किया। इस दौरान खोवा लेकर आये लोग वहां से फरार हो गये। टीम ने काफी देर तक खोवा लेकर आने वालों का इंतजार करता रहा।

बावजूद कोई भी इसे लेने नहीं आया। टीम ने बरामद 25 कुंतल खोवे को रेलवे स्टेशन के पास तालाब में नष्ट करने लगे। तभी आरपीएफ स्टेशन पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत ने मौके पर पहुंच कर जहरीले खोवा को तालाब में फेंकने से रोक दिया। चेताया कि ऐसा करने से पूर्व रेल प्रशासन को अवगत कराना चाहिए। कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गया। तभी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कुलदीप सिंह ने अपना परिचय देते हुए बताया कि इसके खाने से मछलियां नहीं मरेंगी।

बताया कि पाउडर से बने लगभग 25 कुंतल खोवा को पानी डलवा कर नष्ट कर दिया। मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएन त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार, खाद्य सहायक गणपति पाठक मौजूद रहे।

## एआईआरएफ के प्रयास से 8वें वेतन आयोग के गठन को मिली मंजूरी : मिथिलेश

**डीडीयू नगर।** मिथिलेश कुमार केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह कार्यकारिणी सदस्य एआईआरएफ ने बताया कि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री कामरेड शिवगोपाल मिश्रा जी द्वारा बार-बार पत्राचार कैबिनेट सचिव के साथ एवं शिष्टाचार भेंट केंद्रीय मंत्रियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री भारत सरकार के समक्ष केंद्रीय कर्मचारियों हेतु आठवी वेतन आयोग की गठन की मांग रखी गई थी परिणाम स्वरूप केंद्रीय कैबिनेट ने आठवें वेतन आयोग की गठन की घोषणा कर दी।

उन्होंने बताया कि इस घोषणा से लगभग 12 लाख रेलवे कर्मचारियों के बीच काफी हर्ष व्याप्त है। रेलवे कर्मचारियों के साथ-साथ सभी केंद्रीय कर्मचारी काफी समय से एनसीजेसीए के कन्वीनर शिव गोपाल मिश्रा से उम्मीद लगाए बैठे थे। फलस्वरुप उन्होंने 22 नवम्बर को ही डीडीयू मंडल में इसीआरकेयू द्वारा आयोजित आम सभा में आश्वासन दिया था। जनवरी माह में आठवें वेतन आयोग की घोषणा किए जाने की संभावना है। अभी इस माह में 10 जनवरी 25 को एनसी जेसीएम के कन्वेनर तथा महामंत्री एआईआरएफ कॉम शिव गोपाल मिश्रा ने वित्त मंत्री, भारत सरकार को पत्र देकर आठवें वेतन आयोग का गठन अब तक नहीं किए जाने को लेकर चिंता जताई थी। जो आज सकार हो गया।

भारत सरकार का केंद्रीय कर्मचारियों के प्रति यह सकारात्मक पहल है जिसके लिए रेलवे कर्मचारियों खुशी की लहर दौड़ गई। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के केंद्रीय सहायक महामंत्री सह प्लांट डिपो शाखा के प्रभारी बीबी पासवान ने 8वें वेतन आयोग की गठन की घोषणा होने के उपरांत काफी खुशी व्यक्त करते हुए एक और वादा पूरा करने में एआईआरएफ जो 17 जोन में से 14 जोन में जीत हासिल कर रेलवे बोर्ड स्तर पर केंद्रीय कर्मचारियों का नेतृत्व करता है जो सफलता प्राप्त किया।

इस अवसर पर एसपी सिंह, सुल्तान अहमद, राजेश निषाद, अरुण कुमार उपाध्याय, मोहन राम, संजय कुमार शर्मा, मुकेश पासवान, कृष्णकांत पाल, प्रशांत कुमार, कृष्णा शाह, रामजी यादव, केदार तिवारी, गोपाल कुमार, आरती कुमारी, सीमा देवी, आशा देवी, मिनतारा, लालमणि देवी, अमरावती देवी, शीला बानो, राकेश कुमार सिंह, करमजीत प्रसाद, नारद मुनि राय आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

### ग्रामीणों ने कोटेदार के चयन में धांधली का लगाया आरोप



**नियामताबाद।** क्षेत्र के पटपरा गांव में सस्ते गल्ले की दुकान आवंटन में हुई धांधली को लेकर ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। क्षेत्र के पटपरा गांव के सस्ते गल्ले की दुकान आवंटन को लेकर दूसरी बैठक 12 जनवरी को की गई। यह बैठक ग्रामीण के हंगामा की भेंट चढ़ गई, जिससे एक पक्ष बैठक का बहिष्कार कर दिया। इसके बाद अगली बैठक 28 जनवरी को घोषित कर यह कार्रवाई निरस्त कर दी गई। अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण एक व्यक्ति के पक्ष में सस्ते गल्ले की दुकान आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई। इसकी जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई आक्रोशित हो उठे। जिसकी शिकायत एसडीएम मुख्यमंत्री पोर्टल पर लिखित रूप से प्रार्थना पत्र के माध्यम से जांचकर दुकान आवंटन की प्रक्रिया पुर्ण करने की मांग की है। यही नहीं दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी विजय कुमार से मिलकर पत्रक सौंपा और निष्पक्ष जांच कराकर पुनः सस्ते गल्ले की दुकान का आवंटन सक्षम अधिकारी द्वारा करने की मांग की। पत्रक सौंपने वालों में सोमेश्वर चौहान, बब्बू सिंह, बसंती, संजय, मंगीता आदि शामिल रहे।

### बोलेरो व स्कॉर्पियो की जोरदार टक्कर में पांच घायल

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के चहनियां कस्बा के पास बुधवार की देर रात को बोलेरो और स्कॉर्पियो की टक्कर में पांच लोग घायल हो गये। पुलिस और स्थानीय लोगो की मदद से घायलों को चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां विजय शंकर की हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बबुरी थाना क्षेत्र के कोदोचक गांव के रहने वाले 42 वर्षीय मुरारी प्रसाद, 35 वर्षीय विजय शंकर, 31 वर्षीय अनिल कुमार, 16 वर्षीय खुशी बुधवार को खिचड़ी की रस्म कर अपने घर वापस जा रहे थे। सकलडीहा की तरफ से स्कार्पियो सवार अनिल कुमार भी घर जा रहा था। चहनियां कस्बा के पास चंदौली वाया चहनियां मुख्य मार्ग पर स्कार्पियो-बोलेरो की आमने सामने जबरदस्त टक्कर हो गयी। घटना में स्कार्पियो सवार तो बच गया किन्तु बोलेरो में सवार सभी घायल हो गये। घटना के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। सभी का प्राथमिक उपचार हुआ। जिसमें विजय शंकर की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### काली माता मंदिर से चोरों ने जेवरात उड़ाये



**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में थाने से महज सौ मीटर की दूरी पर स्थित काली माता मन्दिर से बुधवार की रात हजारों रुपये के गहनों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद मामले की जानकारी होने पर बाजार के अनिल चौरसिया ने बलुआ थाने में तहरीर दिया। मौके पर जाकर पुलिस ने जांच पड़ताल किया। बलुआ बाजार में थाने से महज सौ मीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग पर काली माता का मन्दिर है। वही पास में मन्दिर से पचीस मीटर की दूरी पर बलुआ पुल पर जाने के लिए तिराहे पर पिकेट भी है। बीती रात चोरों ने मन्दिर में घुसकर माता के कमरे का ताला तोड़ दिया। किन्तु नीचे भुनासी होने के कारण दरवाजा खोलने में असफल हो गये तो मन्दिर के छत पर चढ़कर रोशन दान को तोड़कर किसी प्रकार से सोने की नथिया और दो मंगलसूत्र चुरा लिए। मुकुट भी निकालने का प्रयास किया। किन्तु सफल नही हो पाये। सुबह लोग जब दर्शन पूजन करने गये तो गहने गायब देख सन्न रह गये। विडंबना है कि थाना और पिकेट के बीच में मुख्य मार्ग पर मंदिर से चोरी की घटना को लेकर लोगों ने आक्रोश व्याप्त है। बलुआ थाना प्रभारी डा. आशीष मिश्रा ने कहा जांच करके चोरी की घटना का पदार्फाश किया जायेगा।

### दुलहीपुर में फोर लेन नहीं हुई सड़क, होगा आंदोलन

**डीडीयू नगर।** दुलहीपुर महाबलपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में मोर्चा के संयोजक समाजसेवी रतन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मोर्चे का आंदोलन विगत दो वर्षों से चल रहा है। बैठक में उन्होंने कहा कि पीड़ित दुकानदारों को उच्चतम न्यायालय उच्च न्यायालय शासनादेश के अनुसार सड़क चौड़ीकरण में 2013 कानून और उच्चतम न्यायालय के छह बिंदुओं का जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा पालन नहीं किया गया तथा सिक्स लेन की जगह फोरलेन चौड़ीकरण पर विचार नहीं किया जाता है तो दुल्हीपुर महाबलपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा एवं किसान न्याय मोर्चा संयुक्त रूप से जन आंदोलन करेगा। साथ ही अपने मांगों को मंगवाने के लिए हर स्तर की लड़ाई लड़ने के लिए मोर्चा तैयार है इसलिए जिला प्रशासन से मोर्चा बैठक के माध्यम से अवगत कराना चाहता है कि यह ग्रामीण इलाका है बहुत पुरानी आबादी वाले ग्रामीण इलाके में यहां किसी तरह की कोई जाम नहीं लगता है इसलिए अनुरोध है की फोरलेन सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई को सुनिश्चित करें जिससे गरीबों के घर उजड़ने से बचाए जा सके तथ अपनी जीविका चला सके एवं अपने अपने परिवार का भरण पोषण कर सके यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो मोर्च आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे बैठक में मुख्य रूप से एडवोकेट महेंद्र यादव डॉक्टर आर के शर्मा चितरंजन सोनकर, महेंद्र शर्मा, संतोष यादव, जीएम सिद्दीकी, गोपाल शर्मा, मोहित शर्मा, बुद्धु निगम अरविंद मौर्या, अवधेश उपाध्याय, गोविंद गुप्ता, राजकुमार विश्वकर्मा, त्रिभुवन विश्वकर्मा, त्रिलोकी गुप्ता खलील, नसीम इत्यादि भारी संख्या संख्या में दुल्हीपुर महाबलपुर के व्यापारी एवं पीड़ित भू-स्वामी मौजूद थे।

### फुटबॉलः चंदौली ने सीवान बिहार को दो गोल से हराया



**धानापुर।** अमर वीर इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रहे अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चंदौली इलेवन ने सीवान बिहार को रोमांचक मैच में दो गोल से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया। क्वार्टर फाइनल मैच के मुख्य अतिथि बूढ़ेपुर ग्राम प्रधान समाजसेवी मनोज उपाध्याय रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल से मन और मस्तिष्क का विकास होता है। 45-45 मिनट के खेल में पहले हाफ में सीवान की टीम चंदौली पर लगातार दबाव बना रही थी और कई बार गोल का प्रयास किया, लेकिन चंदौली के कीपर गुफरान ने सभी प्रयास विफल कर दिया। दूसरे हाफ के 30वे मिनट में चंदौली के खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास से फैसल ने बेहतरीन गोल कर चंदौली को एक गोल से बढ़त बना लिया। दूसरा गोल 42वे मिनट में चंदौली के अजीत ने गोल कर बढ़त बना लिया। इस तरह चंदौली दो गोल से जीत कर सेमीफाइनल में जगह बना लिया। इस दौरान शाह आलम खान, मंजूर खान, केदार यादव, विष्णु शर्मा, नईमुल हक खान, अशोक, गोपाल राम, सहित अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कमेंट्री आतिफ खान, संचालन इनाम खान और निर्णायक राशिद खान व शमशाद खान रहे।

### हिन्दी लेखन के लिए सम्मानित हुए छात्र अरशान अजीज



**नियामताबाद।** महान लेखक व निबंधकार डा. विद्यानिवास मिश्र के जन्म शताब्दी वर्ष पर वाराणसी स्थित धर्म संघ में आयोजित कार्यक्रम में हिंदी कविता लेखन के लिए अलीनगर स्थित मुगलचक वार्ड के स्नातक के छात्र अरशान अजीज को सम्मानित किया गया। वाराणसी स्थित धर्म संघ में विद्याश्री न्यास वाराणसी, केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा, साहित्य अकादमी नई दिल्ली व लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के संयुक्त तत्वाधान में हिंदी उपन्यासों की कथा भूमि पर राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय लेखक शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ विद्यानिवास मिश्र एक महान पत्रकार, लेखक, ललित निबंधकार एवं उपन्यासकार थे, राष्ट्र ने उनकी साहित्यिक सफलताओं को तरजीह देते हुए राज्यसभा सांसद भी मनोनीत किया। उन्हें पद्मश्री, मूर्ति देवी पुरस्कार, विश्व भारती सम्मान, पद्म भूषण सहित कई पुरस्कार व सम्मान से भी नवाजा गया। उन्हें गोरखपुर विश्वविद्यालय में पाणिनि की व्याकरण पर डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया था, उन्होंने अमेरिका के बर्कले विश्वविद्यालय में भी शोध कार्य किया, वहीं अमेरिका के वाशिंगटन विश्वविद्यालय में अध्येता भी रहे वे गोरखपुर विवि में प्राचार्य व वाराणसी में संपूर्णानंद संस्कृत विवि के कुलपति भी रहे। उन्होंने अमेरिका के कैलिफोर्निया विवि व वाशिंगटन विवि में अध्यापन भी किया।

# अधजली लाश की नहीं हो पायी शिनाख्त

जांच

### एसपी के निर्देश पर बिहार पुलिस के सहयोग से जांच शुरू

### आयुष्मान कार्ड से शव के शिनाख्त में जुटी कोतवाली पुलिस

**सकलडीहा।** भोजापुर रेलवे क्रासिंग के समीप देशी शराब दुकान के सामने रेलवे ट्रैक के समीप बुधवार को दोपहर में झाड़ियों में करीब 40 वर्षीय अधजली लाश होने की सूचना पर सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच में जुट गई है। हालाकि अधजली लाश का शिनाख्त नहीं हो पाया है। कोतवाली पुलिस बिहार पुलिस की मदद से परिजनों को सूचना देने की बात कही है।

भोजापुर रेलवे क्रासिंग के समीप पोल संख्या 739/15 अप लाइन पर एक युवक की अधजल शव मिलने की सूचना मिलते ही कोतवाल हरिनारायण पटेल मय फोर्स मौके पर पहुंच गये। कोतवाल की सूचना पर एडीशन एसपी सहित फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर शव का शिनाख्त करने में जुट गयी है। शव ऐसा जला था कि पहचान करना मुश्किल था।

शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर मिले आयुष्मान कार्ड व बैंक पासबुक के आधार पर दूसरे दिन गुरुवार को सीएचसी पर पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मदद से शिनाख्त करने में जुटी रही।

कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि शव बुरी तरह जला हुआ था। जिसका शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। बिहार पुलिस को सूचना दिया गया है। उनके परिजन के आने के बाद ही शिनाख्त होगा। इसके बाद पीएम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

## पुलिस ने 20 गोवंश के साथ तस्कर को दबोचा

**चंदौली।** प्रभारी निरीक्षक अलीनगर विनोद कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में अलीनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बुधवार की शाम सिंधीताली ओवरब्रिज नेशनल हाईवे-19 पर गाड़ियो को रोककर चेकिंग की। इस दौरान पुलिस ने वाराणसी से आ रहे एक डीसीएम से 20 गोवंश को बरामद किया, जिन्हें डीसीएम में क्रूरतापूर्वक बांधा गया था। साथ ही एक तस्कर को पुलिस ने धर-दबोचा। चेकिंग के दौरान थाना अलीनगर पुलिस टीम द्वारा डीसीएम को चेक किया गया तो 01 शातिर गोतस्कर व 20 राशि गोवंश (कुल 16 राशि सांड जिसमे 09 राशि जिन्दा सांड, 07 राशि मृत व 04 राशि गाय क्रूरता पूर्वक बांधकर लादा हुआ पाया गया। इसके बाद पुलिस ने वाहन को किनारे खड़ाकर गिरफ्तार अभियुक्त से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम राहुल कुमार पुत्र राम दुलारे निवासी ग्राम कोखराज थाना कोखराज जिला कौशाम्बी बताया। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना अलीनगर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर डीसीएम में गोवंशों को कौशाम्बी से लादकर वध हेतु बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल ले जा रहे थे।

# आमजन की समस्याओं का करें निस्तारण

बोले आईजी

### आईजी मोहित अग्रवाल ने किया कोतवाली का निरीक्षण


चंदौली कोतवाली का निरीक्षण करते आईजी वाराणसी।

**चंदौली।** पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र मोहित गुप्ता गुरुवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान एसपी चंदौली आदित्य लांग्हे के साथ थाना कोतवाली चन्दौली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, भोजनालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, बैरक, शौचालय, हवालात, मालखाना व थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान थाना कार्यालय में सभी अभिलेखों, जनसुनवाई व महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टर में दर्ज शिकायतों का भी परीशीलन किया गया। थाना परिसर में खड़े वाहनों को अपराध के क्रमानुसार खड़ी कर नियमानुसार निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया गया। मालखाने का निरीक्षण कर मालखाना मुहर्रिर को माल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर रिस्पांस टाइम कम करने के लिए निर्देश दिया गया। इसके अलावा पुलिस कर्मियों संग मीटिंग कर आम जनमानस की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान के लिए लिए सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आईजी मोहित अग्रवाल ने ग्राम चौकीदारों के साथ गोष्ठी कर उचित निर्देश दिया साथ ही उपस्थित सभी ग्राम चौकीदारों को कम्बल वितरित किया गया।

थाना समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक चन्दौली राजेश कुमार सिंह को निर्देशित किया।

आईजी वाराणसी मोहित अग्रवाल का चन्दौली दौरे के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक माप-तौल परीक्षण का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आपरेशन अनिल कुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक सदर विनय कुमार सिंह, सीओ राजेश राय, आदि मौजूद रहे।

# गैंगरेप पीड़िता को न्याय व सुरक्षा मुहैया कराए सरकारः चंद्रिका बिंद

जनसंदेश न्यूज


बिछियां धरनास्थल पर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते प्रमसपा के लोग।

**चंदौली।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी ने गुरुवार को दो सूत्रीय मांगों को लेकर बिछियां धरनास्थल पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रमसपा कार्यकताओं ने प्रयागराज में हुए गैंग रेप की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया और मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद बिंद के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यक्ताओं ने प्रयागराज की गैंग रेप पीड़िता खुशबू बिंद को न्याय दिलाए जाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि गैंग रेप पीड़िता के दोषियों को गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए, ताकि ऐसी घटना भविष्य में किसी के साथ न होने पाए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने के साथ ही उसे सुरक्षा प्रदान किया जाए। कहा कि बलात्कार जैसे आपराधिक मामले बढ़ना समाज के लिए चिंता का विषय है। सरकार को ऐसी घटनाओं में त्वरित एवं कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए, ताकि कोई भी अपराधी ऐसे अपराध को कारित की हिम्मत ना जुटा सके। इस अवसर पर मोतीलाल बिंद, गणेश बिंद, रामलाल बिंद, रामजन्म बिंद, अनिता बंद, रामअवतार बिंद, रमेश बिंद, तपस्या बिंद, रणवीर बिंद, बेचन बिंद, डा. रमेश बिंद, पप्पू बिंद, निरहू बिंद, सीताराम बिंद, लालवचन बिंद, प्रेम कुमार पासवान, रामदुलार, शशिकांत मौर्य, जगरनाथ बिंद आदि उपस्थित रहे।

## 29 जनवरी को बंद रहेंगे जनपद के न्यायालय

**चंदौली।** जनपद न्यायालय चंदौली में 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। तत्पश्चात माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से प्राप्त पत्र द्वारा जनपद न्यायालयों में 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया। इस कारण उक्त तिथि को मकर संक्रांति के अवसर पर जनपद न्यायालय चंदौली में घोषित किये गये उपरोक्त स्थानीय अवकाश को निरस्त किया जाता है तथा उसके स्थान पर 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। लिहाजा 29 को जनपद न्यायालय चन्दौली के सभी न्यायालय एवं कार्यालय बंद रहेंगे।

## ठंड लगने से युवक की मौत

**चहनियां।** क्षेत्र के सुरतापुर गांव के पंकज यादव पुत्र स्व चंद्रशेखर यादव 32 वर्ष का ठंड लगने से पेट में दर्द उठा तो घर वाले पीएचसी चहनियां ले जा रहे थे कि रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। पीएचसी पर चिकित्सको ने जांचकर मृत घोषित कर दिया।

# पीएम आवास योजना से जुड़े सर्वेयर को दी ट्रेनिंग

प्रशिक्षण

### पीडी बोले, निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करें सर्वे का कार्य

**चंदौली।** विकास भवन के सभागार में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत नए पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करने को आवास प्लस सर्वे 2024 के लिए सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें विकास खंड सदर व नियामताबाद के सर्वेयरों को सर्वे कार्य की जानकारी दी गई। इस दौरान मास्टर ट्रेनर की ओर से सर्वेयर को आवास के सर्वे की तकनीकी जानकारी देने के साथ फिल्ड में किए जाने वाले कार्य की विस्तार से जानकारी दी गई।

परियोजना निदेशक बृजभान सिंह ने कहा कि सर्वे का कार्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ किया जाना चाहिए, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न होने पाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि सर्वे के दौरान सर्वेयर व लाभार्थी की फोटो संयुक्त रूप से अवश्य ली जाए, ताकि किसी भी स्थिति में अपात्र व्यक्ति योजना से लाभान्वित न होने पाए। कहा कि सर्वे का कार्य 28 फरवरी तक पूर्ण किया जाना है। ऐसे में सर्वेयर अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन करें, ताकि शासन के मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। सर्वेयर गांव में डोर टू डोर जाकर सर्वे करेंगे। लाभार्थी मुखिया की फोटो के साथ सर्वेयर की फोटो नितांत आवश्यक है, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर सर्वेयर की जिम्मेदारी तय की जा सके। बताया कि प्रत्येक लाभार्थी को आवास की कुल धनराशि 1.20 लाख रुपये दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि वर्ष 2029 तक प्रत्येक गरीब व्यक्ति को अपनी छत मुहैया कराई जाए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सहित बड़ी संख्या में सर्वेयर उपस्थित थे।

# पीडब्ल्यूडी की जमीन खाली करा कर सड़क चौड़ा करने की मांग

**डीडीयू नगर।** नगर क्षेत्र में सड़क सिकुड़ जाने के कारण यहां के निवासियों का आक्रोश चरम पर है। गुरुवार अपराह्न 12 बजे सुभाष पार्क में नगर के प्रबुद्ध जन बैठक किया। बैठक में पड़ाव से चली सिक्स लेन मुगलसराय के गुरुद्वारा के पास सिकुड़ कर फोर लेन में तब्दील हो जाने के कारण आक्रोशित दिखाई दिए। बैठक के बाद अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचकर पत्रक सौंपा।

नगर के अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे। उनसे प्रारंभिक डीपीआर और संशोधित डीपीआर की मांग की तथा उनको एक पत्रक दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक ने कहा कि मुगलसराय में जाम की समस्या बहुत जटिल है। यहां सड़क को चौड़ी करके लोगों को जाम से मुक्ति दिलाई जा सकती है या फिर फ्लाई ओवर बनाकर जाम से निजात दिलाई जा सकती है। आरोप लगाया कि वर्तमान समय में शासन सत्ता के दबाव में सिक्स लेन को फोर लेन में तब्दील कर दिया गया है। फ्लाई ओवर का निर्माण भी नहीं होगा। जो कि मुगलसराय के निवासियों के साथ अन्याय है। मुगलसराय की जनसंख्या दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। जिसकी तुलना में यहां की मेंन जी टी रोड भी छोटी पड़ने लगी है। आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी कहते है कि उनके पास जमीन की कमी नहीं है।

जीटी रोड डिवाइडर के दाहिने तरफ 110 फीट तथा बाएं तरफ 110 फीट तक पीडब्ल्यूडी विभाग की जमीन है। जिस पर निर्माण कराया जा सकता है। शासन से मांग किया कि उक्त जमीन पर भी निर्माण की अनुमति दी जाए या कम से कम सर्विस लेन बनाने की अनुमति अवश्य दे।

इस दौरान सोनू सिंह, चंद्रभूषण मिश्रा, नितेश, अजीत पटेल, विप्लव कुमार, अजीत कुमार आसिफ आलम, सरफराज, संजय सिंह, अभय कुमार सिंह बिप्लव नगर वासी मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन में अध्यक्ष व महामंत्री पद पर चुनाव आज

**सकलडीहा।** सकलडीहा बार एसो. की वार्षिक चुनाव शुक्रवार को सुबह दस बजे से अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिये होगा। इसको लेकर गुरूवार को चुनाव अधिकारी की ओर से तैयारी पूरी कर लिया गया है। चार बजे तक मतदान होने के बाद देर शाम को चुनाव परिणाम की घोषणा किया जायेगा। वार्षिक चुनाव में कुल 1421 अधिवक्ता मतदाता मतदान करेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी यशवंत सिंह यादव और सहायक चुनाव अधिकारी जनार्दन मिश्र व अरूण कुमार के नेतृत्व में सुबह 10 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगा। चार बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगा। अध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार यादव और अशोक कुमार यादव और महामंत्री पद पर जयप्रकाश यादव और रामराज सिंह यादव के बीच सीधी लड़ाई होगा। वही वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित कोषाध्यक्ष व कनिष्ठ उपाध्यक्ष और कार्यकारिणी में एकल उम्मीदवार होने पर निर्विरोध चुना जाना तय है। मौके पर अजय कुमार, शिव गोविंद, मनोज, उपेन्द्र नारायण, राजेश्वर, विजय प्रताप, सुभाष, नितिन, पंकज, अभय, शिवकुमार, श्रीकांत, जगदीश, राजकुमार, अखिलेश, विपिन, प्रभुनाथ, सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत अधिकारियों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**चंदौली।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र, चंदौली एवं उपनिदेशक (पंचायत) वाराणसी मंडल, वाराणसी के तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत नव नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों का 10 दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हुआ, जिसमें वाराणसी मंडल के तहत जनपद, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी के ग्राम पंचायत अधिकारियों का प्रशिक्षण किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दशवे दिन का शुभारंभ सुनील सिंह, वरिष्ठ फैकल्टी, प्रशिक्षक तथा प्रतिभागियों के साथ प्रार्थना करते हुए किया गया गया। आज प्रशिक्षण के अंतिम दिन आइजीआरएस, जेम पोर्टल, पंचायत पुरस्कार के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही 10 दिन दी गई जानकारी के आधार पर पोस्ट टेस्ट कराया गया और ट्रेनिंग का फीडबैक लिया गया प्रशिक्षण के अंत में ए.के. सिंह, प्राचार्य)/उपनिदेशक (पंचायत) वाराणसी मंडल वाराणसी के द्वारा प्रशिक्षण समापन संबोधन में कहा गया कि अब आप ग्राम पंचायत में पूरी ईमानदारी निष्ठा और लगन के साथ कार्य कीजिएगा इसके साथ सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर विनय दुबे, कन्हैया जी तथा वरिष्ठ फैकल्टी सुनील सिंह एवं वीरेंद्र श्रीवास्तव (पूर्व एडीओ पंचायत) के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर में जीजा व साला घायल

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के चकरिया गांव के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार जीजा और साला घायल हो गये। घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की मदद से 108 एम्बुलेंस से सकलडीहा सीएचसी लाया गया। वही प्राथमिक इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला हास्पीटल रेफर कर दिया गया। वही इसकी सूचना पर अजित का बड़ा भाई सोनू अपने बहनोई के साथ छितो गांव निवासी झूरी 50 के साथ देखने गये हुए थे। वहां से सोनू अपने ससुराल संघती गांव बाइक से जा रहा था। चकरिया गांव के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हालात गंभीर होने पर जिलाअस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# स्पोर्ट्स



लंदन में स्नूकर मास्टर्स 2025 में खेलते हुए केयरन विल्सन।

# भारतीय बल्लेबाजों को मिला नया गुरु सितांशु कोटक बने भारत के बैटिंग कोच



लक्ष्मण के साथ काम कर चुके

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक को इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज और चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले गुरुवार को भारत का बल्लेबाजी कोच बनाया गया। 52 वर्ष के कोटक लंबे समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी कोच हैं। वह सीनियर और ए टीमों के साथ दौरों पर जा चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सहायक कोच अभिषेक नायर का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ,यह स्पष्ट है कि अभिषेक नायर से खिलाड़ियों को मदद नहीं मिल पा रही है। कोटक लंबे समय से बल्लेबाजी कोच हैं और खिलाड़ी उन पर भरोसा करते हैं। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों की तकनीकी कमियां उजागर हुई और विराट कोहली आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर विकेट गंवाते रहे। कोटक ने घरेलू क्रिकेट में 15 शतक समेत 8000 से अधिक रन बनाये हैं। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। सूत्र ने कहा भारत ए टीम का दौरा होने वाला है और कोटक आम तौर पर ए टीमों के साथ रहते हैं। वह लेवल तीन के कोच हैं और अतीत में वीवीएस लक्ष्मण के सहायक रह चुके हैं। वह पिछले साल आयरलैंड दौरे पर भारत के कोच थे। चूंकि वह एनसीए स्टाफ हैं तो उन्हें कहीं भी भेजा जा सकता है। समझा जाता है कि मुंबई के पूर्व दिग्गज नायर समीक्षा के दायरे में है। ऐसा माना जा रहा है कि वह सिर्फ प्रभावी सीनियर खिलाड़ियों के लिये ही उपलब्ध रहते हैं, जिनकी उनकी नियुक्ति में भूमिका रही है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर महान पूर्व बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारतीय सहयोगी स्टाफ की भूमिका पर यह कहकर सवाल उठाया था कि कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ लगातार तकनीकी समस्या आने के लिये उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिये। सहयोगी स्टाफ में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्नी मोर्कल (गेंदबाजी) और नीदरलैंड के रियान टेन डोइशे (फील्डिंग) कोच हैं । वहीं ऑस्ट्रेलिया दौरे में बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित कई दिग्गज बल्लेबाज रन बनाने में असफल रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को सीरीज में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस प्रकार की कमजोर बल्लेबाजी से चिन्तित है और किसी पूर्व क्रिकेटर को नय बल्लेबाजी कोच बना सकता है हालांकि बोर्ड की ओर से भी तक इसके लिए कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। बीसीसीआई और टीम प्रबंधन के बीच इसको लेकर समीक्षा बैठक में भी बातें हुईं थीं। इस दौरान कई पूर्व बल्लेबाजों के नाम पर विचार हुआ।

अभी भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच गौतम गंभीर के अलावा गेंदबाजी कोच के तौर पर मोर्ने मॉर्केल हैं जबकि अभिषेक नायर सहायक कोच हैं। वहीं रयान डे डोशेट भी सहायक कोच की भूमिका में हैं जबकि टी दीलीप फील्डिंग कोच हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम की हार के बाद से ही कोचिंग स्टाफ पर भी लोग भड़के हुए हैं। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के एक ही तरीके के आउट होने पर भी सवाल उठ रहे हैं। कई दिग्गजों का मानना है कि सहायोगी स्टाफ में शामिल लोग क्या कर रहे हैं कि कोहली एक ही तरीके से बार बार अपना विकेट खो रहे हैं। वह 9 पारियों में 190 रन ही बना पाये। गौरतब है कि टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाजी कोच भरत अरुण ने हाल में कहा था कि भारतीय टीम में इस समय ऐसा कोई मौजूद नहीं है जो विराट कोहली को ये बात सके की वो कहां गलती कर रहे हैं। वहीं रोहित भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 पारियों में केवल 31 रन बना सके।

## इंग्लैंड दौरे से पहले तीन प्रैक्टिस मैच खेलेगी इंडिया

**आईपीएल के ठीक बाद शुरू होंगे मुकाबले, 5 टेस्ट की सीरीज 20 जून से**

**नई दिल्ली।** आईपीएल होने के बाद जून में होने वाले भारत के इंग्लैंड टेस्ट दौरे पर अपना दावा पेश करने के लिए युवा भारतीय खिलाड़ियों के पास एक बेहतरीन मौका होगा। इंडिया ए की टीम आईपीएल 2025 समाप्त होने के तुरंत बाद इंग्लैंड लायंस की टीम के खिलाफ तीन 4-दिवसीय मैचों का मुकाबला करने के लिए इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी। यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी तारीखों का ऐलान होना बाकी है। 25 मई को आईपीएल का फाइनल मुकाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज की शुरूआत होगी। भारत के बल्लेबाज टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। भारत को जिस तरह से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से मात मिली है, ऐसे में हो सकता है कि कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जाएं। भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफी मुकाबला है।

## बॉलीवुड न्यूज

### रुपाली गांगुली ने अनुपमा के किरदार को खास बनाया




**मुंबई।** स्टार प्लस का फेमस शो अनुपमा लोगों का दिल जीतना जारी रखे हुए है। इसकी इमोशनल कहानी, फैमिली ड्रामा और दमदार किरदार हर किसी को जोड़े रखते हैं। अब शो में एक बड़ा ट्विस्ट आने वाला है, जो कहानी में और ज्यादा इमोशन और तड़का लेकर आएगा। दर्शक ये जानने के लिए काफी एक्साइटेड हैं कि आगे क्या होगा। रुपाली गांगुली ने अनुपमा के किरदार को ऐसा खास बना दिया है कि अब ये रोल उन्हीं का सिग्नेचर बन चुका है। उनकी इमोशनल और शानदार परफॉर्मेंस हमेशा दिल छू लेती है। वहीं, आद्रिजा रॉय (राही) और शिवम खजूरिया (प्रेम) ने शो में नई ताजगी और इमोशनल ड्रामा का तड़का लगाया है। इनकी एंट्री से कहानी और भी दिलचस्प हो गई है। इसके साथ ही राहिल आजम (पराग), अल्का कौशल (मोती बा) और जलक देसाई (ख्याति) भी शो में अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। शो अनुपमा के मेकर्स ने हाल ही में एक जबरदस्त प्रोमो रिलीज किया है, जो फैंस के दिलचस्पी और एक्साइटमेंट को और बढ़ा देगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि एक चौंकाने वाला खुलासा होने वाला है, जिससे अनुपमा और राही दोनों हिल जाएंगी। प्रोमो में अनुपमा और राही कोठारी हाउस पहुंचती हैं, लेकिन वहां उन्हें कोठारी परिवार की बेरुखी और अपमान का सामना करना पड़ता है। खासकर मोती बा और पराग उनकी काफी बेइज्जती करते हैं। लेकिन अनुपमा और राही पीछे नहीं हटतीं, डटकर उनका जवाब देती हैं और अपनी बात साफ–साफ कहती हैं। एक दमदार ट्विस्ट में, प्रेम की एंट्री होती है और उसकी असली पहचान का खुलासा सबको चौंका देता है। असल में, प्रेम पराग और ख्याति का बेटा है, जो उस कहानी के बिलकुल उलट है जो उसने अनुपमा को बताई थी कि वह अनाथ है। ये सच सुनकर अनुपमा और राही पूरी तरह से हैरान रह जाती हैं। ये खुलासा उनकी ज़िंदगी में एक बड़ा तूफान लेकर आता है। इससे न सिर्फ उनके और प्रेम की रिश्ते पर असर पड़ेगा, बल्कि ढेर सारे भावनात्मक उलझनें भी पैदा होंगी। अब ये खुलासा अनुपमा, राही और प्रेम के रिश्ते को कैसे बदलेगा, ये देखना बड़ा दिलचस्प होगा। ये ट्विस्ट उनकी कहानी में और भी ड्रामा और इमोशनल मोड़ जोड़ देगा, जिससे दर्शकों की दिलचस्पी बनी रहेगी।

### जुनैद खान व खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' का 'रहना कोल' रिलीज




**मुंबई।** जुनैद खान और खुशी कपूर की रोमांटिक कॉमेडी लवयापा को लेकर काफी चर्चा हो रही है। ये दोनों की थिएट्रिकल डेब्यू है, जिसमें वो एक मॉडर्न रोमांस ड्रामा लेकर आ रहे हैं। लोग इसे देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। फिल्म का पहला गाना "लवयापा हो गया" पहले ही धमाल मचा चुका है, जिस पर हर कोई झूम रहा है। वहीं, इसका ट्रेलर प्यार और मजेदार रोमांस पर एकदम थ्रिल्ल- अंदाज पेश करता है, जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। काफी इंतजार के बाद मेकर्स ने अब फिल्म का दूसरा गाना "रहना कोल" रिलीज कर दिया है। यह एक खूबसूरत रोमांटिक गाना है, जो फिल्म की खूबसूरती को और बढ़ा देता है।इस गाने में फ्रेशनेस और प्यार का ऐसा तड़का है, जो हर किसी को वैलेंटाइन मूड में ला देगा। जुनैद खान और खुशी कपूर की केमिस्ट्री और परफॉर्मेंस गाने में दिल छू लेने वाली है, जो प्यार की फीलिंग को बहुत अच्छे से बयां करती है। इनकी नैचुरल केमिस्ट्री देखकर दिल में सच में तितलियां उड़ने लगेंगी। ये गाना अपने चार्म और फील के साथ साल का लव एंथम बनने वाला है।रहना कोल को जुबिन नौटियाल और जहरा एस खान ने बेहद खूबसूरती से गाया है, और इसके बोल गुरप्रीत सैनी ने लिखे हैं। तनिष्क बागची की कंपोजीशन गाने के रोमांटिक और आकर्षक माहौल को और बढ़ा देती है, जिससे ये गाना बार–बार सुनने के लिए एकदम परफेक्ट बन जाता है। परफेक्शनिस्ट फराह खान द्वारा कोरियोग्राफ किया गया ये गाना हर चीज में खास है और इसे देखना एकदम लाजवाब अनुभव है। लवयापा, जो मॉडर्न रोमांस की दुनिया में सेट है, एक दिल छू लेने वाली कहानी पेश करती है। इसमें दमदार परफॉर्मेंस, जोश से भरा म्यूजिक और खूबसूरत विजुअल्स ने इसे खास बना दिया है। फिल्म न केवल रोमांस को एक नई तरह से दिखाती है, बल्कि इसमें ऐसी बातें भी हैं जो दर्शकों को लंबे समय तक याद रहेंगी। प्यार के हर रंग को सेलिब्रेट करती लवयापा हर उम्र के दर्शकों के दिलों को छूने के लिए तैयार है। यह फिल्म 2025 की सबसे एक्साइटिंग सिनेमेटिक एक्सपीरियंस में से एक बनने वाली है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की पॉसिबल टीम, वनडे वर्ल्ड कप के 11 खिलाड़ियों का खेलना कन्फर्म



**नई दिल्ली।** अब चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने में करीब एक महीने का समय बाकी है। 8 में से 6 टीमों ने अपना स्क्वॉड रिलीज कर दिया है। जबकि भारत और पाकिस्तान ने आईसीसी से 19 जनवरी तक का समय मांग लिया। टीम इंडिया के वनडे स्क्वॉड में ज्यादातर प्लेयर्स लगभग तय है।

वहीं माना जा रहा है कि बीसीसीआई को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस रिपोर्ट आने का इंतजार है। रिपोट्र्स के अनुसार बुमराह ग्रुप स्टेज नहीं खेल सकेंगे। मोहम्मद शमी ने इंजरी से उबरने के बाद अब तक इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है, वहीं कुलदीप यादव ने भी पिछले दिनों सर्जरी कराई थी। तीनों ही प्लेयर्स का सिलेक्शन मैनेजमेंट के लिए सिरदर्द बना हुआ है। वहीं भारत ने 2023 का वनडे वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद 6 ही वनडे खेले। इनमें भी सीनियर प्लेयर्स महज 3 का हिस्सा रहे। भारत ने वर्ल्ड कप में फाइनल को छोड़कर सभी मैच जीते थे। टूनामेंट के बाद हुए इतने कम मैचों को देखते हुए लगता है कि चैंपियंस ट्रॉफी की टीम भी वनडे वर्ल्ड कप टीम की तरह ही रहेगी। हालांकि, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशान, शार्दूल ठाकुर और रविचंद्रन अश्विन इस टीम से बाहर हो सकते हैं। अश्विन रिटायर हो चुके हैं, वहीं शार्दूल को गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद से टीम में नहीं चुना गया। दूसरी ओर सूर्या और ईशान खराब फॉर्म और व्यवहार के कारण वनडे टीम से अपना पत्ता कटवा चुके हैं। ऐसे में टीम मैनेजमेंट को इन्हीं प्लेयर्स के रिप्लेसमेंट ढूंढने के लिए ज्यादा दिमाग खपाना होगा।

## विराट कोहली के रणजी खेलने पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** विराट कोहली रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे या नहीं, कोहली से यह सवाल पूछने की हिम्मत डीडीसीए के अधिकारी नहीं जुटा पा रहे हैं। दरअसल, कोहली का नाम दिल्ली रणजी टीम के संभावितों में शामिल हैं, लेकिन वे पिछले 13 साल से डोमेस्टिक क्रिकेट नहीं खेले हैं। ऐसे में डीडीसीए के अधिकारी अध्यक्ष रोहन जेटली और कोहली के कोच रहे राजकुमार शर्मा से कन्फर्मेशन का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने स्टार प्लेयर्स को डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने की सलाह दी थी। इसके बाद टीम इंडिया के विकेटकीपर ॠषभ पंत, ओपनर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल सहित कई स्टार खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में खेलने को तैयार हैं।

## नॉर्किया चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए

**जोहांसबर्ग।** अगले माह होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले ही दक्षिण अफ्रीका को करारा झटका लगा है। दक्षिण अफ्रीकी टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्किया चोटिल होने के कारण इस टूनार्मेंट में नहीं खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि अभी तक अपनी चोट से नहीं उबर पाये हैं। इस तेज गेंदबाज को ये चोट पिछले साल जून में टी20 विश्व कप फाइनल में लगी थी। उसके बाद से ही वह खेल में वापसी नहीं कर पाये हैं। बोर्ड ने हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी जो टीम घोषित की थी। इसमें नॉर्किया को भी शामिल किया था पर स्कैन जांच के बाद पाया गया कि वह इस टूनार्मेंट तक फिट नहीं हो सकते।

# डीएम ने की खाद्य व रसद विभाग के कार्यों व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग (आपूर्ति) के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी एवं सभी पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि नए राशन कार्ड बनाने एवं राशन कार्ड में संशोधन के लिए प्राप्त आवेदनों का समय सीमा के अन्दर निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। कोई भी आवेदन लंबित न रखा जाय।

शिकायतों का निस्तारण जांच कर नियमानुसार ही किया जाय। अपात्र लोगों के राशन कार्ड कटने की सूचना संबंधित को अवश्य दिया जाय। शेष रह गए ई-केवाईसी के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी देवमणि मिश्रा से रिक्त दुकानों की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि आगामी एक से डेढ़ माह के अंदर नियमानुसार रिक्त दुकानों की चयन की कार्यवाही पूर्ण करा लिया जाय। दुकानों के चयन में शासन की गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने सिंगल स्टेप डिलीवरी की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 75 के सापेक्ष अब तक 45 मॉडल शॉप का निर्माण कर पूर्ण हो चुका है तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 75 मॉडल शॉप के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें जमीन के चिन्हांकन की कार्यवाही की जा रही है।

# पटना में रणजी सत्र के दूसरे चरण में खेलते नजर आयेंगे रिंकू और नीतीश राणा



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी सत्र के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश से होने वाले मुकाबले में रिंकू सिंह और नीतीश राणा भी खेलते हुए नजर आयेंगे। हाल में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने को अनिवार्य बनाया था। इसी के तहत ही रिंकू सिंह और नीतीश राणा भी उत्तर प्रदेश रणजी टीम की ओर से खेल रहे हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला 23 से 26 जनवरी के बीच पटना में खेला जाएगा। इसके अलावा यूपी टीम के बल्लेबाज स्वास्तिक चिकारा, माधव कौशिक, प्रियम गर्ग, समीर रिजवी के प्रदर्शन पर भी इस मैच में लोगों की नजरें रहेंगी।

ग्रुप सी में खेल रही बिहार टीम को पांच मैचों में से 3 मैचों में पारी से हार मिली है। बंगाल के खिलाफ मुकाबला नहीं खेला जा सका. बिहार के पास अभी 1 अंक है। अब दूसरे चरण में बिहार अपना पहला मैच यूपी से घरेलू मैदान पर खेलेगी। वहीं दूसरा और इस सत्र का अंतिम मैच 30 जनवरी से होगा जिसकी मेजबानी केरल करेगा। साल 2022 में प्लेट ग्रुप में चैंपियन बनने के बाद से ही बिहार पिछले दो सत्र से एलीट ग्रुप में खेल रहा है। बिहार को अब हर हाल में अगले दो मैचों में से एक जीतना होगा तभी एलीट ग्रुप में रह पायेगा. बिहार अगर यह दोनों मैच हार जाता है तो एलीट ग्रुप से प्लेट ग्रुप में चला जाएगा।

## पाक ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टिकटों की कीमतें घोषित कीं

सबसे सस्ती टिकट है 310 भारतीय रुपये

लाहौर। पाकिस्तान ने अगले माह होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टिकट की कीमतें घोषित कर दी हैं। इसमें सबसे सस्ता टिकट भारतीय मुद्रा के हिसाब से 310 रुपए है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने स्टेडियम में क्रिकेट प्रशंसकों की भागीदार बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया है हालांकि इससे ये भी नजर आता है कि पीसीबी को भरोसा नहीं है कि अधिक तादाद में दर्शक स्टेडियम पहुंचेंगे। इसमें सेमीफाइनल के लिए पाकिस्तान के शीर्ष स्तरीयता प्राप्त वीवीआईपी टिकटों की सबसे अधिक कीमत 25,000 पाक रुपये है।

# कड़ाके की ठंड में नौगढ़ के जरूरतमंद ग्रामीणों में बंटा कंबल



नौगढ़ क्षेत्र में जरूरतमंदों में कंबल का वितरण करते जिलाधिकारी।

**चंदौली।** रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के सदस्यों की टीम नौगढ़ क्षेत्र में कंबल वितरित किया। सबसे पहले बाल्मीकि सेवा संस्थान नौगढ़ में वहां रह रहे छात्रावास के बच्चों के बीच कंबल वितरण किया गया।

इस दौरान कुल 600 कम्बल वितरण किया गया। इसके बाद में नौगढ़ तहसील मुख्यालय में जाकर वहां पर जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कुंदन कपूर एवं तहसीलदार सतीश कुमार के साथ नौगढ़ क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव चिकनी में ग्रामीणों के बीच कंबल वितरित किया गया। वहां से पूरी टीम जिलाधिकारी के साथ देवखत स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्थानीय ग्रामीणों के बीच कंबल वितरित किया गया।

पूरे कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपनी सहभागिता के साथ एक-एक व्यक्ति को अपने हाथों से कंबल दिया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में सरकारी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने लोगों को अपनी किसी भी समस्या के लिए जिला मुख्यालय को सूचित करने का आग्रह किया एवं उसके समाधान का भरोसा दिलाया। रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मिश्रा ने सभी को अपने बच्चों को शिक्षित करने एवं स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम में रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के सदस्यों में डीएस मिश्रा, राकेश जायसवाल, शैलेन्द्र कुमार सिंह, सुरेश पटेल, सुरेन्द्र सोनी, रवि गुप्ता, पीयूष अग्रवाल, अंकित सिंह उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष को लेकर लखनऊ में हुई बड़ी बैठक

**बलिया।** भाजपा जिलाध्यक्षों को लेकर गोरखपुर क्षेत्र से जुड़े कुल 11 जिलों में नये अध्यक्षों को लेकर पार्टी की एक आवश्यक बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय, प्रदेश चुनाव अधिकारी महेन्द्रनाथ पाण्डेय, सह चुनाव अधिकारी संजीव चौरसिया आदि नेताओं ने बैठक की है। बैठक के बाद चर्चा यह हो रही है थी कि 20 जनवरी तक जिला अध्यक्षों की घोषणा हो जायेगी। दूसरी चर्चा यह हुई कि लखनऊ की बैठक के बाद अगली बैठक दिल्ली में होगी और वहां निर्णय लिया जायेगा कि गोरख प्रांत के 11 जिलों में अध्यक्ष की कमान किसको सौंपी जाये। उधर संजय मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से मुलाकात की है। संजय मिश्रा के मुलाकात के बाद बलिया के राजनैतिक गलियारों में चचाओं का बाजार गर्म है। अब देखना यह होगा कि बलिया का जिलाध्यक्ष कौन होता है।

## संन्यास के बाद भी मोटी कमाई कर रहे धवन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी मोटी कमाई कर रहे हैं। धवन आजकल फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेल रहे हैं। वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद नेपाल प्रीमियर लीग और बिग क्रिकेट लीग में खेलते हुए दिखे थे। धवन की कमाई का स्त्रोत लीग क्रिकेट के साथ ही विज्ञापन हैं। उनकी उनकी नेटवर्थ लगभग सवा सौ करोड़ पहुंच गयी है। धवन एंडोर्समेंट से ही हर महीने लाखों की कमाई करते हैं। उन्होंने कई बड़ी कंपनियों में निवेश भी किया है। धवन के पास दिल्ली में एक आलीशान घर भी है। एक रिपोर्ट के अनुसार धवन की नेटवर्थ लगभग 125 करोड़ रुपये के आसपास है।

# कीनाराम मठ में लगा मेडिकल कैंप, दवाइयां व कंबल बांटे



**चहनियां।** क्षेत्र के रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम अघोरपीठ मठ रामशाला में गुरुवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चंदौली के नेतृत्व में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया।

उक्त कैम्प में जनपद के कुछ समाजसेवी डाक्टर रमाशंकर सिंह, डॉ संजय यादव, डॉ शैलेश श्रीवास्तव, डा.पीएन दुबे, डा. अश्वनी कुमार, डा.दिनेश सिंह, डॉ सुधीर कुमार, डॉ अरुण सिंह, डॉ गौतम त्रिपाठी ने टीम बनाकर सेवा करने का संकल्प लिया है। क्षेत्र से हजारों लोगों का निःशुल्क चिकित्सा एवं दवा वितरण किया। जनसेवा कैंप में लगभग चार सौ लोगों की मुफ्त जांच की गई, जिनमें साठ मोतियाबिंद के मरीजों को जांच कर दवा दी गई। उनमें से रिपोर्ट के हिसाब से ऑपरेशन किया जाएगा।

डाक्टरों ने बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी सलाह दी। इसी कड़ी में 325 निर्धन लोगों को मुफ्त में कंबल का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक धनंजय सिंह ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा से बढ़कर कोई बड़ा कर्तव्य या धर्म नहीं है।नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि सबको मिल कर पीड़ित तथा जरूरतमंद लोगों की सेवा करना चाहिए। इस मौके पर सूर्यनाथ सिंह, मठ व्यवस्थापक मेजर अशोक सिंह, देवदत्त पाण्डेय, शिवाजी सिंह, संतोष पटेल, कुलदीप वर्मा, फग्गू गुरु, अमृत पाठक, पंकज पांडेय, शीतल गुप्ता, अभिषेक सैनी, दिलीप यादव, रामकृपाल सिंह, सुनील विश्वकर्मा, अशोक कुशवाहा, मुकेश साहनी मौजूद रहे।



गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। ऐसे में पर्व की पूर्व संध्या पर पूजन सामग्री की खरीदारी करती महिलाएं।

# जौनपुर



## पैसे के लेन देन को लेकर हुई थी किन्नर के पार्टनर की हत्या

**खुलासा**

**पुलिस ने किया खुलासा, हत्या के मुख्य आरोपित सहित चार गिरफ्तार, एक यूट्यूबर भी शामिल**

**घटना में प्रयोग किया गया असलहा और मोटरसाइकिल पुलिस ने किया बरामद**



**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र स्थित मोहल्ला रशीदाबाद में दो जनवरी की रात को गोपाल शर्मा उर्फ गोपाल विश्वकर्मा पुत्र अमरदेव शर्मा की बाइक सवार हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक गुरु गोविन्द सिंह नगर अजमतगढ़ थाना जीयनपुर जनपद आजगमढ का निवासी था।

इस मामले में थाना लाइन बाजार में मामला पंजीकृत कर पुलिस, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम गहनता से खोजबीन कर रही थी। शातिर अभियुक्तों ने बहुत ही प्लान करके हत्या की शाजिश रची थी लेकिन पुलिस की पकड़ से दूर नहीं जा सके। घटना में शामिल 4 वांछित अभियुक्तों को पिस्टल, कारतूस व मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि विगत 2 जनवरी को लाइन बाजार थाना क्षेत्र के रशीदाबाद में गोपाल विश्वकर्मा नामक एक युवक की गोली मारकर हत्या की सूचना मिली थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज करके पुलिस और एसओजी स्वाट टीम और पुलिस की दो टीमें द्वारा लगातार मामले की छानबीन की जा रही थी। लगातार पूछताछ करके इस घटना का सफल अनावरण किया गया है। चार अभियुक्तों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है जिसमे विनोद कुमार बिंद, प्रदीप कुमार, अंकित कनौजिया और बृजलाल प्रजापति शामिल हैं। पूछताछ में मामला जो सामने आया है उसमें सोनी किन्नर के साथ मृतक गोपाल विश्वकर्मा पार्टनर के रूप में रहा करता था। बीते 6 मई को उसकी मौत के बाद भी यह भी वहां स्थान बनाए हुए था और जो इनकम होती थी उसको यह शेयर लेता था। यह बात सोनी किन्नर की शिष्या शीला किन्नर के पार्टनर बृजलाल द्वारा इस घटना को कारित करने के लिए पिछले डेढ़ साल से प्रयास किया जा रहा था। इसलिए पूर्व में भी मृतक के ऊपर दो बार हमला किया जा चुका था। अंशु द्वारा 2 जनवरी को अपने तीन साथियों जिनको ये जानता था बुलाकर इन्होंने गोपाल की हत्या के लिये 8 लाख रुपये देने का वादा करते हुए 10 हजार रुपए एडवांस के रूप में दिया था। तीन लड़के बाइक से आए थे जिनकी पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी। दो असलहों से इसकी हत्या करने का प्रयास किया गया था और घटना में प्रयुक्त दोनों असलहे बाइक बरामद किया गया है। पूरे घटना की बैकवर्ड लिकेज अप्लाई करके असल में बेचने वाले और उनको खरीदने वालों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा और पूरे घटना में गैंगस्टर सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

मृतक आजमगढ़ का रहने वाला था इसके खिलाफ भी आजमगढ़ में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। हत्या करने वालों में शामिल एक अपराधी यूट्यूब पर भी है इसके लगभग 3 मिलियन लोग सब्सक्राइबर भी हैं जबकि एक अभियुक्त जो कि इसी तरह का क्रियाकलाप करके जिला पंचायत का चुनाव भी लड़ने की फिराक में था। गिरफ्तार अभियुक्तों में विनोद कुमार बिन्द पुत्र श्यामलाल बिन्द निवासी फूलपुर थाना लाइन बाजार, प्रदीप बिन्द पुत्र सोमारू बिन्द निवासी चिकसावा थाना बरदह जनपद आजमगढ़, अंकित कनौजिया पुत्र दशरथ कनौजिया निवासी इमामपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर वांछित थे को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 2 पिस्टल, 5 जिन्दा कारतूस, 1 मोटरसाइकिल सुपर स्पलेण्डर काला रंग बिना नम्बर, 2700 रुपये नकद व घटना के बाद जलाये गये कपड़ों के अवशेष को बरामद किया गया तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त मे धारा 3(5)/238 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

## संक्षेप

### 25 हजार का इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मड़ियाहूं।** बरसठी थाना क्षेत्र के पल्टूपुर गांव में जमीनी विवाद में हुई हत्या में वांछित 25000 के इनामी अभियुक्त को बरसठी पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने मड़ियाहूं कोतवाली में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान बताया कि प्रभारी निरीक्षक बरसठी राजेश यादव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मनजीत कुमार मय हमराही दिनांक 2 मई 2024 को पलटूपुर में हुई हत्या में 25000 का वांछित इनामी अभियुक्त राजनाथ यादव पुत्र केसनाथ यादव को उसके लोकेशन के आधार पर मुंबई महाराष्ट्र के पते बिल्डिंग नंबर 3 रूम नंबर 303 न्यू हिल नार्वे पार्क गोविंल नगर से संबंधित थाना अंबरनाथ मुंबई महाराष्ट्र से प्राप्त सहयोग से गिरफ्तार किया, जिसको ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### गल्ला व्यवसायी से हुई लूट में एक गिरफ्तार, नकदी बरामद

**मड़ियाहूं।** बरसठी पुलिस द्वारा गल्ला व्यवसायी से हुई लूट के आरोप में एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से 24330 रुपए नकद बरामद किया है। गुरुवार को मड़ियाहूं कोतवाली परिसर में पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने बताया कि 23 नवंबर 2024 को निगोह जरौना मार्ग पर किराना व्यवसायी दीपक जायसवाल उर्फ भोलू को गंभीर रूप से घायल कर उसकी बाइक व वसूली का रुपया लूटने के मामले में बरसठी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर घटना के अनावरण के लिए कई टीमों का गठन किया था। जिसमें प्रभारी निरीक्षक बरसठी राजेश यादव उप निरीक्षक मनजीत कुमार द्वारा लूट की घटना में शामिल एक अभियुक्त आलोक गौतम पुत्र सुभाष गौतम निवासी ग्राम मीरपुर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर को जंघई रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से लूट के 24330 रुपए नकद बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि वह अपने दो अन्य साथियों के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तारी के लिए जगह जगह दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपी के ऊपर आधा दर्जन मुकदमें बरसठी व मीरगंज में दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपों का चालान न्यायालय भेज दिया।

### चोरी की योजना बना रहे चार गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नटौली गांव में चोरी की योजना बना रहे चार चोरों को चोरी करने के औजारों के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान भेज दिया गया। क्षेत्र के नटौली गांव के बैरकडीह मार्ग स्थित एक टयूबल पर गुरुवार की भोर में चोरी की योजना बना रहे चोरों को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह व उपनिरीक्षक प्रदुम्न मणि त्रिपाठी ने हमराहियों के साथ दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में ताखा नाम पता बताया ताखा पूरब गांव निवासी 25 वर्षीय रोहित सेठ पुत्र भगवती सेठ, सुरिस गांव निवासी 18 वर्षीय सुंदरम तिवारी पुत्र विश्वजीत तिवारी व कोरवलिया गांव निवासी 18 वर्षीय गणेश कुमार पुत्र बसन्त लाल व सीमांत यादव पुत्र अनिल यादव बताया। जिनके पास से मौके पर चोरी करने के औजार एक हथौड़ी, एक पेचकस, छीनी, लोहे की राड तीन चोरी की मोबाइल बरामद हुआ। पकड़े गए चोरों पर पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने चारों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया।

### राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

**केराकत।** केराकत स्पोर्ट्स एकेडमी फेडरेशन के तत्वावधान में मुलायम सिंह यादव स्मारक राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। संस्थापक लालजी यादव के अनुसार सारे खेल नार्मल स्कूल के मैदान पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच शुक्रवार को खेला जाएगा। प्रतियोगिता में मेरठ, मिर्जापुर, प्रयागराज, गोरखपुर, आजमगढ़ और वाराणसी की मंडल स्तरीय टीमें प्रतिभाग करेंगी।

### सड़क दुघर्टना में दो युवकों की मौत, एक घायल

**नौपेड़वा।** जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ हाइवे पर तेज रफ़्तार बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी वहीं एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनो को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया गया जहां दोनों युवकों की मौत की पुष्टि हुई। बाइक सवार तीनों युवक कुल्हनामऊ हाइवे हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचे ही थे कि वाराणसी की तरफ जा रही तेज रफ़्तार बस यूपी43 टी7228 ने बाइक यूपी 72बीआर 1511 में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बस में फंस गई और बाइक पर सवार तीनो युवकों में रिषभ उपाध्याय पुत्र स्व. अशोक उपाध्याय उम्र 25 वर्ष और अनुराग उपाध्याय पुत्र रामअनुज उम्र 28 वर्ष निवासी करौंदहा अमरगढ़ जिला प्रतापगढ़ की मौत हो गई जबकि एक युवक निन्हू गौतम पुत्र स्व. माताफेर उम्र 23 वर्ष निवासी करौंदहा अमरगढ़ जिला प्रतापगढ़ बुरी तरह घायल हो गए जिसे प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बस को पुलिस कब्जे में लेकर तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्यवाही में लगी हुई है।

## नव विवाहिता ने ससुराल वालों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप



**जफराबाद।** जलालपुर थाना क्षेत्र के कबूलपुर गांव की एक नवविवाहिता ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कलेक्ट्रेट में शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी शादी 5 नवंबर 2023 को आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र के हरबंशपुर निवासी आतिफ खान से हुई थी।

शादी में लड़की पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार होंडा एसपी125 बाइक, बेड, आलमारी, सोफा सेट, डाइनिंग टेबल, फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन के साथ दूल्हे को सोने की चेन, छह अंगूठी, घड़ी और 2 लाख रुपए नकद दिए। दुल्हन को भी ढाई तोला सोने की चेन, तीन तोला झुमका और चांदी की पायल दी गई। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके पति आतिफ खान, सास रुखसाना, ससुर शकील अहमद, जेठ हामिद और माजिद खान, देवर सलीम खान, जेठानी बुसरा और ननद साइमा उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोपियों ने दहेज में 10 लाख रुपए और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की। जब पीड़िता ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बताते हुए असमर्थता जताई, तो उसे और उसके परिवार को गालियां दी गईं। पीड़िता के मुताबिक उसके माता-पिता ने रिश्तेदारों से उधार लेकर शादी की थी और अब अतिरिक्त दहेज देने की स्थिति में नहीं हैं। मामले में पुलिस जांच की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर उमड़ी खरीदारों की भीड़

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** पुत्रों के दीघार्यु की कामना के लिए रखा जाने व्रत गणेष चतुर्थी की पूर्व सन्ध्या पर खरीदारी के लिए बाजार में भीड़ उमड़ पड़ी। जिले में श्रीगणेश चतुर्थी व्रत की तैयारियां पूर्व से शुरू हो गई। शुक्रवार को महिलाएं व्रत रखकर पुत्रों के दीघार्यु की कामना करेंगी। पर्व में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों की खरीदारी के साथ विघ्न विनाशक श्रीगणेश के पूजन की तैयारियां की जा रही है।

शहर के प्रमुख बाजारों में गुड़, तिल, फल, कन्दा आदि सामग्री की दुकानें गुलजार रही। यहां लोगों ने मंहगाई की फिक्र छोड़कर खूब खरीदारी की। पर्व मनाने में महिलाओं के साथ सभी में उत्साह दिख रहा है। ज्ञात हो कि माघ मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी, माघी चतुर्थी या तिल चैथ के नाम से जाना जाता है। साल भर में पड़ने वाली गणेश चतुर्थी में यह सबसे बड़ी चतुर्थी मानी गई है। इस दिन भगवान गणेश की आराधना सुख-सौभाग्य की दृष्टि से श्रेष्ठ माना गया है। इस दिन माताएं संतान के दीर्घायु की प्रार्थना करती है और चंद्र दर्शन कर दूसरे दिन पंचमी में पारण करती है। श्री गणेश चतुर्थी के दिन श्री विध्नहर्ता की पूजा-अर्चना और व्रत करने से समस्त संकट दूर होते है। अपनी संतान की दीर्घायु के लिए माताए व्रत रखती हैं और अपने पुत्र के उज्वल भविष्य की कामना करती हैं। यह व्रत सम्पूर्ण सुखों को देने वाला होता है। बताया गया कि चतुर्थी के दिन गणेश भगवान का जन्म हुआ था। इसी उपलक्ष्य में व्रत मनाया जाता है। एक समय रात्रि को चंद्र उदय होने के पश्चात फलाहार करना उत्तम रहता है। रात में चन्द्र को अर्ध्य देकर गणेश चतुर्थी का उपवास जो लोग पूर्ण श्रद्धा व विश्वास के साथ रखता है, उसे रिद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होने के साथ-साथ जीवन में आने वाली विध्न बाधाओं का भी नाश होता है।

## गला घोंटकर हुई थी दंपति की हत्या

जनसंदेश न्यूज

**पर्दाफाश**

**साक्ष्य छुपाने के लिए शव को फेंका गया था नहर में**

**पीएम रिपोर्ट में गला दबाने से दंपति की मौत का खुलासा हुआ**

**रिपोर्ट के खुलासे ने सबको अचंभित कर दिया**

**खुटहन।** बिशुनपुर ग्राम पंचायत के मलूकपुर गांव में गत 5 जनवरी को खेत की सिंचाई करने गए दंपति की मौत का कारण अभी तक बगल के काश्तकारों द्वारा फसल की सुरक्षा हेतु विद्युत प्रवाहित नंगे तार की चपेट में आ जाने से मना जा रहा है। पुलिस आरोपित काश्तकारों के बयान को आधार मानकर अपहरण व हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना का पदार्फाश भी कर दिया था। गुरुवार को पीएम रिपोर्ट आते ही घटना में नया मोड़ आ गया जिसमें स्पष्ट किया गया है कि दंपति की मौत करेंट से नहीं, गला घोंटने से हुई है।

गांव निवासी 58 वर्षीय रामचरित्तर गौतम अपनी 56 वर्षीया पत्नी किस्मत्ती देवी के साथ गत 5 जनवरी की भोर अपने घर से लगभग चार सौ मीटर दूर बंटाई पर लिए खेत की सिंचाई करने गए थे जहां से संदिग्ध हाल में दोनों लापता हो गए। घटनास्थल पर उनकी साइकिल, चप्पल और फावड़ा पड़ा मिला था। घटना के दूसरे दिन मृतक की बेटी सरिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बगल के काश्तकार अकबरपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान कमलेश सिंह उनके भाई अखिलेश सिंह, सुनील सिंह व एक अन्य काश्तकार फसल की सुरक्षा हेतु नंगे तार की बाढ़ घेरें है। उससे सटा हुआ बंटाई का हमारा खेत होने के चलते वे रंजिश रखते थे। उस दिन जब दोनों लोग खेत की सिंचाई उनके मेड़ की तरफ कर रहे थे तो उक्त लोगों ने नंगे तार में विद्युत करेंट प्रवाहित करा दिया जिसकी चपेट में आकर मेरे माता पिता की मौत हो गई। साक्ष्य छुपाने के लिए शव गायब कर दिया। आरोप के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर काश्तकार कमलेश सिंह को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उन्होंने पुलिस को गुमराह करते हुए स्वीकार किया कि उनकी मौत बाढ़ के तार के करेंट की चपेट में आने से हुई थी। कानून से बचने के लिए दोनों शवों को वाहन में लाद लगभग आठ किमी दूर बासूपुर गांव के शारदा सहायक नहर में फेंक दिया था। घटना के नौवें दिन 13 जनवरी को पुलिस ने पत्नी का शव तथा दूसरे दिन 14 को पति का भी शव बरामद कर पीएम हेतु भेज दिया। पीएम रिपोर्ट में घटना में एक नया मोड़ आते ही प्रशासनिक अमले में खलबली मच गई जिसमें स्पष्ट किया गया है कि दंपति की मौत करेंट से नहीं बल्कि गला घोंटकर उनकी हत्या की गई है। हालांकि पहले करेंट से मौत के बाद साक्ष्य छुपाने की बात पुलिस भले ही व्यवहारिक रूप से स्वीकार कर रही थी लेकिन आरोपितों के खिलाफ अपहरण और हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया था। तब लोगों में चर्चा थी कि मामला गैर इरादतन हत्या का होना चाहिए था। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के खुलासे ने सबको अचंभित कर दिया। क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में गला दबाने से दंपति की मौत का खुलासा हुआ है।

## डीसीएम से टकराकर नौनिहाल घायल

**सुइथाकला।** मां के साथ दिल्ली से ननिहाल आया एक चार वर्षीय नौनिहाल गुरुवार को रूधौली बाजार में डीसीएम से टकराकर घायल हो गया। घायलावस्था में उसे स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि कम्मरपुर गांव निवासी राजन सिंह का चार वर्षीय बेटा वेदांत अपनी मां के साथ पूरासम्भलशाह स्थित अपने ननिहाल में आया हुआ था। गुरुवार को आटो रिक्शा द्वारा अपनी मां और नानी के साथ रूधौली बाजार आया हुआ था। बाजार में ओवरटेक के दौरान उक्त नौनिहाल का सिर डीसीएम से टकरा गया। जिसमें वह घायल हो गया। हालांकि आटो चालक उसे स्थानीय सीएचसी ले गया पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## डीसी मनरेगा ने किया विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



**सुइथाकला।** गुरुवार को डीसी मनरेगा सुशील तिवारी ने विकास क्षेत्र में मनरेगा के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में कार्यस्थल तक पहुंचकर चल रहे विकास कार्यों को जायजा लिया।

सर्वप्रथम जंगीपुर में बनिया बांध तालाब से जय प्रकाश के चक तक चल रहे कच्चे नाले की खोदाई में उन्हें कुल 103 मजदूर कार्यरत मिले तथा कार्य भी संतोषजनक पाया गया लेकिन साइनबोर्ड न लगा होने से उन्होंने तकनीकी सहायक रवींद्र को कड़ी फटकार लगाई। मौके पर उपस्थित एपीओ राहुल मिश्र को तत्काल साइनबोर्ड की स्थापना कराने का निर्देश दिया। खानपुर में सीसी सड़क व पक्की नाली के निरीक्षण के दौरान एपीओ को सभी घरों को नाली से जोड़ने का निर्देश दिया। वहां चेंबर आदि का निर्माण कार्य पूरा मिला। इसी तरह कटघर में डोमवा तालाब से शेखाहीं सरहद तक नाले की खोदाई करते हुए 73 मजदूर मिले। सारी जहांगीर पट्टी में बड़ौना सरहद से कुवँर नदी तक नाले की खोदाई में कार्यस्थल पर 64 मजदूर मिले जिससे कार्य के प्रति संतोष व्यक्त किया। इस दौरान मौके पर मौजूद मातहत अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता तथा समय सीमा का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी।

## विधवा महिला से बैंकमित्र ने धोखाधड़ी कर निकाला 90 हजार रुपया

**धोखाधड़ी**

**शिकायत पर शाखा प्रबन्धक ने दिया रुपये वापसी का भरोसा**

**केराकत।** क्षेत्र के तरियारी गांव निवासी विधवा महिला राबिया खातून से बैंकमित्र ने धोखाधड़ी करते हुए खाते से रुपए निकाल लिए। दूसरी बार रुपए निकालने पहुंची विधवा तो घटना की जानकारी हुई तो उसने शाखा प्रबन्धक से शिकायत की। शाखा प्रबन्धक ने रुपए वापसी का भरोसा दिलाया है।

भुक्तभोगी राबिया खातून ने बताया कि उनका खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की तरियारी शाखा में है। तीन माह पूर्व वह एक हजार रुपये निकालने तरियारी बैंक गई थीं। बैंक में उन्हें बताया गया कि बाहर बैंकमित्र से निकलवा लिजिए। वह बाहर बैंक मित्र के पास गयी और बैंक मित्र से एक हजार निकलवाया। बैंक मित्र ने धोखाधड़ी करते हुए 91 हजार निकाल लिए और राबिया को एक हजार दे दिया। दो दिन पूर्व जब राबिया खातून फिर से बैंक गईं और अपने खाते का बैलेंस चेक कराया तो 90 हजार रुपये की कमी देखकर वह दंग रह गईं। राबिया खातून ने तत्काल इस मामले की जानकारी शाखा प्रबंधक फ्रांसिस सोरेंग को दी। शाखा प्रबंधक ने जांच में पाया कि महिला के खाते से कुल 91 हजार रुपये आधार कार्ड के माध्यम से निकाले गए हैं। जांच के बाद बीसी संचालक ने पैसे निकालने की बात स्वीकार कर ली। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बीसी संचालक रामप्रवेश यादव ने महिला को पैसे लौटाने का आश्वासन दिया है और उनकी बीसी सेवा को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। यदि संचालक द्वारा समय पर राशि वापस नहीं की गई, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही पीड़िता ने बताया कि यह राशि उनके बेटे की शादी के लिए बचाई गई थी, जो 16 जून को तय है।

## गंगा परिक्षेत्र में गिरते भूजल स्तर पर गहन शोध जरूरी : कुलपति

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**बीएचयू के विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को दी गई रेसिस्टिविटी सर्वे की ट्रेनिंग**

**भूजल स्तर का पता लगाने में कारगर तकनीक है रेसिस्टिविटी सर्वे**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) वाराणसी के विशेषज्ञों द्वारा रेसिस्टिविटी सर्वे से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भू-भौतिकी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के 31 एवं रज्जू भइया संस्थान के भौतिकी एवं जियोलॉजी विषय के छात्रों ने प्रतिभाग किया । इस सर्वे का उद्देश्य गंगा के मैदानी भाग में गिरते भूजल स्तर का पता लगाना और इस दिशा में शोध कार्यों को बढ़ावा देना एवं छात्रों को संबंधित तकनीक के उपयोग करने हेतु प्रक्षिशित करना था।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि गंगा परिक्षेत्र में गिरते भूजल स्तर पर गहन शोध करना समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के व्यावहारिक अनुभव छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान देंगे, बल्कि उन्हें समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूक भी बनाएंगे। अवगत हो कि कुलपति प्रो. वंदना सिंह के नेतृत्व में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में जल शोध संस्थान की स्थापना की जा रही है जिसके माध्यम से पूर्वांचल क्षेत्र की जल सहित पर्यावरणीय विषयों पर शोध कार्य किया जाएगा।

यह शोध संस्थान राज्य में प्रथम होगा जो उपरोक्त विषयों पर शोध हेतु विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करेगा। प्रशिक्षण सत्र में बीएचयू के विशेषज्ञों ने छात्रों को रेसिस्टिविटी सर्वे की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराया। उन्होंने डेटा संग्रह, उपकरण संचालन और विश्लेषण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए बताया कि यह तकनीक भूजल स्तर के साथ-साथ भूमि की आंतरिक संरचना और खनिजों का भी अध्ययन करने में सहायक है। बीएचयू के विशेषज्ञ प्रोफेसर उमाशंकर ने कहा कि इस तरह के व्यावहारिक अनुभव छात्रों को उनके शोध कार्यों में नई दिशा प्रदान करेंगे। गंगा के मैदानी भाग में जल संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए तमाम संभावनाएं हैं जिन पर गहन शोध किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर छात्रों के साथ ग्रुप फोटो भी की गई। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, प्रो. देवराज, प्रोफेसर प्रमोद यादव, प्रो. सौरभ पाल, प्रोफेसर राजेश शर्मा, प्रोफेसर अजय द्विवेदी, प्रोफेसर मनोज मिश्र, प्रोफेसर गिरिधर मिश्र, अजीत प्रताप सिंह, डा. शशिकांत यादव, डा. धीरेंन्द्र चौधरी, डा. श्याम कन्हैया आदि उपस्थित रहे।

## कुलपति ने बैठक में प्रोजेक्ट के प्रगति की समीक्षा की



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वंदना सिंह की अध्यक्षता में पीएम-उषा प्रोजेक्ट के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्यों के साथ वित्त अधिकारी और कुलसचिव ने भाग लिया। बैठक में प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा करते हुए कुलाधिपति एवं राज्यपाल के निर्देशानुसार, प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समयबद्ध निगरानी के लिए निगरानी समिति के गठन का निर्णय लिया गया। सह-समन्वयक डॉ. धीरेन्द्र चौधरी ने प्रोजेक्ट के अंतर्गत क्रय की वर्तमान स्थिति से बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को अवगत कराया। वहीं, प्रोजेक्ट समन्वयक प्रो. गिरिधर मिश्र ने कुलाधिपति की अध्यक्षता में शासन के साथ हुई ऑनलाइन बैठक के निर्देशों को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के समक्ष प्रस्तुत किया तथा यह भी बताया की इस प्रोजेक्ट से जुड़े सभी भुगतान रठअ स्पर्श के माध्यम से सीधे किए जाएंगे। कुलपति प्रो. वंदना सिंह बैठक में प्रोजेक्ट के प्रगति की समीक्षा की एवं प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि जेम शासनादेश के तहत जेम पोर्टल के माध्यम से सभी उपकरणों की खरीद की जाए। बैठक में वित्त अधिकारी संजय राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, उप-सचिव अजीत सिंह बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. मनोज मिश्र, सौरभ पाल, प्रो. राम नारायण, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. आलोक दास आदि उपस्थित रहे।

# विद्युतकर्मी लामबंद, निजीकरण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन



**भदोही।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर पूर्वांचल विद्युत वितरण व दक्षिणांचल विद्युत वितरण के निजीकरण के विरोध मे जनपद मुख्यालय पर गुरुवार की शाम पांच बजे से छः बजे तक विद्युत कर्मियों ने एक घण्टे विरोध प्रदर्शन किया गया।

सभा में उपस्थित क्षेत्रिय सचिव इंजीनियर अभिषेक प्रजापति ने बताया कि निजीकरण किसी के हित मे नही है चाहे व कर्मचारी हो या उपभोक्ता। निजीकरण होता है तो कर्मचारियों और उपभोक्ताओं दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसी क्रम में इंजीनियर आरपी यादव ने बताया कि निजीकरण किसी भी हाल मे स्वीकार नही किया जायेगा। जनपद अध्यक्ष इंजीनियर विनोद प्रजापति ने यह बताया कि निजीकरण के विरोध मे जनपद भदोही का एक-एक सदस्य पूरे तन-मन से तैयार है तथा प्रबन्धन की गलत नीतियों का पुरजोर विरोध किया जायेगा। विरोध सभा के क्रम मे इंजीनियर ईश्वर सरन सिंह, मनोज कुमार, ब्रम्हदत्त पटेल, प्रमोद चौहान, पच्चम राम, शैलेन्द्र मौर्या, कुंवर ज्योति प्रकाश, मनोज कुमार, सुजीत कुमार पटेल इत्यादि जनपद के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## घटिया ईंट व मानक के अनुसार कार्य न पाए जाने पर ईओ ने रोका निर्माण कार्य



**भदोही।** नगर पालिका परिषद भदोही के वार्ड नम्बर पाँच में अहमदपुर फुलवरिया रोड से आसिफ के घर से मस्जिद चौक होते हुए पहलु बनवासी के घर तक अंडरग्राउंड नाली व सीसी मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। निरीक्षण के दौरान मानक के अनुरूप कार्य न कराये जाने पर अधिशासी अधिकारी ने कार्य को रोकवा दिया व कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है। अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने अवर अभियंता सिविल, अवर अभियंता जल के साथ गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमे मिक्स ईंट का प्रयोग तथा सीमेंट बालू का मिक्स मसाला 1:6 का तथा चैम्बर का साइज छोटा पाया गया। मानक के अनुसार कार्य न पाये जाने पर अधिशासी अधिकारी ने तत्काल कार्य को रोकवा दिया। साथ ही चेतावनी दी कि जो घटिया अधोमानक कार्य आप द्वारा कराया गया है। उसे तत्काल ठीक कराये अन्यथा की स्थिति में कार्य के भुगतान पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। तथा अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार घटिया निर्माण कार्य कराये जाने के पक्ष में फर्म को काली सूची में डालने हेतु उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया जायेगा।

## संक्षेप

### वंदे भारत की चपेट में आई बालिका की दर्दनाक मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कौलापुर गांव स्थित रेलवे ट्रैक पर वंदे भारत की चपेट में आ जाने से एक बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि वंदे भारत ट्रेन वाराणसी से प्रयागराज की ओर जा रही थी और इस दौरान कौलापुर निवासी दिनेश कुमार की पुत्री नीलू कुमारी 11 वर्ष ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पायलट ने स्टेशन पर घटना की सूचना दे दी। जिसके बाद आरपीएफ के देवानन्द यादव और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि बालिका छः बहन और एक भाई है। बहनों में पाँचवे नम्बर पर थी। परिजनों के मुताबिक वह शौच के लिए गई थी। दुर्घटना के बाद दो तीन मिनट के लिए ट्रेन रुकी थी।

### जनता दर्शन में आए फरियादियों की एसपी ने सुनी समस्याएं

**भदोही।** प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं व शिकायतों को सुना। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया। पुलिस अधीक्षक ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाये ताकि पीड़ित, शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यशाला का डीएम ने किया शुभारंभ

**भदोही।** प्रदेश सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का प्रारम्भ किया गया है, जिसके क्रम में केएनपीजी सभागार ज्ञानपुर में जनपद स्तरीय वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्कशाप का शुभारम्भ जिलाधिकारी विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी द्वारा किया गया। वर्कशाप में प्रातः ग्यारह बजे से अपरान्ह चार बजे तक लगभग चार सौ से अधिक विभिन्न विभागों आईटीआई, खादी ग्रामोद्योग, आरसेटी, एनआरएलएम, जन शिक्षण संस्थान इत्यादि के अन्तर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का ऑनलाइन आफलाइन पंजीयन कराया गया तथा उनको वर्कशाप के माध्यम से जागरूक कराया गया। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत युवा अपनी पसंद के इंडस्ट्री को चुने व प्रोजेक्ट बनाकर जिला उद्योग कार्यालय में जमा करें और बैंक से 5 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त एवं बिना गारंटी के ऋण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि हर गांव को एक क्लस्टर के रूप में डेवलप किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि हर कदम उद्यमिता की ओर, हर युवा आत्म निर्भरता की ओर पर फोकस किया जा रहा है।

### गढ़ही पर कूड़ा न फेंकने का पालिका ने लगवाया चेतावनी बोर्ड




**गोपीगंज।** गोपीगंज नगर पालिका के खरहट्टी मोहाल के पीछे सरकारी भूमि गढ़ही पर मकान का मलवा और कूड़ा न फेंकने का चेतावनी बोर्ड जिलाधिकारी विशाल सिंह के आदेश पर पालिका के प्रभारी अधिशासी अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह व पुलिस प्रशासन सहित लेखपाल की मौजूदगी में लगवाया गया। पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी भी सरकारी अथवा व्यक्तिगत भूमि पर भी खुले में कूड़ा नहीं फेंक सकता, जबकि उक्त गाटा संख्या 741 की भूमि पर लोगों ने मकानों के मलवा और कूड़े के ढेर से पाट कर टीले नुमा बना दिया है। कूड़ा हवा से उड़कर गलियों में फैलता है और गंदगी होती है। इसलिए चेतावनी बोर्ड लगाया गया है कि भविष्य में उक्त स्थान पर मलवा और कूड़ा न फेंका जाए। कुछ स्थानीय लोगों के विरोध करने पर प्रभारी अधिशासी अधिकारी डॉक्टर अनुपम सिंह ने चेताया कि बोर्ड जिलाधिकारी के आदेश पर लगाया जा रहा है अगर किसी ने भी बोर्ड को क्षति पहुंचाई तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई किया जाएगा। इस दौरान मोहल्ले के काफी लोग मौजूद रहे।

## सीएचसी गोपीगंज को आकस्मिक सेवाओं के लिए मिली बिल्डिंग



जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** गोपीगंज स्थित सीएससी में बनी बिल्डिंग का लोकार्पण मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के हाथों पूजन अर्चन कर फीता काट कर किया गया। मौके पर भदोही सीएमओ संतोष चक, एनएचएआई के डॉयरेक्टर राकेश रंजन, सुष्मिता मालविया, सभासद इजहार खान, सभासद मुस्तफा अंसारी सहित डॉक्टर स्टाफ अन्य मौजूद रहे। वही जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी संतोष चक ने बताया कि इसका उपयोग आकस्मिक सेवाओं के लिए कल से चालू करा दिया जाएगा। हमारे पास जो मानव संसाधन है हम उसी का अभी उपयोग करेंगे, वही अल्ट्रासाउंड मशीन के बारे में उन्होंने बताया की प्रिंटिंग मशीन नही होने के कारण अभी नहीं चालू किया गया है, जल्द ही प्रिंटिंग मशीन आ जायेगी और उसके एक्सपर्ट डॉक्टर आशीष गुप्ता है जो सेवाएं देंगे। वही एनएचएआई के डॉयरेक्टर राकेश रंजन ने कहा कि हॉस्पिटल में जिन सुविधाओं की कमी होगी पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

भवन निर्माण हो या मशीनरी की कमी होगी उसको पूरा किया जाएगा। पालिका परिषद अध्यक्ष ने एनएचएआई और सीएमओ को जनहित में अक्समिक सेवाओं के लिए दी गई बिल्डिंग को जनता को सुपुर्द किए जाने पर धन्यवाद दिया।

## प्रयागराज महाकुंभ में भटके वृद्ध गोपीगंज में मिले

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** प्रयागराज महाकुंभ मे बिहार से मकर संक्रांति पर स्नान करने आए 75 वर्षीय वृद्ध गोबर्धन पंडित गांव वालों व परिजनो से बिछड़ गए। किसी तरह गोपीगंज पहुच कर भटकते मिले वृद्ध को पुलिस ने आश्रम में दाखिल करा दिया था। गुरुवार को आश्रम पहुचे परिजन उन्हें साथ लेकर घर चले गए। भिट्ठी जोगडिहा बाका बिहार निवासी गोबरधन पंडित परिजनो व गांव वालों के साथ मकर संक्रांति पर महाकुंभ मे स्नान करने के लिए आए थे। जहां वह परिवार वालों से बिछड़ गए। परिजन व गांव वाले उन्हें खोजते रहे और वह किसी तरह गोपीगंज पहुच गए। इधर उधर भटक रहे परेशान वृद्ध व्यक्ति पर पुलिस की नजर पड़ी तो उन्हें वृद्ध जन आश्रम मे दाखिल कर संबंधित थाने को सूचना दे दी। पुलिस की सूचना पर उनका पुत्र सुनील कुमार गुरुवार को गोपीगंज स्थित आश्रम पहुचा जहां पिता को सकुशल देखा तो उसकी आँखे खुशी से छलक पड़ी। सुनील अपने पिता को लेकर वापस घर लौट गया।

# ठंड से बचाव के लिए चेयरमैन और ईओ ने सफाई कर्मियों को दिया किट



जनसंदेश न्यूज

नेक कार्य

### कर्मचारियों को उपहार देकर चेयरमैन ने बढ़ाया उत्साह

**भदोही।** बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर पंचायत नई बाजार के सफाई कर्मियों और कर्मचारियों को बड़ा तोहफा मिला है। नगर पंचायत नई बाजार अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी ने उन्हें उपहार भेंट कर ठंड से बचाव करने का सहारा दिया और उन्हें प्रोत्साहित किया। जिसका कर्मचारियों और सफाई कर्मियों ने जहां शुक्रिया अदा किया वही उपस्थित लोगों ने ऐसे कार्य की सराहना की। कर्मचारियों को उपहार के रूप में चेयरमैन निर्मला लालता सोनकर व ईओ सुजीत कुमार ने सेफ्टी किट, लोवर जैकेट, दस्ताना व जूता मोजा, मास्क आदि देकर उनका प्रोत्साहन किया।

ईओ सुजीत कुमार ने बताया कि कुल 40 सफाईकर्मियों को उपहार भेंट किया गया है। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा जिला महामंत्री लालता सोनकर ने कहा कि सफाईकर्मियों और कमचारियों को ठंड से बचाव के लिए सभी जरूरी सामानों को देकर उनका ख्याल रखा जा रहा है। इस मौके पर सभासद रिंकू सोनकर, सुनीता देवी, मनीषा देवी, पीटर सोनकर विशाल, प्रभावती देवी, सुरेश मिश्रा नन्हे, स्नेहलता जायसवाल, दुर्गा देवी, राजकुमार गुप्ता बावन, शमशीर अहमद, हसनैन अंसारी, अमित सिंह लिपिक, रोहित यादव लिपिक, फिरोज आलम, मो. इसराइल आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पूर्व विधायक रामपारस रजक 'नाटे' का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**सुइथाकला।** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और पट्टीनरेंद्रपुर निवासी वरिष्ठ नेता रामपारस रजक 'नाटे' का गुरुवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। राम पारस रजक ने 1991 में शाहगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव जीता था और विधायक के रूप में क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी सरल और मिलनसार छवि ने उन्हें जनता के बीच अत्यंत लोकप्रिय बनाया। क्षेत्रीय नागरिक उन्हें स्नेहपूर्वक 'नाटे' नाम से बुलाते थे। उनके निधन की खबर सुनते ही समर्थकों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन से शाहगंज क्षेत्र ने न केवल एक नेता, बल्कि एक मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत खो दिया है। उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा क्षेत्रवासियों की स्मृतियों में जीवित रहेंगे।

### कोतवाली प्रभारी ने प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का किया निरीक्षण

**केराकत।** नगर में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार राय ने आज विभिन्न प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार राय ने दुकानदारों और व्यापारियों से कैमरों को सही तरीके से काम में लाने और उनकी नियमित जांच करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि कैमरे सही स्थान पर और उच्च गुणवत्ता के होने चाहिए ताकि किसी भी घटना के दौरान फुटेज उपयोगी साबित हो सके। इससे सुरक्षा का माहौल मजबूत होगा और असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाई जा सकेगी साथ ही व्यापारियों से यह भी अनुरोध किया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

### एकमुश्त समाधान योजना का द्वितीय चरण अब 22 जनवरी तक

**केराकत।** विद्युत विभाग ने अपनी एकमुश्त समाधान योजना के द्वितीय चरण की अवधि में वृद्धि करते हुए उसे 15 जनवरी से 22 जनवरी तक कर दिया है। उक्त जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता केराकत ग्रामीण दिव्य रंजन ने बताया कि यह अवधि वृद्धि मौसम की वजह से की गई है। शीत लहर के चलते आम जन जीवन अव्यवस्थित हो गया है जिसका प्रभाव योजना पर भी पड़ रहा है। लोग घरों से निकल नहीं पा रहे हैं। विशेष जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गुरुवार को कुल दस कैंपों में 160 बकायेदारों ने अपना पंजीकरण कराया और करीब नौ लाख रुपए जमा किए। इस अवसर पर 30 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन भी काटे गए। एसडीओ केराकत संजीव कुमार भास्कर अन्य उपखंडों के एसडीओ और अवर अभियंता नगर चित्रसेन के अतिरिक्त अन्य उपखंडों के अवर अभियंता सक्रिय रहे।

### चोरी के माल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के आदेश के अनुपालन में व थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत अभियान के तहत मु. अ.सं. 14/2025 धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. से संबंधित वांछित अभियुक्त संदीप यादव पुत्र समरजीत यादव निवासी-सराययुसुफ थाना मछलीशहर को मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक मो. अहमद खान ने हेड कान्सटेबल राजेन्द्र प्रताप यादव के साथ गुरुवार की सुबह रोडवेज बस स्टैण्ड मछलीशहर से चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

### मानवता की मिसाल बन पुलिस अधिकारी बांटते हैं कंबल

**सुइथाकला।** पुलिस का नाम आते ही जहां आम लोगों की धारणाएं उनके प्रति अजीबो-गरीब हो जाती है। लोगों के जेहन में कड़क और रौबदार छबि वाला चित्र उभर कर सामने आ जाता है। लेकिन इसी समाज से एक ऐसा भी चेहरा उभर कर सामने आया है जो ठिठुरन भरी ठंड में मानवता की मिसाल बन जरूरतमंदों को चोरी छुपे कंबल बांटते हुए उनकी नजर में पुलिस की अनोखी तस्वीरें बनाने को आतुर हैं। जी हां! उक्त मिसाल शाहगंज सर्किल के एक पुलिस अधिकारी द्वारा इन दिनों समाज के जरूरतमंदों के बीच चोरी छुपे पेश किया जा रहा है। मामले की जानकारी तब हुई जब क्षेत्र में रात्रिकालीन भ्रमण के दौरान शान्ति व्यवस्था को परखने के लिए निकले उक्त अधिकारी अपनी गाड़ी में रखे कंबल को एक जरूरतमंद को दिया। बताया जा रहा है कि उक्त अधिकारी की पैनी नजर रात में अराजकतत्वों के साथ ही असहाय जरूरतमंदों की भी तलाश में रहती है और लोगों की नजरों से बच बचाकर चोरी छुपे मानवता की मिसाल भी बन जाते है। बहरहाल उनके द्वारा इस कार्य से न केवल इन दिनों जरूरतमंदों को मदद मिल रही है, बल्कि मानवीय मूल्यों की स्थापना में कोई कोर कसर भी बाकी नहीं रखा जा रहा है। सूत्रों की मानें तो उक्त अधिकारी अपने हर तैनाती स्थल पर इस तरह के लिए कार्यों को अंजाम देते रहे हैं। फिलहाल इन दिनों असहाय जरूरतमंदों की नजर में वह किसी देवदूत से कम नजर नहीं आ रहे हैं।

# डाक विभाग की ओर से पोस्टकार्ड लेखन का आयोजन कर परखी गई बच्चों की प्रतिभा

जनसंदेश न्यूज




**भदोही।** वेलेंट वाराणसियन डाक बाइकर्स महाप्रचार अभियान के दूसरे दिन भदोही में बैंकर्स के साथ कर्नल विनोद पीएमजी वाराणसी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई और डाक विभाग की सेवाओं के बारे में बताया गया। भदोही के बैंकर्स अधिकारियों ने बताया कि भदोही कालीन उत्पादक की जरूरत छोटे पैकेट्स भेजना है, कर्नल विनोद ने डोर स्टेप कलेक्शन, टाइम नॉर्म्स तथा विभिन्न देशों में डाक विभाग द्वारा दी जा रही उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष सेवाओं पर चर्चा की।

महाप्रचार अभियान के तहत ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल, भदोही में कक्षा तीसरी से बारहवीं के स्कूली बच्चों के बीच पोस्टकार्ड लेखन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जिसमें से 10 चयनित बच्चों को कर्नल विनोद द्वारा पुरस्कृत किया गया और वाराणसी पश्चिम मंडल के उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों को भी पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

इस दौरान प्रधानाध्यापिका रेणु बाला सिंह प्रबंधक अब्दुल कादिर अंसारी, अधीक्षक डाकघर, वाराणसी पश्चिम मंडल परमानंद कुमार, अधीक्षक डाकघर, बलिया हेमंत कुमार, सहायक अधीक्षक पल्लवी मिश्रा, संजय सिंह, डाक निरीक्षक रमेश यादव, दिलीप पांडेय, पोस्टमास्टर भदोही प्रियांशु डाक बाइकर्स के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**भदोही।** औराई थाना क्षेत्र के एक गाँव मे 12 जनवरी को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में औराई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस प्रकरण में वादिनी मुकदमा ने थाना औराई पर सूचना दिया कि उनके साथ रह रही उनकी नाबालिग बहन के साथ आरोपी द्वारा दुष्कर्म किया गया एवं मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। सूचना पर तत्समय ही आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तारी के प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। एसपी अभिमन्यु मांगलिक के महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही व आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक औराई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने तथा मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी अब्दुल्ला उर्फ अरमान पुत्र अजमत खां उर्फ मोहर्रम निवासी बाबूसराय थाना औराई उम्र करीब 19 वर्ष को बाबूसराय इंटरमीडिएट कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

### डीएम ने जरूरतमंदों और असहायों में किया कंबल वितरित



**गोपीगंज।** आयोजक समाज विकास मंच अध्यक्ष अभिषेक पांडेय के नेतृत्व में शेरपुर पिंडरा शिवनाथपट्टी में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा जरूरतमंदों सहित असहायों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनकर हर्ष की अनुभूति हो रही है, उन्होंने अपील किया कि जिस प्रकार बढ़ते ठंड के प्रकोप के दृष्टिगत शासन के द्वारा कंबल वितरण किया जा रहा है, उसी प्रकार जनपद के प्रबुद्धजन, सक्षम और संपन्न लोग भी कंबल वितरण जैसे पुनीत कार्य में हिस्सा ले और इसे आगे बढ़ाएं जिससे कि गरीब असहाय लोगों को भी संबल और सुविधाओं का लाभ मिल सके। शेरपुर पिंडरा शिवनाथपट्टी आयोजक समाज विकास मंच अध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने बताया कि उनके प्रयासों से गुजरात की अमूल कंपनी एवं मुंबई के भाभा द्वारा एक यूनिट जनपद भदोही में लगाने का विचार चल रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा तथा बड़े शहरों की ओर पलायन कम होगा। कार्यक्रम में इंद्र कुमार शुक्ल, ब्रह्म शंकर दुबे, कमलेश दुबे, राकेश मिश्रा, अरुण दुबे, प्रमोद दुबे सहित शिवनाथ पट्टी प्रधान अनिल गुप्ता, मदनपुर प्रधान चंदमूल सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनएसएस की छात्राओं ने ली जानकारी



**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से संचालित एवं औराई थाने पर चल रहे छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वितीय चरण के अंतर्गत गुरुवार को थानाध्यक्ष औराई अंजनी कुमार राय कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह एवं डॉ. योगेंद्र लाल वर्मा के निर्देशन में शासन द्वारा दिए गए पाठ्यक्रमानुसार थाने का भ्रमण किया। छात्राओं ने जन सुनवाई स्थल, साइबर सेल महिला हेल्प डेस्क आदि का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर लर्नर स्वयंसेवी छात्राओं खुशी सिंह, भावना, मोनी यादव सन्ना, बीनू, अनीता यादव शिवानी चौबे एवं प्रतीक्षा मिश्रा ने औराई थाने पर पहुंचकर वहां उपस्थित महिला आरक्षी गुंजना, आरक्षी रंजीत, कैलाश प्रजापति साइबर सेल के शुभम कुशवाहा और हेड कांस्टेबल संतोष कुमार मिश्र से विधिवत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उपनिरीक्षक रणजीत सिंह, ऋषिदेव शुक्ल के साथ हेड कांस्टेबल संतोष कुमार मिश्र, साइबर सेल के शुभम कुशवाहा आरक्षी रंजीत आरक्षी कैलाश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## 16 फरवरी तक पुलिया का मरम्मत कार्य नहीं शुरू हुआ तो 17 से प्रदर्शन व अनशन



**केराकत।** लखनऊ मांझीघाट राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-731 पर स्थित ग्राम नरहन औरी टाईबीर बाबा मंदिर के पास दो वर्षों से क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत न होने से आम नागरिक परेशान हैं। पुलिया की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जनहित की अनदेखी और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही से जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। केराकत के क्षेत्रीय ₹केराकत संघर्ष समिति₹ ने उपजिलाधिकारी का सम्बोधित कर तहसीलदार महेंद्र प्रताप सिंह को विज्ञप्ति के माध्यम से आरोप लगाया है कि पुलिया की मरम्मत कार्य को जानबूझकर टाला जा रहा है, जिससे पास के टोल प्लाजा संचालकों को फायदा हो सके। हाल ही में 25 नवंबर 2024 को रात 9:30 बजे लोहे के गाटरों के कारण दो गाड़ियों की टक्कर से गंभीर दुर्घटना हुई। जिसमे एयरबैग खुलने से यात्रियों की जान बच गई, लेकिन गाड़ियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। समिति ने इस लापरवाही के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, वाराणसी के परियोजना निदेशक और लोक निर्माण विभाग जौनपुर के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि आनन फानन मे गाटर को हटा दिया गया और दुर्घटग्रस्त पुलिया का चेतावनी बोर्ड पुलिया के बगल मे ही लगा दिया जो कि हास्यास्पद है। समिति के सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि भारी वाहनों को रोकने और टोल शुल्क वसूलने में बढ़ोतरी के लिए भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसके अलावा, क्षेत्र में दो टोल प्लाजा कोटिला और ढेरही 60 किमी की सीमा के अंदर संचालित हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी थी कि यदि पुलिया का मरम्मत कार्य शुरू हो नहीं हुआ तो 17 फरवरी 2025 को क्रमिक अनशन, धरना प्रदर्शन व आमरण अनशन और किया जाएगा। समिति ने कहा कि यदि इस दौरान कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार, एनएचएआई और स्थानीय प्रशासन की होगी।

## महिला व सिपाही का वीडियो हुआ वायरल




**केराकत।** एक महिला और एक सिपाही के आमने सामने से एक दूसरे का वीडियो बनाने का एक वीडियो वायरल है। मामला चन्दवक थाना क्षेत्र के खुज्झी गांव का है। वीडियो 2 मिनट 15 सेकेण्ड का है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते।

खुज्झी गांव के रामप्रसाद मौर्या और साईनाथ जो कि यूपी पुलिस विभाग में सिपाही है के बीच जमीन का विवाद है। जिसको लेकर न्यायालय में मुकदमा भी चल रहा है और रामप्रसाद की शिकायत पर कोर्ट ने स्टे का आदेश भी दिया है। इसके बावजूद राम प्रसाद मौर्या की शिकायत है कि विपक्षी निर्माण कार्य करा रहे थे। रामप्रसाद के अनुसार उसने चन्दवक थाना पुलिस से इसकी शिकायत की।

पुलिस मौके पर पहुंची तो जरूर लेकिन वह विपक्षियों का ही सहयोग करने लगी। रामप्रसाद के घर की एक महिला ने इसका विरोध किया तो मौके पर मौजूद एक सिपाही महिला का वीडियो बनाने लगा। महिला भी सिपाही का वीडियो बनाने लगी। दोनों के एक दूसरे का वीडियो बनाते देख तीसरे ने वीडियो बना लिया जो वायरल है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# सैफ के छोटे बेटे की तरफ बढ़ रहा था हमलावर, तभी...






**मुंबई।** मुंबई में अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुसकर गुरुवार तड़के एक हमलावर ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सैफ की हालत खतरे से बाहर है। मुंबई की बांद्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में एक्टर सैफ अली खान के घर काम करने वाली केयरटेकर ने अपने बयान में हमले की पूरी कहानी बयां की है। उन्होंने अपने बयान में बताया कि वह पिछले 4 साल से सैफ के घर पर नैनी के रूप में काम करती हैं।

पुलिस को दिए अपने बयान में केयरटेकर ने कहा, मैं अभिनेता सैफ अली खान के छोटे बेटे (जेह) की देखभाल का काम करती हूं। सैफ अली खान का परिवार बिल्डिंग की 12वीं मंजिल पर रहता है। हर मंजिल पर 3 कमरे हैं। यहां सैफ और करीना और बाकी लोग रहते है। 15 जनवरी की रात लगभग 11 बजे छोटे बेटे को खाना खिलाकर सुला दिया, जिसके बाद वो सोने के लिए चले गए। रात में 2 बजे कुछ आवाज आई और जिसके चलते मैं जग गई। तो मैं नींद से उठकर बैठ गई। उन्होंने आगे बताया, उस समय बाथरूम का दरवाजा खुला हुआ था और बाथरूम की लाइट जल रहीं थी। फिर मुझे लगा कि करीना मैडम अपने बच्चे से मिलने आई होंगी और मैं सो गई, लेकिन दोबारा मुझे एहसास हुआ कि कुछ गड़बड़ है। मैंने झुककर यह देखने की कोशिश की कि बाथरूम में कौन है। तो एक इंसान बाथरूम से बाहर आया और उनके छोटे बेटे के बिस्तर के पास जाने लगा। यह देख कर मैं जल्दी से उठ कर बच्चे के पास गई तो उन्होंने उंगली दिखाते हुए हिंदी में कहा- 'कोई आवाज नहीं', उसी समय कुछ लोग जग गए, यह देख आरोपी ने उन्हें भी धमकाते हुए कहा कि कोई आवाज नहीं।।।

### एक करोड़ की फिरौती?

अपने बयान में केयरटेकर ने आगे कहा, उस समय, जब मैं जहांगीर (सैफ-करीना का छोटा बेटा) को उठाने गई तो आरोपी अपने बाएं हाथ में लकड़ी जैसा कुछ और दाहिने हाथ में एक लंबा पतला हेक्सा ब्लेड लेकर मेरी ओर दौड़ा। हाथापाई के दौरान उसने मुझ पर ब्लेड से हमला करने की कोशिश की। जब मैंने हाथ आगे बढ़ाकर उससे बचने की कोशिश की तो मेरे दोनों हाथों की कलाई के पास और बाएं हाथ की बीच वाली उंगली पर चाकू लग गया। उस वक्त मैंने उससे पूछा 'तुम्हें क्या चाहिए?'। तो उसने कहा 'पैसों की जरूरत है'। मैंने पूछा कितने। फिर उसने अंग्रेजी में कहा 'एक करोड़।'

बयान के मुताबिक, उसी समय मौका पाकर वह चिल्लाते हुए कमरे से बाहर भाग आईं। सैफ और करीना मैडम आवाज सुनते ही एक साथ दौड़ते हुए पास आए। जब सैफ ने पूछा कि इस्मा, वह कौन है, वह क्या चाहता है? तो उसने अपने हाथ में एक लकड़ी की वस्तु और एक हेक्सा ब्लेड से सैफ पर हमला कर दिया। उसी समय जब मैं अंदर आई तो शख्स ने उन पर भी हमला कर दिया। हम सभी कमरे से बाहर भागे और कमरे का दरवाजा खींचा। आवाज सुनकर सो रहे रमेश, हरि, रामू व पासवान सभी बाहर आये। हम दोबारा कमरे में गए तो कमरे का दरवाजा खुला था।'

केयरटेकर ने आगे बताया, 'उक्त घटना में सैफ को गर्दन के पीछे, दाहिने कंधे के पास, पीठ के बाईं ओर और बाएं हाथ की कलाई और कोहनी के पास चोट लगी थी। उनके हाथ से खून निकल रहा था। दाहिनी कलाई, पीठ और चेहरे पर भी चोटें थी। एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष है। उसका रंग सांवला, पतला शरीर,गहरे रंग की पैंट और गहरे रंग की शर्ट पहने हुए तथा सिर पर कैप लगाए हुए था।'

## कैसे हुई सैफ अली खान पर हमला करने वाले की पहचान?

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमले में लगातार अपडेट्स आ रहे हैं। बुधवार देर रात सैफ अली खान पर हुए हमले का कारण पुलिस चोरी बता रही है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान हो गई है और उसकी खोज जारी है। पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी की पहचान डेटा डंप के आधार पर की है। जिस वक्त सैफ अली खान पर हमला हुआ, पुलिस ने उस वक्त का डेटा डंप निकाला, जिससे उन्हें पता चला की उस एरिया में हमले की वक्त कौन-कौन से मोबाइल नेटवर्क एक्टिव थे। इस डेटा के आधार पर ही पुलिस ने आरोपी की पहचान की है।

**क्या होता है डेटा डंप?**

Dump Data किसी मोबाइल या फिर सेल टावर से इकट्ठा की गई जानकारी होती है। इस तरह के डेटा को टेक्निकल डायग्नॉसिस,फॉरेंसिक जांच या किसी प्रक्रिया की डिबगिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यहां सेल टावर का मतलब किसी एरिया में मौजूद किसी एक टावर से होता है। आसान भाषा में कहें तो किसी एरिया में निश्चित संख्या में टावर होते हैं, जिनसे उस एरिया में मौजूद सभी मोबाइल फोन्स को नेटवर्क मिल रहा होता है। किसी निश्चित वक्त पर निश्चित एरिया में किसी नेटवर्क से कितने फोन जुड़े हुए हैं, जिसकी जानकारी डेटा डंप से मिल जाती है। इस मामले में भी पुलिस ने ऐसा ही किया है।

**अशोक पंडित का पुराना वीडियो हुआ वायरल, सैफ से है कनेक्शन?**

अब इस डेटा के आधार पर पुलिस पता कर सकती है कि कौन-सा मोबाइल यूजर कहां पर मौजूद था। ध्यान रहे कि ये लोकेशन मोबाइल फोन की होगी, ना कि उसे इस्तेमाल करने वाले की। एक्टर सैफ अली खान के मामले में भी पुलिस ने ऐसा ही किया है। सेल टावर सभी कनेक्टेड मोबाइल फोन्स का डेटा रखते हैं। इसकी जांच के लिए सेल टावर डंप एनालिसिस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल सभी मोबाइल जिनमे ऐक्टिव सिम कार्ड है वो मोबाइल नेटवर्क से कनेक्टेड होते हैं। जैसे ही फोन किसी मोबाइल नेटवर्क से कनेक्ट होता है उसका लॉग तैयार हो जाता है। इस लॉग में मोबाइल की तमाम डिटेल्स जैसे IMEI नंबर, MAC Address, IP address और लोकेशन सहित बेसिक मेटाडेटा शामिल होता है।

## कैटजी जीनियस-20 परीक्षा 19 जनवरी को

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी की प्रतिष्ठित आईआईटी/नीट कोचिंग संस्थान कैटजी ने अपनी वार्षिक जीनियस-20 परीक्षा की घोषणा कर दी है। जो मेधावी छात्रों के टैलेंट को खोज निकालने और उन्हें सौ प्रतिशत निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। यह परीक्षा इस वर्ष रविवार 19 जनवरी 2025 को कैटजी के महमूरगंज केन्द्र में आयोजित होगी। कक्षा 9 और 10 में जाने वाले छात्रों के लिए परीक्षा का समय सुबह 10.30 से दोपहर 12 बदे तक है। जबकि कक्षा 11 व 12 में जाते बच्चों के लिए यही परीक्षा शाम 4 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित होगी। कैटजी के उपनिदेशक अनुराग मोहंती ने बताया कि जीनियस -20 योजना के तहत चयनित छात्रों को न केवल जेईई/नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जायेगी। बल्कि स्कूल की पढ़ाई, हास्टल सुविधा व भोजन भी पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। इस येजना के तहत कक्षा 8,9,10 और 11 के छात्रों के लिए विभिन्न श्रेणियों में चयन परीक्षा का आयोजन अलग-अलग किया जायेगा। कक्षा 11 में जाने वाले छात्रों को आईआईटी कोचिंग के साथ-साथ हास्टल व भोजन की सुविधा भी दी जायेगी। वहीं कक्षा 9 व 10में जाने वाले छात्रों को निःशुल्क सिक्षा व कोचिंग प्रदान दी जायेगी। परीक्षा के हर कक्षा के 10-10 अभ्यर्थियों को आकर्षक कैश रिवार्ड भी दिये जायेंगे। परीक्षा के लिए आवेदन फार्म की फीस 100 है। यह फार्म कैटजी के महमूरगंज वाराणसी केन्द्र पर उपलब्ध है।

# मशहूर हस्तियों को क्यों निशाना बनाया जा रहा?'

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी सहित महाराष्ट्र के विपक्षी नेताओं ने बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर मुंबई में उनके बांद्रा स्थित घर में हुए हमले पर चिंता व्यक्त की और इस घटना को चिंताजनक करार दिया। प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर पोस्ट किया, ्यह कितनी शर्म की बात है कि मुंबई में एक और हाई प्रोफाइल व्यक्ति की हत्या की कोशिश की गई, सैफ अली खान पर हुए हमले ने एक बार फिर मुंबई पुलिस और गृह मंत्री पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह घटना उन अन्य घटनाओं के बाद हुई है, जो बड़े नामों को निशाना बनाकर मुंबई को कमजोर करने की जानबूझकर की गई कोशिश को दशार्ती हैं। बाबा सिद्दीकी की चौंकाने वाली हत्या के बाद उनका परिवार अभी भी न्याय का इंतजार कर रहा है। सलमान खान को बुलेटप्रूफ घर में रहने के लिए मजबूर किया गया। प्रियंका चतुर्वेदी ने सवाल किया यह एक ऐसा इलाका जहां सबसे ज्यादा मशहूर हस्तियां रहती हैं, जहां पर्याप्त सुरक्षा होनी चाहिए। अगर मशहूर हस्तियां सुरक्षित नहीं हैं तो मुंबई में कौन सुरक्षित है?

**अहम प्रश्न**

**सैफ अली खान पर हमले के बाद विपक्ष का सवाल**

### 'कानून का डर कम हो रहा है'

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा कि बॉलीवुड अभिनेता पर हमला चिंता का विषय है। क्रैस्ट्रो ने एक्स पर कहा, ्सैफ अली खान पर हमला चिंता का विषय है, क्योंकि अगर सुरक्षा के लिहाज से इतने बड़े स्तर के लोगों पर उनके घरों में हमला किया जा सकता है, तो आम नागरिकों के साथ क्या हो सकता है? पिछले कुछ सालों में नरमी बरते जाने के कारण महाराष्ट्र में कानून का डर कम होता जा रहा है।

### 'किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा'

भाजपा विधायक राम कदम ने कहा कि पुलिस घटना की जांच करेगी और किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा। कदम ने एक वीडियो में कहा कि एक व्यक्ति लूट के इरादे से अभिनेता के घर में घुसा था और उस व्यक्ति के साथ हाथापाई में अभिनेता को चोटें आईं। पुलिस घटना की जांच करेगी और किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा। पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि ऐसी घटना दोबारा न हो।

### सुप्रिया सुले ने करिश्मा कपूर से बात की

एनसीपी (शरद पवार) नेता सुप्रिया सुले ने अभिनेता पर हुए हमले पर चिंता व्यक्त की। सुले ने कहा कि अभिनेता अस्पताल में भर्ती हैं और सुरक्षित हैं। सुले ने पुणे के बारामती में मीडियाकर्मियों की मौजूदगी में सैफ अली खान की भाभी करिश्मा कपूर से फोन पर बात की, लेकिन बातचीत का विवरण साझा करने से इनकार कर दिया। करिश्मा कपूर ने सुले को बताया कि सैफ अली खान अस्पताल में थे, जबकि करीना घर लौट आई थीं।

### आनंद दुबे ने घटना की निंदा की

शिवसेना (यूबीटी) नेता आनंद दुबे ने इस घटना की कड़ी निंदा की और सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग और बाबा सिद्दीकी की हत्या सहित हाल ही में हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों पर हुए हमलों की सीरीज को उजागर किया। एक सेल्फ मेड वीडियो में दुबे ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मामले का संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा, जब इस देश में मशहूर हस्तियां और वीआईपी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम लोगों का क्या होगा। पहले सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग हुई, फिर बाबा सिद्दीकी की हत्या हुई और अब सैफ अली खान को चाकू मार दिया गया। मुंबई में कोई कानून-व्यवस्था है या नहीं?



# कम नहीं हो रही है बाबा धाम में श्रद्धालुओं की भीड़

**आ रहे भक्त**

**बाबा विश्वनाथ धाम में चल रहा है दर्शन-पूजन**

**भारी भीड़ व रास्ता जाम होने से हर कोई है परेशान**

**कालभैरव बाबा की गलियां भरी हुईं चल रहीं**

**कैंट रेलवे स्टेशन पर कुंभ यात्रियों की भीड़ उमड़ी**



**वाराणसी।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के मद्देनजर बनारस में बाबा विश्वनाथ दरबार में भीड़ कम नहीं हो रही है। यात्रियों को देख कर ऐसा लग रहा है जैसे महाकुंभ काशी में ही चल रहा हो। बाबा दरबार के अलावा कैंट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा है। यात्रियों का सैलाब कहीं से भी कम नहीं हो रहा है। इसमें टोटो व टेम्पो वाली की चांदी चल रही है। टोटो चालक यात्रियों से मनमानी किराया वसूली कर रहे हैं। बेचारे बाहर से आये यात्री मनमानी तरीके से वसूले जा रहे किराये को दे भी रहे हैं। महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए, 28 फरवरी 2025 तक स्पर्श दर्शन बंद कर दिया गया है। महाकुम्भ-2025 के दौरान श्री काशी विश्वनाथ धाम में केवल मंगला आरती के लिए ही टिकट प्रदान किये जा रहे हैं। मंगला आरती के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के आरती के लिए टिकट नहीं उपलब्ध होंगे। मंगला आरती के अतिरिक्त अन्य समस्त आरतियाँ, जैसे- मध्यान्ह भोग आरती, सप्तर्षि आरती, और श्रृंगार आरती के दौरान श्रद्धालुओं को गर्भगृह के चारों द्वारों से दर्शन की व्यवस्था की जा रही है।

## गोमाता की प्रतिष्ठा के लिए 324 कुंडीय यज्ञ प्रारम्भ

**आस्था**

**हजारों लोगों की मौजूदगी में शुरू हुआ यज्ञ**

**एक माह में सवा दो करोड़ आहुतियां दी जाएंगी**

**वाराणसी।** उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती के सानिध्य में माघ कृष्ण द्वितीया को दक्षिण पट्टी, मोरी मार्ग, लोवर संगम मार्ग (शास्त्री पुल और नया रेलवे ब्रीज के बीच) सेक्टर 19 प्रयागराज कुंभक्षेत्र में 324 कुंडीय गौ प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू हुआ। सबसे पहले परमाराध्य ने गौ दर्शन व गौ पूजन किया। हजारों लोगों की मौजूदगी में गौमाता के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। सैकड़ों छोटे बच्चों ने घोती-कुर्ते में परमाराध्य का स्वागत किया। यज्ञ स्थल की पूरी व्यवस्था दिल्ली निवासी अनिल भारद्वाज दीक्षित का परिवार देख रहा है।

मुख्य यजमान के रूप में उनके सुपुत्र दिव्य रतन दीक्षित व पुत्रवधु गार्गी दीक्षित भारद्वाज हैं। कुंभ क्षेत्र में सबसे बड़ी यज्ञशाला में 324 कुंडीय यज्ञ 1100 विद्वान पंडितों के द्वारा संपन्न होगा। इसमें एक माह में सवा दो करोड़ से ज्यादा आहुतियां दीं जाएंगी। शंकराचार्य ने कहा कि हमारे देश के 543 सांसद यहां आएं और इस यज्ञशाला की परिक्रमा करें और कुंभक्षेत्र में जो सनातन के अनुयायियों का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें घोषणा करें कि हम गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने के लिए प्रयास करेंगे। मीडिया प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि यह यज्ञ गौमाता की प्रतिष्ठा के लिए किया जा रहा है ताकि सभी देवता आशीर्वाद प्रदान करें। यज्ञशाला के बाहर कोई भी आकर प्रदक्षिणा कर सकता है,कहा जाता है कि प्रदक्षिणा करने वाले को भी पुण्य मिलता है।

## डंपर ने बाइक सवार को मारा धक्का, मौत

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करसड़ा स्थित निजी स्कूल के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित नगर निगम की कचरा लदी डंपर ने एक बाइक सवार देबूरा सोनभद्र निवासी परदेशी नामक युवक तथा दूसरा बाइक सवार धानापुर चंदौली निवासी अवनीश कुमार नामक व्यक्ति को टक्कर मार दिया। जिससे देबूरा सोनभद्र निवासी परदेशी नामक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार धानापुर चंदौली निवासी अवनीश कुमार घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तथा घायल युवक को अस्पताल भिजवाया जहां उसका उपचार चल रहा है। वही ट्रक चालक करसड़ा स्थित कचरा प्लांट पर डंपर खड़ी कर मौके से भाग निकला। रोहनिया पुलिस ने बताया कि मृतक के परिवार को सूचना दे दी गई है मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बीएसएनएल टावरों का दोगुना होगा पावर बैकअप

### नेटवर्क को सही करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे

**वाराणसी।** भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) की ओर से नेटवर्क को सही करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मंडल के वाराणसी, भदोही व चंदौली को मिला कर 280 फोर-जी टावर लगाये जा चुके हैं। इब पावर बैकअप को दोगुनी क्षमता का करने की तैयारी है। इस पर 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। 4-जी का संचालन सुचारू रूप से होने के बाद 3-जी सेवाएं बंद कर दी जायेगी। इससे भी पावरकी काफी बचत होगी। शहरी क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की नेटवर्क समस्या को दूर करने के लिए बीएसएनएल हर संभव प्रयास कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आम तौर पर बिजली कटौती की समस्या अधिक हो जाती है। जिससे नेटवर्क प्रभावित हो जाता है। अब ऐसा नहीं होगा। निगम की ओर से पावर बैकअप बढ़ाया जा रहा है। शहरी में सात-आठ व ग्रामीण में आठ से दस घंटे का बैकअप दिया जाना शुरू कर दिया गया है। बीएसएनएल के महाप्रबंधक अनिल गुप्ता बताते हैं कि नेटवर्क टावर 48 वोल्ट डीसी पर चलता है।इससे कम वोल्ट होने पर नेटवर्क प्रभावित होता है। नई बैटरीतीन से चार साल तक अधिकतम 8 से 10 घंटे ता पावर बैकअप देती है।

## महाकुंभ में रोज भेजी जा रही गेंदे की 20 हजार माला

**वाराणसी।** काशी के फूलों की खुशबू महाकुंभ तक छाई हुई है। काशी से रोजाना गेंदे की 20 हजार माला प्रयागराज भेजी जा रही है। बीते पांच दिनों में एक लाख से अधिक माला भेजी जा चुकी है। इंग्लिशिया लाइन मंडी के अलावा किसानों से व्यापारी फूल मंगवा रहे हैं। महाकुंभ में पूजन-अर्चन और सजावट के लिए प्रयागराज के अलावा आसपास जिलों से फूल मंगाए जा रहे हैं। नागा साधु-संतों व महामंडलेश्वरों के शिविरों में भी फूलों खपत हो रही है। प्रयागराज के कारोबारी यहां की मंडी के अलावा किसानों से भी फूल खरीदकर ले जा रहे हैं। खासकर आराजीलाइन, सेवापुरी ब्लाक के किसानों से संपर्क कर वहीं से फूल ले जा रहे हैं। बैरवन के लालबहादुर, मिल्कीचक के अजय, मोहन ने बताया कि प्रयाग के व्यापारी यहां से फूल ले जा रहे हैं। वे ऑर्डर देकर माला बनवा रहे हैं। मंडी के कारोबारी संतोष पाल और उदय ने बताया कि रोज ही पांच से 10 हजार माला भेजी जा रही है। वहां गेंदे के अलावा गुलाब और रजनीगंधा की माला भेजी जा रही है।

## एनई रेलवे मेन्स कांग्रेस का रेलकर्मियों की संगोष्ठी

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के प्रेक्षागृह, वाराणसी में पूर्वोत्तर रेलवे में नव निर्वाचित और मान्यता प्राप्त यूनियन एन. ई. रेलवे मेंस कांग्रेस के तत्वाधान में संरक्षित रेल परिचालन को लेकर संरक्षा विचारगोष्ठी, कार्यकर्ता सम्मान समारोह, पेंशन जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता एन. ई. रेलवे मेन्स कॉग्रेस के केन्द्रीय अध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने की। कहा कि रेलवे में मैन पावर की कमी के कारण रेल कर्मियों को ओवर टाइम और बारह-बारह घंटे की अमानवीय ड्यूटी करने को बाध्य किया जा रहा है। इससे रेलकर्मी मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित हो रहे है। आए दिन कर्मचारी रन ओवर और अन्य दुर्घटनाओ के शिकार हो जा रहे है। सुविधाओं को धरातल पर लागू किया जाय और पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल किया जाए।




पेंशन जन संवाद में बोलते हुए रेलवे मेंस कांग्रेस के कार्यकर्ता